RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 263
नई दिल्ली
बृहस्पतिवार, 09 अक्टूबर, 2025
मूल्य ₹ 3.00
पृष्ठ : 12
@uttambharatofficial @uttambharat

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 दिल्ली-एनसीआर में छाए रहेंगे बादल, 9 से...
06 जीएसटी में अभूतपूर्व सुधार...
12 बिहार विधानसभा चुनाव : जीतनराम मांझी ने कविता...

# मोदी ने नवी मुंबई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का किया उद्घाटन

## हवाई अड्डे से अक्तूबर के अंत तक टिकटों की बिक्री शुरू होने की संभावना

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया।

इसके साथ ही मुंबई को अपना दूसरा एयरपोर्ट मिल गिया। हवाई अड्डे के उद्घाटन के मौके पर पीएम मोदी के साथ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार मौजूद रहे। यह डीबी पाटिल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नाम से जाना जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने मुंबई मेट्रो की लाइन-3 (एक्वा लाइन) के अंतिम चरण का भी उद्घाटन किया।

इस हवाई अड्डे से अक्तूबर के अंत तक टिकटों की बिक्री शुरू होने की संभावना है। इंडिगो, अकासा एयर और एयर इंडिया एक्सप्रेस उड़ानें इस हवाई अड्डे से यात्रियों के लिए उपलब्ध होंगी। प्रधानमंत्री 8 व 9 अक्तूबर को महाराष्ट्र में रहेंगे और इस दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे। 19,650 करोड़ रुपये की लागत से तैयार नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) भारत की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा परियोजना है।



सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत विकसित यह हवाईअड्डा मुंबई महानगर क्षेत्र के लिए दूसरे अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रूप में एनएमआईए छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) के साथ मिलकर काम करेगा।

इससे भीड़भाड़ को कम किया जा सकेगा और मुंबई को वैश्विक बहु-हवाई अड्डा प्रणालियों की श्रेणी में शामिल किया जा सके। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को 1160 हेक्टेयर क्षेत्रफल के साथ, दुनिया के सबसे कुशल हवाई अड्डों में से एक के रूप में डिजाइन किया गया है। यह हवाई अड्डा अंततः वार्षिक 90 मिलियन यात्रियों (एमपीपीए) और 3.25 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो को संभाल सकेगा। इसकी अनूठी सुविधाओं में एक स्वचालित पीपल मूवर (एपीएम) शामिल है, जो एक परिवहन प्रणाली है जो सभी चार यात्री टर्मिनलों को सुचारू अंतर-टर्मिनल स्थानांतरण के लिए जोड़ेगी। साथ ही एक लैंडसाइड एपीएम भी है जो शहर के बुनियादी ढांचे को जोड़ेगा। स्थायी प्रथाओं के अनुरूप, इस हवाई अड्डे में स्थायी विमानन ईंधन (एसएएफ) के लिए समर्पित भंडारण, लगभग 47 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन और पूरे शहर में सार्वजनिक संपर्क के लिए ईवी बस सेवाएं उपलब्ध होंगी। एनएमआईए देश का पहला हवाई अड्डा भी होगा जो वाटर टैक्सी से जुड़ा होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मुंबई में विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पीएम मोदी मुंबई मुंबई में ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से भी मिलेंगे। इस दौरान दोनों देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के लिए बैठक करेंगे। इसके मद्देनजर देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पीएम मोदी का दो दिवसीय दौरा काफी अहम माना जा रहा है।

- प्रधानमंत्री 8 व 9 अक्तूबर को महाराष्ट्र में रहेंगे और इस दौरान कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण करेंगे
- यह हवाई अड्डा अंततः वार्षिक 90 मिलियन यात्रियों (एमपीपीए) और 3.25 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो को संभाल सकेगा

## संक्षिप्त सार

### आंध्र प्रदेश की पटाखा फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 6 लोगों की मौत

नई दिल्ली। आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रायवर के एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई है। इस दर्दनाक हादसे में दो लोगों के घायल होने की खबर है। पुलिस को संदेह है कि दुर्घटना पटाखा निर्माण इकाई में लापरवाही के कारण हुई होगी। डॉ. बीआर अंबेडकर कोनासीमा जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल मीणा ने बताया कि पटाखा निर्माण इकाई एक लाइसेंस प्राप्त इकाई थी। उन्होंने पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों के मौत की पुष्टि की है। मीणा ने पीटीआई-भाषा को बताया, ह्वहाँ, छह शव मिले हैं। हम शवों के विवरण की पुष्टि कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह एक लाइसेंस प्राप्त इकाई ही थी। इस घटना में दो लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा है। हताहतों की संख्या बढ़ने की आशंका है। घटना की सूचना मिलते ही फायरब्रिगेड और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई हैं। फायर ब्रिगेड के कर्मचारी कोशिश में लगे हैं कि आग दोबरा ना भड़के और नजदीक के घरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।



### पासवान ने अपना जीवन समाज के वंचित, शोषित वर्गों के लिए समर्पित कर दिया: शाह



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि रामविलास पासवान ने अपना पूरा जीवन समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्गों के लिए समर्पित कर दिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, शाह ने कहा कि पासवान ने छात्र जीवन से ही वंचितों के अधिकारों की वकालत की। रामविलास जी का करुणामय व्यक्तित्व और जनसेवा का संकल्प हम सभी की स्मृतियों में सदैव बना रहेगा। रामविलास पासवान जी की पुण्यतिथि पर, मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। नौ बार लोकसभा सदस्य और दो बार राज्यसभा सदस्य रहे पासवान पहली बार 1977 में आपातकाल विरोधी लहर में हाजीपुर से सांसद बने थे। एक दलित होने के नाते, उन्होंने जल्द ही खुद को बिहार की राजनीति के एक स्तंभ के रूप में स्थापित कर लिया। उन्होंने 2000 में लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना की। पासवान के पुत्र और लोकसभा सदस्य चिराग पासवान अब भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार में केंद्रीय मंत्री हैं और बिहार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जहां अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। रामविलास पासवान का 8 अक्टूबर, 2020 को निधन हो गया था।

### बिहार में सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझा लिया जाएगा: खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं की एक बैठक (सीईसी) आज दोपहर बाद होगी, जिसमें वह डिजिटल माध्यम से शामिल होंगे। बिहार चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में गतिरोध से संबंधित एक सवाल के जवाब में खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इसे सुलझाने जा रहे हैं। आज दोपहर 2.30 बजे एक बैठक है। मैं भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हो रहा हूं। हम इसे सुलझा रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उन्होंने कहा, हम अभी यह नहीं बताएंगे कि हमने कितनी सीटें तय की हैं। उन सीटों पर चर्चा करेंगे जिन पर हमें समझौता करना होगा और जिन पर कोई मतभेद नहीं है। कितनी सीटों पर आज फैसला होगा और कितनी सीटों पर कल।

# 60 करोड़ के धोखाधड़ी केस में बढ़ी शिल्पा शेट्टी की मुश्किलें



नई दिल्ली। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके बिजनेसमैन पति राज कुंद्रा की मुश्किलें और भी ज्यादा बढ़ गई हैं। बॉम्बे हाई कोर्ट ने कपल के विदेश जाने पर रोक लगा दी है। अदालत का आदेश है कि शिल्पा और उनके पति को धोखाधड़ी मामले में 60 करोड़ रुपए देने होंगे। आर्थिक अपराध शाखा (एडह) ने शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया था। यह आदेश अभी भी लागू है, जिसके चलते शिल्पा और राज अदालत या जांच एजेंसी की इजाजत के बिना विदेश नहीं जा सकते हैं।

## कोलंबो जाने की मांगी थी इजाजत

शिल्पा शेट्टी को एक यूट्यूब इवेंट के लिए कोलंबो जाना था, लेकिन बॉम्बे हाईकोर्ट ने उन्हें देश छोड़कर जाने की इजाजत नहीं दी। शिल्पा शेट्टी के वकील ने कोर्ट को बताया कि, एक्ट्रेस को 25-29 अक्टूबर तक एक यूट्यूब इवेंट के लिए कोलंबो जाना पड़ेगा। ऐसे में अदालत ने निमंत्रण पत्र मांगा। इसपर शिल्पा के वकील ने कहा कि अभी सिर्फ फोन पर बात हुई है, निमंत्रण पत्र वहां पहुंचने पर ही दिया जाएगा।

## 14 अक्टूबर को होगी सुनवाई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस मांग को तुरंत खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि पहले कपल धोखाधड़ी के केस में 60 करोड़ रुपये देने होंगे, इसके बाद ही वो विदेश जाने की इजाजत मांग सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी। बता दें कि पिछले हफ्ते भी बॉम्बे हाईकोर्ट ने शिल्पा और राज के थाईलैंड स्थित फुकेत जाने पर रोक लगा दी थी। अदालत का कहना था कि कपल के खिलाफ कई गंभीर आरोप लगे हैं, जिनका मामला अभी लंबित है।

# बिहार चुनाव में जीत की रणनीति पर भाजपा का महामंथन, मौर्य ने संभाली कमान

नई दिल्ली। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सह-प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में भाजपा चुनाव समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं सह-प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाएगी। बिहार हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के संस्थापक जीतन राम मांझी और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान के सीट बंटवारे से नाखुश होने के आरोपों का खंडन करते हुए, मौर्य ने कहा कि सभी खुश हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने आगे कहा कि एक बार (सीट बंटवारे पर) सब कुछ तय हो जाने के बाद, आपको सूचित कर दिया जाएगा। बैठक के बाद इसकी जानकारी दी जाएगी। कोई नाराज नहीं है, सभी खुश हैं और सभी खुश रहेंगे। इससे पहले, बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेता जल्द ही बातचीत के जरिए सीटों के बंटवारे को अंतिम रूप देंगे। इस बीच, कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने बुधवार को आगामी बिहार चुनावों को लेकर आशा व्यक्त की और घोषणा की कि महागठबंधन में सीटों के बंटवारे का विवरण जल्द ही सामने आएगा। कुमार ने एएनआई से कहा, एनडीए गठबंधन के नेता बातचीत के जरिए हर समस्या का समाधान निकाल लेंगे। हर पार्टी का हर व्यक्ति अपने विचार रखता है।चुनाव आयोग ने बिहार विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 243 विधानसभा सीटों के लिए 6 नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा, और मतगणना 14 नवंबर को होगी। अंतिम सूची में कुल मतदाताओं की संख्या 7.42 करोड़ है, जबकि इस साल 24 जून तक कुल मतदाताओं की संख्या 7.89 करोड़ थी। चुनाव आयोग की एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि मसौदा सूची से 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, और 1 अगस्त, 2025 तक मसौदा सूची में मतदाताओं की संख्या 7.24 करोड़ हो गई है।




- केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और यूपी के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पटना में बीजेपी चुनाव समिति की बैठक की अध्यक्षता की

# 93वां वायुसेना दिवस : ऑपरेशन सिंदूर बना समारोह का केंद्रबिंदु

नई दिल्ली। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर बुधवार को 93वां भारतीय वायुसेना दिवस मनाया गया। इस मौके पर देश की रक्षा करने वाले वायु सेना के वीर जवानों को सम्मानित किया गया। इस बार के समारोह में खासतौर पर ऑपरेशन सिंदूर को याद किया गया, जो भारतीय वायुसेना के गौरवशाली इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ है।

भारतीय वायुसेना (आईएएफ), जो भारतीय सशस्त्र बलों की हवाई शाखा है, आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर 1932 को ब्रिटिश भारत की सहायक वायु सेना के रूप में स्थापित हुई थी। इसका प्राथमिक मिशन भारतीय वायु क्षेत्र की सुरक्षा करना और सशस्त्र संघर्षों के दौरान हवाई युद्ध करना है। तब से यह बल दुनिया की सबसे दुर्जेय वायु शक्तियों में से एक के रूप में विकसित हुआ है। इस विशेष अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी और चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी हिंडन एयरबेस पहुंचे और कार्यक्रम में शिरकत की। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने समारोह के दौरान आयोजित परेड का निरीक्षण किया, जिसमें देश के आकाश के रक्षकों को ऑपरेशन सिंदूर में उनकी बहादुरी के लिए सम्मानित किया गया। इस परेड में वायु सैनिकों ने भव्य मार्च पास्ट किया, वहीं लड़ाकू विमान रनवे पर प्रदर्शित किए गए, जिससे दर्शकों ने भारत की हवाई ताकत और उसकी सटीकता को करीब से देखा। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, इस दिन का जश्न मनाते हुए हम भारतीय वायुसेना की बहादुरी, समर्पण और अडिग भावना को नमन करते हैं, जिन्होंने हमारे देश के आसमान को सुरक्षित रखा है। उन्होंने आगे कहा, दुनिया एक बड़े भू-राजनीतिक बदलाव के दौर से गुजर रही है और हाल के संघर्षों ने यह साफ कर दिया है कि हवाई ताकत राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में निर्णायक भूमिका निभाती है।



- भारतीय सशस्त्र बलों की हवाई शाखा है, आधिकारिक तौर पर 8 अक्टूबर 1932 को ब्रिटिश भारत की सहायक वायु सेना के रूप में स्थापित हुई थी

# तमिलनाडु में कोल्ड्रिफ कफ सिरप की फैक्टरी सील

चेन्नई/छिंदवाड़ा। मध्य प्रदेश व राजस्थान कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने दवा निमार्ता श्रीसन फार्मास्युटिकल की कांचीपुरम स्थित फैक्टरी को सील कर दिया है। प्रदेश सरकार का विशेष जांच दल ने भी बुधवार को कंपनी के कार्यालय और फैक्टरी की जांच कर अहम दस्तावेज एकत्र किए। वहीं, दवा कंपनी के मालिक की गिरफ्तारी के लिए मध्य प्रदेश की एक टीम तमिलनाडु पहुंच चुकी है। राज्य के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने इसकी पुष्टि की। कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में 20 व राजस्थान में छह बच्चों की मौत हो चुकी है। मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बुधवार को मृतकों के परिजनों से मुलाकात के दौरान बताया कि राज्य सरकार मामले में सख्त कार्रवाई कर रही है। कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज करने के बाद पुलिस की एक टीम कंपनी मालिक की गिरफ्तारी के लिए तमिलनाडु पहुंच चुकी है, जल्द ही उनको हिरासत में लेकर पूछताछ की जाएगी। कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में 17, बैतूल में दो और पांढुरना में एक बच्चे की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि पांच घायलों का नागपुर में उपचार की बात कही। मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल का गठन किया है। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में छिंदवाड़ा के चिकित्सक डॉ. प्रवीण सोनी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, साथ ही खाद्य एवं औषधि विभाग के तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है। अरुणाचल प्रदेश में भी कोल्ड्रिफ पर प्रतिबंध : अरुणाचल प्रदेश सरकार ने बुधवार को कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। राज्य के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने श्रीसन फार्मास्युटिकल द्वारा निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री, वितरण और भंडारण पर रोक के निर्देश दिए हैं।

# सीएम धामी को मिली दोहरी: दिल्ली दौरा हुआ बेहद सार्थक साबित

नई दिल्ली/देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का दिल्ली दौरा उत्तराखंड के लिए बेहद उपलब्धिपूर्ण और सार्थक साबित हुआ।

एक ओर जहां मुख्यमंत्री को केंद्र सरकार से राज्य की कई महत्वाकांक्षी विकास परियोजनाओं पर सैद्धांतिक सहमति प्राप्त हुई, वहीं दूसरी ओर देश के प्रमुख औद्योगिक समूह लार्सन एंड टुब्रो ने राज्य में हाल ही में आई प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए 5 करोड़ की धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष में प्रदान की। मुख्यमंत्री धामी से एलएंडटी के निदेशक एस.वी. देसाई के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की और कंपनी की ओर से यह सहयोग राशि भेंट की। मुख्यमंत्री ने समूह के इस सामाजिक उत्तरदायित्व (उरफ) से प्रेरित कदम की सराहना करते हुए कहा कि कठिन समय में उद्योग जगत का यह सहयोग न केवल आर्थिक दृष्टि से सहायक है, बल्कि यह मानवीय संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। सीएम धामी ने कहा कि उत्तराखंड की भौगोलिक परिस्थितियाँ प्राकृतिक आपदाओं के प्रति संवेदनशील हैं। राज्य को समय-समय पर भूस्खलन, अतिवृष्टि, भूकंप और बादल फटने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में कॉर्पोरेट जगत का सहयोग आपदा राहत एवं पुनर्वास कार्यों को गति देने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल राहत प्रदान करना नहीं, बल्कि प्रभावित क्षेत्रों को पहले से अधिक मजबूत और सुरक्षित बनाना है। सीएम धामी ने कहा कि कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (उरफ) के तहत एलएंडटी जैसी अग्रणी कंपनियों की भागीदारी राज्य के सतत और समग्र विकास में नई ऊर्जा भर सकती है। उन्होंने कंपनियों से आग्रह किया कि वे उत्तराखंड में सड़क, पुल, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और तकनीकी प्रशिक्षण जैसे क्षेत्रों में भी सहयोग को आगे बढ़ाएं।



- केंद्र से मिली परियोजनाओं की सैद्धांतिक सहमति : एल एंड टी समूह ने दी राहत कोष में दिए पांच करोड़

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुंबई में आज इंटरएक्टिव सेशन में निवेशकों से करेंगे संवाद

भोपाल। मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी निवेश गंतव्य बनाने के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सतत प्रयास अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सफल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन ने निवेश-अनुकूल वातावरण को सुदृढ़ करते हुए पारदर्शिता, नीतिगत स्थिरता और उद्योगों के लिए तीव्र गति से अनुमतियाँ प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन्हीं प्रयासों की श्रृंखला में मुख्यमंत्री डॉ. यादव 9 अक्टूबर को मुंबई में इंटरएक्टिव सेशन में देश-विदेश के उद्योगपतियों से संवाद करेंगे।
इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट ऑपर्च्युनिटीज इन पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग एंड वाइट गुड्स इन मध्यप्रदेश 9 अक्टूबर को होटल ट्राइडेंट, नरीमन पॉइंट मुंबई में आयोजित किया जा रहा है। इस सत्र का उद्देश्य निवेशकों को मध्यप्रदेश में उभर रहे औद्योगिक अवसरों से अवगत कराना है, विशेष रूप से मोहासा-बाबई (नर्मदापुरम) में विकसित किए जा रहे पॉवर एवं रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन (ढँरी-2) में निवेश को प्रोत्साहन देना है। इस औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आवंटन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 12 अक्टूबर निर्धारित की गई है। सेशन में देश के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ सिंगापुर, मैक्सिको, कनाडा और इटली सहित विभिन्न देशों के कॉन्सुल जनरल और व्यापारिक प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। हिंदल्को इंडस्ट्रीज, वेलस्पन ग्रुप, एलएंडटी, सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, गॉदरेज इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड, बजाज ग्रुप, आईपीसीए लैब और रेमंड ग्रुप जैसी अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश की औद्योगिक नीतियों, निवेश-संभावनाओं और प्रमुख परियोजनाओं जैसे पॉवर एंड रिन्यूएबल एनर्जी इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन, पीएम मित्र पार्क, फुटवियर पार्क और उद्योग आधारित क्लस्टर्स पर विस्तार से चर्चा करेंगे।



- रिन्यूएबल एनर्जी उपकरण निर्माण सहित विभिन्न सेक्टर्स में निवेश पर होगी चर्चा
- मोहासा बाबई इंडस्ट्रियल जोन में निवेश पर होगा संवाद मैक्सिको, सिंगापुर, कनाडा और इटली के कॉन्सुल जनरल भी करेंगे शिरकत

विकास

## लखनऊ और हरदोई ढट मित्र पार्क में पर्यावरण संतुलन पर जोर

# 1000 करोड़ से अधिक निवेश और एक लाख रोजगार का लक्ष्य: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार एक नए औद्योगिक युग की दिशा में कदम बढ़ा रही है। राज्य में प्रस्तावित पीएम मित्र (पीएम मित्र) पार्क न केवल उद्योगों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी एक आदर्श उदाहरण बनेगा। सरकार की नीति विकास के साथ पर्यावरण को साकार करने की दिशा में यह पार्क एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

योगी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी औद्योगिक विकास परियोजना में हरियाली और पारिस्थितिक संतुलन से कोई समझौता नहीं होगा। यही कारण है कि लखनऊ और हरदोई जिलों में प्रस्तावित पीएम मित्र पार्क का लेआउट प्लान पर्यावरणीय दृष्टि से पूरी तरह संतुलित रखा गया है।



## 11 फीसदी भूमि होगी ग्रीनरी को समर्पित

ड्राफ्ट लेआउट प्लान के अनुसार, 55 फीसदी भूमि पर इंडस्ट्रियल यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। वहीं, 3 फीसदी भूमि को रेसीडेंशियल उपयोग, 4 फीसदी इंस्टीट्यूशनल, 2 फीसदी ट्रांसपोर्ट हब, और 4 फीसदी यूटिलिटीज व एमेनिटीज के लिए आरक्षित किया गया है। सबसे खास बात यह है कि पूरे पार्क की 11 फीसदी भूमि ग्रीनरी और फ्रूट प्लांटेशन के लिए सुरक्षित रखी गई है, जिसमें ग्रीन एरिया, ग्रीन बेल्ट और बफर जोन विकसित किए जाएंगे। यह कदम न केवल प्रदूषण कम करेगा बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी संरक्षित रखेगा। इसके अलावा, 13 फीसदी क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जबकि 0.1 फीसदी हिस्से में मौजूदा सड़कों को सुदृढ़ किया जाएगा। जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 2 फीसदी भूमि नाला और वाटर रिजर्वायर के लिए और 0.5 फीसदी भूमि रीक्रिएशनल उपयोग के लिए निर्धारित की गई है।

- योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक नए औद्योगिक युग की ओर बढ़ रही है। लखनऊ और हरदोई में प्रस्तावित पीएम मित्र पार्क उद्योगों के लिए वरदान होगा और पर्यावरण संरक्षण का आदर्श उदाहरण बनेगा

## प्रोजेक्ट पर खर्च होंगे 1680 करोड़ रुपए

सरकार के प्रस्ताव के अनुसार, इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1,680 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। यह पार्क कुल 100 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा, जिसमें एक लाख से अधिक रोजगार सृजन और 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। पार्क में पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री, ऊर्जा-संवेदनशील डिजाइन, वर्षा जल संचयन, सोलर पावर और ई-वेस्ट मैनेजमेंट जैसे प्रावधान भी शामिल किए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश न सिर्फ भारत का ग्रोथ इंजन बनेगा, बल्कि ग्रीन स्टेट मॉडल के रूप में भी विकसित होगा।

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 9:41 PM Page 1



# नगर निगम सहारनपुर का 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार का पुनरीक्षित बजट पास

*** पार्षद मंसूर बदर ने गिरती आय-32 गांवों के विकास-गृहकर पारदर्शिता और कर्मचारियों की कमी पर जोरदार बहस की**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** नगर निगम सहारनपुर का पुनरीक्षित बजट 835 करोड़ 93 लाख 99 हजार रुपए का पास हो गया। बैठक में पार्षद और कार्यकारणी सदस्य मंसूर बदर ने नियमों और वित्तीय पारदर्शिता पर जोरदार बहस की। पार्षद मंसूर बदर ने सदन में कहा कि मीटिंग का एजेंडा 72 घंटे पहले सभी सदस्यों तक पहुँचना चाहिए। उन्होंने वर्ष 2022 से 2025 तक गृहकर जलकर की ऑनलाइन और ऑफलाइन छूट का ब्यौरा मांगा और सवाल किया कि महापौर द्वारा एक अक्टूबर से 31 दिसंबर तक ऑनलाइन दस प्रतिशत और ऑफलाइन पांच प्रतिशत छूट स्वीकृत होने के बावजूद क्यों लागू नहीं हो रही है। नगर आयुक्त ने पार्षद के सवाल पर गृहकर जलकर संशोधन नियमावली को तुरंत लागू करने के आदेश दिए। पार्षद मंसूर बदर ने निगम की गिरती आय, जैसे कि शो टैक्स, नकल फीस, नर्सिंग/हॉस्पिटल/पार्किंग ठेके, स्कूल और बस लाइसेंस की गिरती आय पर भी जोरदार बहस की। उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों के मकान और वाहन प्रयोग में कटौती की जरूरत को भी उठाया- बैठक में पार्षद मंसूर बदर ने 32 गांवों के विकास के लिए बजट में 10 करोड़ की अलग व्यवस्था की मांग की। मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह और नगर आयुक्त शिपू गिरि ने 6 करोड़ 32 गांवों और 4 करोड़ अंत्येष्टि स्थल के लिए अलग से बजट तय किया। पार्षद ने वार्ड 31, 05, 08, 11, 63 आदि वार्डों की समस्याओं पर भी चर्चा की। वार्ड 43 में सफाई कर्मचारियों की कमी, श्वश्वस्रुकी बंद लाइट्स और हाई मास्क लाइट, कुत्तों का आतंक, हैंडपंप रिपेयर, नालों की सफाई और पुल कंबोज पर कवर नालों की समस्या भी उठाई- उपसभापति मयंक गर्ग, राजेंद्र कोहली, अभिषेक सिंह, दिग्विजय सिंह, अनुज जैन, आरती और संजय सैनी ने भी महत्वपूर्ण मुद्दों पर जोरदार बहस की। नगर आयुक्त ने सदन को भरोसा दिलाया कि सभी सुझाए गए प्रस्तावों पर काम किया जाएगा- मेयर डॉ. अजय कुमार सिंह ने सभी पार्षदों की बातों को ध्यान से सुनते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य समय पर संपन्न हों- उन्होंने कहा कि आने वाला समय पर्वों का है और शहर सुन्दर बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनेगा 'पीएम मित्र पार्क', उद्योगों के साथ-साथ हरियाली पर भी यूपी सरकार का फोकस

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार एक नए औद्योगिक युग की दिशा में कदम बढ़ा रही है। राज्य में प्रस्तावित पीएम मित्र (पीएम मित्र) पार्क न केवल उद्योगों के लिए वरदान साबित होगा, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी एक आदर्श उदाहरण बनेगा। सरकार की नीति 'विकास के साथ पर्यावरण' को साकार करने की दिशा में यह पार्क एक मील का पत्थर साबित होने जा रहा है।

योगी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी औद्योगिक विकास परियोजना में हरियाली और पारिस्थितिक संतुलन से कोई समझौता नहीं होगा। यही कारण है कि लखनऊ और हरदोई जिलों में प्रस्तावित पीएम मित्र पार्क का लेआउट प्लान पर्यावरणीय दृष्टि से पूरी तरह संतुलित रखा गया है।

ड्राफ्ट लेआउट प्लान के अनुसार, 55 फीसदी भूमि पर इंडस्ट्रियल यूनिट्स स्थापित की जाएंगी। वहीं, 3 फीसदी भूमि को रेसीडेंशियल उपयोग, 4 फीसदी इंस्टीट्यूशनल, 2 फीसदी ट्रांसपोर्ट हब, और 4 फीसदी यूटिलिटीज व एमेनिटीज के लिए आरक्षित किया गया है। सबसे खास बात यह है कि पूरे पार्क की 11 फीसदी भूमि ग्रीनरी और फ्रूट प्लांटेशन के लिए सुरक्षित रखी गई है, जिसमें ग्रीन एरिया, ग्रीन बेल्ट और बफर जोन विकसित किए जाएंगे। यह कदम न केवल प्रदूषण कम करेगा बल्कि स्थानीय जैव विविधता को भी संरक्षित रखेगा।

इसके अलावा, 13 फीसदी क्षेत्र में नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जबकि 0.1 फीसदी हिस्से में मौजूदा सड़कों को सुदृढ़ किया जाएगा। जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए 2 फीसदी भूमि नाला और वाटर रिजर्वायर के लिए और 0.5 फीसदी भूमि रीक्रिएशनल उपयोग के लिए निर्धारित की गई है।

सरकार के प्रस्ताव के अनुसार, इस पूरे प्रोजेक्ट पर 1,680 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। यह पार्क कुल 100 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा, जिसमें एक लाख से अधिक रोजगार सृजन और 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश की संभावना है। पार्क में पर्यावरण के अनुकूल निर्माण सामग्री, ऊर्जा-संवेदनशील डिजाइन, वर्षा जल संचयन, सोलर पावर और ई-वेस्ट मैनेजमेंट जैसे प्रावधान भी शामिल किए जाएंगे। इस पहल के माध्यम से उत्तर प्रदेश न सिर्फ 'भारत का ग्रोथ इंजन' बनेगा, बल्कि 'ग्रीन स्टेट मॉडल' के रूप में भी विकसित होगा।

# अयोध्या में गूंजी दक्षिण की भक्ति स्वर लहरियां

**-वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया दक्षिण के तीन संतों की मूर्तियों का अनावरण**

**-उत्तर-दक्षिण संस्कृति का संगम बना बृहस्पति कुंड, भक्ति और संगीत की बिखरी अनोखी छटा**

**-निर्मला सीतारमण बोलीं अयोध्या भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक**

**-योगी आदित्यनाथ ने कहा अयोध्या बन रही सांस्कृतिक पुनर्जागरण की केंद्रस्थली**

**अयोध्या।** उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

भक्ति और संगीत की मधुर लहरों में डूबा बृहस्पति कुंड

टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड का वातावरण उस समय भक्तिरस और संगीत की पवित्र भावना से सरोबार हो उठा जब केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री ने दक्षिण भारतीय परंपरा के अनुसार पूजा-अर्चना कर अनावरण समारोह की शुरुआत की। इस दौरान सीतारमण के माता-पिता भी मौजूद रहे, जिससे यह पल और भी भावनात्मक हो गया।

अयोध्या की परंपरा में हुआ भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय वित्त मंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर पारंपरिक अयोध्या शैली में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बृहस्पति कुंड केवल एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि सांस्कृतिक समरसता का प्रतीक है, जहां उत्तर भारत की श्रद्धा और दक्षिण भारत की भक्ति का संगम होता है।

तीनों संतों के योगदान को किया नमन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अयोध्या केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक है। उन्होंने तीनों संतों के योगदान को नमन करते हुए कहा कि त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि ने भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति परंपरा को विश्व पटल पर स्थापित किया। उनके काव्य और रचनाओं ने समाज को प्रेम, भक्ति और एकता के सूत्र में पिरोया।

कर्नाटक और अयोध्या के सांस्कृतिक रिश्ते को मिला नया आयाम

सीतारमण ने बृहस्पति कुंड की भव्यता और शांति देखकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अयोध्या और कर्नाटक के सांस्कृतिक संबंध सदियों पुराने हैं। आज इन संतों की मूर्तियों के अनावरण के माध्यम से भारत की उत्तर-दक्षिण परंपरा एक सूत्र में बंधी है।

उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत संगम बुधवार को अयोध्या की पावन भूमि पर देखने को मिला। दो दिवसीय दौरे पर पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर दक्षिण भारत के तीन महान संगीत संतों त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का बृहस्पति कुंड में भव्य अनावरण किया।

सीएम योगी ने बोल अयोध्या बन रही सांस्कृतिक पुनर्जागरण की धुरी

इस अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम की नगरी अयोध्या अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की केंद्रस्थली बन रही है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण का यह दौरा भारत की सांस्कृतिक एकता और समरसता का सशक्त प्रतीक है।

बृहस्पति कुंड की शांति में खोए सीएम योगी, मंत्रियों संग पत्थर की बेंच पर लिया सौंदर्य का आनंद

बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित सुंदर पत्थर की बेंचों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह कुछ देर के लिए विराम लेते हुए बैठे। शांत सरोवर, मधुर वातावरण और सुव्यवस्थित परिसर को निहारते हुए तीनों जनप्रतिनिधियों ने उस पल में अयोध्या की सौंदर्य व सांस्कृतिक गरिमा का आनंद अनुभव किया। मुख्यमंत्री ने बेंचों की कलात्मक बनावट और परिसर के सौंदर्यीकरण की सराहना करते हुए कहा कि बृहस्पति कुंड अब श्रद्धा और सौंदर्य का आदर्श संगम बन चुका है।

# अयोध्या पहुंचीं केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण, यूपी सरकार के मंत्रियों ने किया स्वागत

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या बुधवार को एक बार फिर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक क्षण की साक्षी बनी, जब केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपनी दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचीं। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्रीय मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर धुनों और पुष्पवर्षा के बीच उनका स्वागत हुआ, जिससे अयोध्या की धार्मिक और सांस्कृतिक आत्मा स्पंदित हो उठी। एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निर्मला सीतारमण का काफिला सिविल लाइन्स स्थित होटल रेडिशन पहुंचा। वहां थोड़े विश्राम के बाद वह अपने निर्धारित कार्यक्रमों में शामिल होने रवाना हुईं। उनका यह दौरा टेढ़ी बाजार स्थित बृहस्पति कुंड में आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक आयोजन के लिए है।

इस कार्यक्रम में वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संयुक्त रूप से दक्षिण भारत के तीन महान संगीतज्ञों-संत त्यागराज स्वामीगल, पुरंदर दास और अरुणाचल कवि की मूर्तियों का अनावरण करेंगी। बृहस्पति कुंड परिसर में स्थापित की गई ये मूर्तियां भारतीय संगीत, भक्ति और कला परंपरा का जीवंत प्रतीक हैं।

इन संत संगीतज्ञों ने भक्ति संगीत को भारतीय संस्कृति का आत्मस्वर बनाया। अब इनकी मूर्तियों का अयोध्या की पावन भूमि पर स्थापित होना उत्तर और दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक एकता का अनोखा उदाहरण माना जा रहा है। वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री बृहस्पति कुंड में प्रमुख दक्षिण भारतीय संतों की मूर्ति का अनावरण करेंगे।

# उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का किया आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** शासन द्वारा निर्गत आदेशों-निर्देशों के क्रम में आज पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा परिक्षेत्र कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान ने आमजनमानस की शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना तथा समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर महोदय द्वारा स्पष्ट किया गया कि जनता की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से किया जाए और शिकायतकर्ता को उसकी प्रगति से अवगत कराया जाए।

# ओवरब्रिज निर्माण बना जी का जंजाल

*** अंधे घंटे तक फंसी रहीं एंबुलेंस तो हिल गई व्यवस्था**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर मनिहारान।** दिल्ली-यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर ओवरब्रिज निर्माण कार्य और रेलवे फाटक के बार-बार बंद रहने से रामपुर मनिहारान में जाम की स्थिति आम हो गई है। शाम के समय तो हालात ऐसे बन जाते हैं कि वाहनों की लंबी लंबी कतारें दोनों ओर लग जाती हैं। बुधवार को यही अव्यवस्था एक बड़ी समस्या बन गई जब एक एंबुलेंस करीब आधे घंटे तक जाम में फंसी रही। एंबुलेंस में मरीज की हालत बिगड़ती रही, ऐसी स्थिति में जाम के कारण मरीज को समय से अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता तो कोई भी अनहोनी हो सकती थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान ट्रैफिक प्रबंधन पूरी तरह फेल है। यदि किसी गंभीर मरीज की जान इस लापरवाही में चली जाए तो इसकी जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा

# एसएसपी ने 15 निरीक्षक और 52 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मथुरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के लिए पुलिस विभाग में व्यापक फेरबदल किया है। इसमें 15 इंस्पेक्टर और 52 उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन किया गया है। पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बरसाना के थाना प्रभारी विनोद बाबू मिश्रा अब इंस्पेक्टर कोतवाली मथुरा होंगे। यहां तैनात इंस्पेक्टर देवपाल सिंह पुंडीर को जागृति सैल मिशन शक्ति का प्रभारी बनाया गया है। बरसाना के नए इंस्पेक्टर चेतराम शर्मा होंगे जो अब तक अतिरिक्त निरीक्षक अपराध मांट थे। इसी कड़ी में उपनिरीक्षक अजय कुमार चौकी प्रभारी बीएसए थाना कोतवाली को थानाध्यक्ष सुरीर का कार्यभार सौंपा गया है। यहां तैनात अभय कुमार शर्मा वृन्दावन के वरिष्ठ उपनिरीक्षक बनाए गए हैं। इनके स्थान पर कार्यरत उपनिरीक्षक अशोक कुमार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक मांट भेजा गया है। अपराध शाखा में कार्यरत उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार अब शहर कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत बीएसए कालेज चौकी प्रभारी होंगे। निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा प्रभारी वीआईपी सैल, मनोज कुमार अतिरिक्त निरीक्षक अपराध शाखा गोवर्धन, निरीक्षक उमेश चंद अतिरिक्त निरीक्षक अपराध बलदेव, प्रमोद कुमार सिंह अतिरिक्त निरीक्षक जैंत, रामजनम सिंह गौतम साइबर क्राइम, विवेक कुमार अतिरिक्त निरीक्षक कानून व्यवस्था जैंत, विजयपाल सिंह प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, गजेन्द्र सिंह और रफ्तमजीद साइबर क्राइम, इंस्पेक्टर जयवीर सिंह अतिरिक्त निरीक्षक कानून व्यवस्था वृन्दावन, नरेश कुमार अतिरिक्त निरीक्षक अपराध यमुनापार, पंकज रानी प्रभारी अपराध प्रकोष्ठ, उपनिरीक्षक अरविन्द शिवाल चौकी प्रभारी धौलीप्याऊ, आमोद कुमार चौकी प्रभारी बंगाली घाट, अखिलेश कुमार थाना हाइवे, अमित कुमार चौकी प्रभारी वृन्दावन गेट, सुभांशु यादव चौकी प्रभारी रमणरेती, गौरव शर्मा गोवर्धन, नितिन राठी चौकी प्रभारी तारसी, महिला उपनिरीक्षक हेमलता पाल थाना सदर बाजार, राहुल कुमार चौकी प्रभारी अरतौनी, संदीप राणा चौकी प्रभारी मानागढ़ नौहझील, मनोज कुमार जैंत, सोहन वीर सिंह मगोर्रा, विवेक तोमर चौकी प्रभारी गांठौली, दीपक कुमार चौकी प्रभारी सहार और वीरेश कुमार को चौकी प्रभारी पब्बीपुर स्थानान्तरित किया।

# खाद्य विभाग की टीम ने छापेमार कार्रवाई कर बिजारखाता व मिलक नौखरीद से लिये नमूने



**उत्तम भारत संवाददाता**

**मसवासी।** त्योहारो के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने मिलक नौखरीद व बिजारखाता से तेल के नमूने लिये सुनील कुमार शर्मा सहायक खाद्य अयुक्त ने टीम के साथ मिलक नौखरीद मे छापा मार कार्रवाई कर वसीम आयल मील से सरसो के तेल का एक नमूना लिया गया वही खुला तेल बेचने पर लगभग 150 किलो ग्राम तेल को गुणवत्ता के संदेह के आधार सीज किया गया वही बिजारखाता मे एम टी ट्रेडर्स से एक लीटर खाद्य तेल की दस बोतले एक्सपायर्ड डेड मई 2025 विक्री हेतु रखे तेल को सीज कर के सम्बन्धित खाद्य कारोबार कर्ता तालिब पुत्र नबी हुसैन बिजारखाता के विरुद्ध सुसंगत धाराओ मे वाद दायर करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई वही नमूने जांच के लिए लैप भेजे गए है उक्त सचल दल मे मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी विरेन्द्र सिंह कुशवाह खाद्य सुरक्षा अधिकारी राम चन्द्र यादव, मनोज कुमार, शहाबुद्दीन मौजूद रहे।

# अनूठी पहल: छात्रा लवली को मिला एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व

*** छात्रा लवली ने किया दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने का आदेश**

*** मेधावी छात्राओं ने एक दिन के लिए संभाले जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण पद**

*** जिलाधिकारी बनी लवली ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत छात्रा लवली को मिला एक दिन के लिए जिलाधिकारी का दायित्व। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने किया लवली का स्वागत तथा दिया जिलाधिकारी मथुरा का पदभार। राजकीय हाई स्कूल लोहवन की कक्षा 10 की छात्रा लवली ने किया दिव्यांगजन प्रमाण पत्र बनाने का आदेश। महिलाओं के अधिकारों पर दिखाई जागरूकता की मिसाल। छात्रा लवली ने जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के साथ की जनसुनवाई। एक दिन की जिलाधिकारी बनी लवली ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनपद में आयोजित हो रहे विभिन्न मिशन शक्ति अभियान 5.0 के कार्यक्रम। मेधावी छात्राओं ने एक दिन के लिए संभाले जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण पद। चौकी प्रभारी, थाना प्रभारी, क्षेत्राधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, खंड विकास अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिलाधिकारी आदि महत्वपूर्ण पदों पर एक दिन के लिए छात्राओं को बनाया गया अधिकारी। उक्त पहल से छात्राओं में बढ़ रही जागरूकता। लवली ने एक दिन के लिए कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की भूमिका निभाई और जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के साथ बैठकर जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते हुए अपनी समझदारी और संवेदनशीलता से सबका दिल जीत लिया। कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी की कुर्सी पर बैठी लवली ने जनसुनवाई के दौरान कठमालिया थोक छाता तहसील निवासी मुकेश कुमार सिंह के प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिव्यांग प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करने के निर्देश दिए, जिससे दिव्यांगजन सरकार द्वारा प्रदत्त विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सके। उनके इस निर्णय से उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनकी प्रशंसा की। एक दिन की जिलाधिकारी लवली ने इस अवसर पर मीडिया के समक्ष महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों को लेकर भी सभी को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि हर लड़की को अपने अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। वर्तमान दौर में गुड टच और बैड टच की पहचान तो सभी को होती है। उन्होंने छात्राओं को सलाह दी कि किसी भी परेशानी या अनुचित व्यवहार को माता-पिता, विशेषकर अपनी मां से साझा करने में हिचकिचाना नहीं होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरनेट का उपयोग शिक्षा संबंधी कार्यों के लिए किया जाना चाहिए, जिससे यह उनके भविष्य को संवारने का माध्यम बने, न कि परेशानी का कारण।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने लवली की प्रशासनिक समझ, आत्मविश्वास और संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं में नेतृत्व और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। मिशन शक्ति के तहत जिले में बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए ÷एक दिन की डीएम÷ जैसी पहल से छात्राओं में आत्मविश्वास और प्रशासनसमझ का विकास होगा। उन्होंने लवली को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के शिक्षकों और सहपाठियों ने भी लवली की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया और कहा कि उसने पूरे विद्यालय का नाम रोशन किया है।

# फिल्म अभिनेता शक्ति कपूर ने किया बांकेबिहारी के दर्शन

**उत्तम भारत संवाददाता**





**मथुरा।** फिल्म अभिनेता शक्ति कपूर परिवार के साथ बुधवार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। उन्हें यहां पर देख लोगों की भीड़ जुट गई। उनके साथ सेल्फी लेने के लिए होड़ मच गई। सुरक्षाकर्मियों ने भीड़ से उन्हें आगे निकाला। फिल्म अभिनेता ने ठाकुर जी के दर्शन किए। इस दौरान सेवायतों ने उन्हें प्रसादी और पटुका दिया। प्रसिद्ध श्रीबांके बिहारी मंदिर में बुधवार बॉलीवुड अभिनेता शक्ति कपूर ने दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर पहुंचने पर सेवायतों ने उनका पारम्परिक तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें माला, पटुका, दुपट्टा और प्रसादी भेंट की गई। शक्ति कपूर ने श्रद्धा और भक्ति भाव से मंदिर की देहली पूजन भी की। उन्होंने कहा कि वृंदावन की यह दिव्य भूमि सदैव उन्हें आध्यात्मिक शांति प्रदान करती है। अभिनेता ने भगवान बांके बिहारी से देश में सुख-समृद्धि और सभी के मंगल की कामना की। मंदिर परिसर में उनके आगमन की सूचना मिलते ही श्रद्धालु भी उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े। शक्ति कपूर ने भक्तों से संवाद करते हुए कहा कि वह हर बार वृंदावन आकर स्वयं को धन्य महसूस करते हैं और आगे भी यहां आते रहेंगे।

# पराली जलाने की घटनाओं पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने दिखाई सख्ती

*** जिला पंचयात राज अधिकारी को निर्देश दिए कि ट्रैक्टर के माध्यम से सभी किसानों की पराली को उनके मूल स्थान से उठाते हुई गौशालाओं में पहुचायें**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह कि अध्यक्षता में पराली जलाने के सम्बन्ध में बैठक हुई संपन्न। प्रदेश में पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं जनपद मथुरा में हुई है। पराली जलाने की घटनाओं पर जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सख्ती दिखाई है। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर पराली जलाने की घटनाओं में अंकुश लगाने के दिए निर्देश। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पराली को विभिन्न स्थानों से क्रय करके सी0बी0जी0 प्लांट में भी पहुचायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी सचिव, ग्राम प्रधान, लेखपाल आदि अपने-अपने क्षेत्रों में किसानों से संवाद करें तथा उनसे पराली खरीदे और गौशालाओं में पहुचाए। जिलाधिकारी ने उप कृषि निदेशक, जिला पंचयात राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि ट्रैक्टर के माध्यम से सभी किसानों की पराली को उनके मूल स्थान से उठाते हुई गौशालाओं में पहुचायें। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त कृषक भाइयों को सूचित किया है कि उच्चतम न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा फसल अवशेष जलाना दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। जनपद के समस्त धार्मिक स्थल के संचालक / प्रमुखगण से अपील की गयी है कि अपने धार्मिक स्थल से इस आशय का सन्देश प्रसारित करा दें कि ÷फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ-साथ भूमि के पोषक तत्वों की अत्यधिक क्षति, मृदा ताप में बढ़ोत्तरी होने से मृदा के भौतिक, रासायनिक, जैविक दशा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं लाभदायक मित्र कीट जलकर मर जाते हैं, जिससे फसलों का उत्पादन कम होता है तथा गुणवत्ता खराब होती है। प्रत्येक घटना के सटीक अक्षान्तर, देशान्तर उपग्रह इमेज के द्वारा जिला प्रशासन को कार्यवाही हेतु उसी दिन उपलब्ध करा दिये जाते हैं जिस पर उच्चतम न्यायालय एवं एन0जी0टी0 के निर्देशों के क्रम में तत्काल कार्यवाही किया जाना जिला प्रशासन का दायित्व होता है। जिलाधिकारी ने समस्त कृषक भाईयों से अनुरोध किया है कि किसी भी फसल के अवशेष को खेतों में न जलायें 'बल्कि मृदा में कार्बनिक पदार्थो की वृद्धि हेतु पादप अवशेषों को मृदा में मिलावें / सडावें।

# विदेशी भक्तों ने यमुना पूजन कर लिया कार्तिक नियम सेवा का व्रत

*** मास पर्यन्त नियमपूर्वक करेंगे स्नान, दान, धाम परिक्रमा और संकीर्तन आदि अनुष्ठान**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** वृन्दावन भगवान राधादामोदर की प्रीति का मास कार्तिक महोत्सव के रुप में श्रद्धालुओं द्वारा मनाया जा रहा है। शरद पूर्णिमा के पावन दिवस पर सेवाकुंज गली स्थित कृष्ण बलराम मंदिर में देश विदेश से पहुंचे भक्तों ने कार्तिक नियम सेवा का व्रत लेकर आराध्य की प्रीति प्राप्ति का संकल्प यमुना तट पर लिया। प्रातःकाल भारत के विभिन्न प्रांतों के साथ ही रुस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूक्रेन, टर्किए, जर्मनी, स्पेन, अमेरिका के विभिन्न भक्तों ने श्रीकृष्ण के भक्ति के मार्ग पर एक साथ चलने का संकल्प लिया। यमुना तट स्थित केशीघाट पर सभी श्रद्धालुओं ने यमुना स्नान के बाद भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज के सानिध्य में मास पर्यन्त स्नान, दान, श्रीधाम परिक्रमा, हरिनाम संकीर्तन, संत सेवा और भगवान की लीला माधुरी के श्रवण का संकल्प लिया। इस अवसर पर भक्तिवेदांत मधुसूदन गोस्वामी महाराज ने कहा कि सनातन धर्म और भक्ति के पथ में अटूट शक्ति है, जो न सिर्फ हृदयों को जोड़ती है बल्कि उनमें शांति और सद्भाव का संचार भी करती है। उन्होंने कहा कि दुनियाभर के ये नागरिक इसी आनंद के सनातन प्रवाह में मास पर्यंत अवगाहन कर सच्चिदानंद स्वरूप भगवान श्री राधा दामोदर की भक्ति से आप्लावित हो आत्मिक आनंद की अनुभूति करते हैं। जो इनके भय, अशांति और दुखों से निवारण का मार्ग प्रशस्त करता है। इस अवसर पर भक्तिवेदांत दामोदर महाराज, भक्तिवेदांत साधु महाराज, अच्युतानंद प्रभु, इंदुभूषण प्रभु, नंदकुमार प्रभु, निताई प्रभु, बलराम प्रभु आदि उपस्थित रहे।

# दिल्ली से चीन भेजी जा रही लाल चंदन की 10 टन सिल्लियां पकड़ीं, दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्व जिले की एसटीएफ ने 10 टन लाल चंदन की लकड़ी जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के तार अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हैं। आरोपियों के कब्जे से जब्त की गई लकड़ियों की कीमत करीब छह करोड़ रुपये बताई जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार चंदन की ये लकड़ियां चीन व अन्य देशों में भेजी जानी थी। दक्षिण-पूर्व पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि चंदन की लकड़ी आंध्र प्रदेश के तिरुपति से तस्करी कर चीन



● करीब 9,500 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ियां बरामद की गईं और दो लोगों हैदराबाद के इरफान और मुंबई के ठाणे के अमित संपत पवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अगस्त के पहले हफ्ते में आंध्र प्रदेश से लाल चंदन की लकड़ियां हासिल कीं और उन्हें दिल्ली ले जाने के लिए ट्रकों में छिपा दिया

और अन्य दक्षिण एशियाई देशों को भेजने के लिए लाई गई थी। बताया कि यह अभियान अगस्त में तिरुपति से चुराई गई लाल चंदन की लकड़ियों के बारे में आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा साझा की गई खुफिया जानकारी के आधार पर शुरू किया गया था। डॉ. तिवारी ने बताया कि चोरी के संबंध में तिरुपति में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी। जांच के दौरान आंध्र प्रदेश पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपियों ने खुलासा किया कि चोरी की गई लकड़ियां दिल्ली ले जाई गई हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और आंध्र प्रदेश खुफिया इकाई की टीम ने तुगलकाबाद स्थित एक गोदाम पर छापा मारा। इस दौरान करीब 9,500 किलोग्राम लाल चंदन की लकड़ियां बरामद की गईं और दो लोगों हैदराबाद के इरफान और मुंबई के ठाणे के अमित संपत पवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अगस्त के पहले हफ्ते में आंध्र प्रदेश से लाल चंदन की लकड़ियां हासिल कीं और उन्हें दिल्ली ले जाने के लिए ट्रकों में छिपा दिया। यह जब्ती दिल्ली में हुई लाल चंदन की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है। आरोपियों ने इस खेप को विदेशी बाजारों विशेष रूप से चीन और दक्षिण एशियाई देशों में भेजने की योजना बनाई थी। वहां लाल चंदन की लकड़ी औषधीय और वाणिज्यिक मूल्य के कारण बहुत ऊंची कीमत पर मिलती है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आरोपियों ने कबूल किया कि वे आंध्र प्रदेश के वन क्षेत्रों से लाल चंदन की लकड़ियां लाते थे और उन्हें ट्रकों में छिपाकर ले जाते थे। बरामद लकड़ियां एक संगठित तस्करी नेटवर्क के जरिए अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को भेजी जानी थीं।

**संक्षिप्त समाचार**

## नगर निगम मलेरिया विभाग के एमटीएस चेकर मेघराज सिंह हुए सम्मानित



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के पश्चिमी विनोद नगर वार्ड 198 के सी-ब्लॉक स्थित दुर्गा माता मंदिर में डेंगू से बचाव को लेकर आयोजित कार्यक्रम हाउपचार से बेहतर बचावहृ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डेंगू, मलेरिया चिकनगुनिया मच्छरों जैसे संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर तेजपाल सिंह पूर्व डिप्टी चेयरमैन, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद गुप्ता, सीनियर मलेरिया इंस्पेक्टर अशोक पारचा सहित आरडब्लूए के लोग उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में नगर निगम के मलेरिया विभाग के एमटीएस चेकर मेघराज सिंह को वार्ड नंबर 198 वेस्ट विनोद नगर में डेंगू जागरूकता अभियान के प्रशंसनीय कार्य से प्रभावित होकर वहां के गणमान्य लोगों ने उन्हें सम्मानित किया। मलेरिया विभाग के एमटीएस चेकर मेघराज सिंह के द्वारा पश्चिमी विनोद नगर वार्ड 198 में समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाये जाने की लोगों ने तारीफ की। विधायक प्रतिनिधि धर्म चौरसिया, सुमन भारत नारंग, डिंपल नारायण सहित समस्त मलेरिया स्टाफ सोविंदर, गौतम, सचिन शर्मा, अशोक शर्मा, करतार सिंह, ओमप्रकाश, बृजपाल, प्रेम सिंह, धीरज सिंह, रामनिवास व सभी मलेरिया स्टाफ मौजूद रहे।

## रोहिणी में एमसीडी इंस्पेक्टर की मां की गला घोंटकर हत्या

नई दिल्ली। रोहिणी इलाके में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में इंस्पेक्टर की बुजुर्ग मां की गला घोंटकर हत्या कर दी गई है। घर में मृत मिलीं वृद्धा को देखकर लग रहा है कि हत्या से पहले उन्हें पीटा गया है। रोहिणी जिले की विजय विहार थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्जकर लिया है। घर से महिला का सिर्फ मोबाइल फोन गायब है, जेवर आदि सुरक्षित हैं। इसे देखकर पुलिस रंजिशन हत्या की आशंका से भी इन्कार नहीं कर रही है। रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि पुलिस को सात अक्तूबर को सुबह करीब 8:53 बजे एक महिला की हत्या की सूचना मिली। विजय विहार थानाध्यक्ष यू-41 बुध विहार, फेज-1 पहुंचे तो दिल्ली निवासी करीब 65 वर्षीय नरेश कुमारी पत्नी स्वर्गीय सोमनाथ मृत मिलीं। उनका शव तीन मंजिला मकान में पहली मंजिल पर बेड पर मिला। घर में सभी सामान व्यवस्थित तरीके से रखा था। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घर का दरवाजा बंद था। मंगलवार सुबह जब किराएदार ने गेट पर हल्का धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया। किराएदार ने देखा कि वह बेड पर पड़ी थीं तो उसने पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टरों ने अनौपचारिक रूप से बताया है कि वृद्धा की गला घोंटकर हत्या की गई है।

## पुलिस ने 14 अवैध विदेशी नागरिकों को पकड़ा

नई दिल्ली। द्वारका जिला पुलिस ने इस साल सितंबर माह में बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 14 विदेशी नागरिकों को अवैध रूप से भारत में ठहरने के आरोप में गिरफ्तार कर वापस भेजा है। इनमें नाइजीरिया के 11, आइवरी कोस्ट के 2 और बांग्लादेश के 1 नागरिक शामिल हैं। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बुधवार को बताया कि द्वारका जिला की एंटी नारकोटिक्स सेल, मोहन गार्डन थाना, एएटीएस, द्वारका सेक्टर-23 थाना और डाबड़ी थाना की संयुक्त टीमों ने यह अभियान चलाया था। अभियान के दौरान नौ विदेशी नागरिकों को एंटी नारकोटिक्स सेल, 2 को मोहन गार्डन, एक को एएटीएस, एक को द्वारका सेक्टर-23 और एक को डाबड़ी थाना पुलिस ने पकड़ा।

# दिल्ली-एनसीआर में छाए रहेंगे बादल, 9 से 13 अक्टूबर तक मौसम रहेगा साफ

नई दिल्ली। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार आने वाले दिनों में नोएडा और आसपास के क्षेत्रों के मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। भारतीय मौसम विभाग की वेबसाइट पर जारी पूर्वानुमान के मुताबिक, 8 अक्टूबर को आसमान में बादल छाए रहेंगे, जबकि इसके बाद के दिनों यानी 9 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक मौसम सामान्य और आसमान साफ रहेगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट बताती है कि 8 अक्टूबर को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री



सेल्सियस के आसपास रहेगा। इस दिन आसमान सामान्य रूप से बादलों से ढका रहेगा, हालांकि किसी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। ह्यूमिडिटी का स्तर भी इस दौरान 98 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई गई है, जो उमस का एहसास बढ़ा सकती है। वहीं, 9 अक्टूबर से मौसम में सुधार देखने को मिलेगा, जब आसमान मुख्यतः साफ रहेगा और दिन में धूप खिली रहेगी। तापमान में हल्की वृद्धि के साथ अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 21 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। बताया गया कि 13 अक्टूबर तक 'नो वार्निंग' की स्थिति बनी रहेगी, यानी फिलहाल किसी भी प्रकार की बारिश या तेज हवाओं की संभावना नहीं है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों की हल्की बारिश ने शहर की सड़कों की हालत फिर से खराब कर दी है। थोड़ी-सी बरसात में ही नोएडा की कई सड़कों पर पानी भर गया, जिससे जगह-जगह पर जलभराव की स्थिति बन गई और वाहनों की रफ्तार पर भी ब्रेक लग गया। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि अगले कुछ दिनों तक न तो ठंड बढ़ने के आसार हैं और न ही तापमान में कोई बड़ा इजाफा होने वाला है। कुल मिलाकर, एनसीआर में अगले पांच दिनों तक मौसम मुख्यतः साफ, शुष्क और सामान्य रहेगा, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

**ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए भारतीय बैंक खाते जुटाने का काम सौंपा**

# ठगी मामले में तीन आरोपित गिरफ्तार

लिशा शर्मा

नई दिल्ली। पश्चिम जिले की साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन नौकरी घोटाले का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने पांच स्मार्टफोन, दस बैंक पासबुक, चौदह चेकबुक और पांच लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों का एक चीनी नागरिक के साथ सीधा संपर्क था, जो टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए इस घोटाले को अंजाम दे रहा था।

पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त दाराडे शरद भास्कर ने बुधवार को बताया कि 11 सितंबर को तिलक नगर की रहने वाली एक नर्स ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पेज एलोस12 पर पार्ट-टाइम नौकरी के विज्ञापन देखकर एक टेलीग्राम ग्रुप में शामिल हुई थी। वहां उन्हें आकर्षक रिटर्न के वादे के साथ टास्क-बेस्ड नौकरियों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया और उनसे 15.94 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। शिकायत के आधार पर साइबर थाना में मामला दर्ज किया गया।

साइबर पुलिस की एक टीम ने जांच शुरू की। इंस्टाग्राम और टेलीग्राम चैनलों का तकनीकी विश्लेषण करने और धन के लेन-देन की जांच के बाद पता चला कि ठगी की राशि मुख्य रूप से आरोपित सब्बीर अहमद से जुड़े बैंक



● पुलिस उपायुक्त दाराडे शरद भास्कर ने बुधवार को बताया कि 11 सितंबर को तिलक नगर की रहने वाली एक नर्स ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह इंस्टाग्राम पेज एलोस12 पर पार्ट-टाइम नौकरी के विज्ञापन देखकर एक टेलीग्राम ग्रुप में शामिल हुई थी

खातों में स्थानांतरित की गई थी। इन खातों से राशि चेक के जरिए निकाली जा रही थी। पुलिस ने उत्तम नगर में छापेमारी कर सब्बीर अहमद को गिरफ्तार किया। बैंक की सीसीटीवी फुटेज से दो अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता का पता चला, जिसके बाद बटला हाउस में छापेमारी कर सरफराज और दिलशाद को भी गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में दिलशाद ने बताया कि वह टेक्नो सेवी है और लगभग एक साल पहले टेलीग्राम के जरिए एक चीनी नागरिक के संपर्क में आया। चीनी नागरिक ने उसे ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए भारतीय बैंक खाते जुटाने का काम सौंपा। जिसके बदले उसे पांच प्रतिशत कमीशन मिलता था। दिलशाद और सरफराज मिलकर बैंक खाते जुटाते थे। ठगी की राशि निकालते थे, और उसे यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) में बदलकर चीनी नागरिकों को डिसेंट्रलाइज्ड एक्सचेंज वॉलेट के जरिए भेजते थे। सब्बीर अहमद एक प्रतिशत कमीशन पर नकदी निकालने में मदद करता था। पूछताछ में पता चला कि आरोपित सब्बीर पेशे से पेंटर, दिलशाद स्नातक का छात्र है, सरफराज जो इस गिरोह को संभाल रहा था एमबीए का छात्र है। इनके कब्जे से पुलिस ने पांच स्मार्टफोन, 10 बैंक पासबुक व 14 चेकबुक और 5 लाख रुपये नकद बरामद की है। उपायुक्त ने बताया कि पुलिस ने पाया कि आरोपितों द्वारा उपलब्ध कराए गए खातों में गत दिनों में करीब 2.60 करोड़ रुपये का लेन-देन हुआ था। इन खातों पर विभिन्न राज्यों से 26 एनसी आरपी शिकायतें दर्ज थीं।

# जनवरी से बिना शुल्क बदल सकेंगे कन्फर्म टिकट की यात्रा

● रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि नई तारीख पर कन्फर्म टिकट मिलने की कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि यह सीट की उपलब्धता पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अगर नए टिकट की कीमत ज्यादा है, तो यात्रियों को किराए का अंतर चुकाना होगा



नई दिल्ली। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि जनवरी से यात्री बिना किसी शुल्क के अपने कन्फर्म ट्रेन टिकट की यात्रा तिथि ऑनलाइन बदल सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि यह व्यवस्था अनुचित है और यात्रियों के हित में नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि बदलावों को लागू करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वर्तमान में, यात्रियों को ऑनलाइन टिकटों की यात्रा तिथि बदलने की अनुमति नहीं है। यात्रियों को मौजूदा टिकट रद्द करके अपनी इच्छित तिथि के लिए नया टिकट बुक करना होता है जिस पर रद्दीकरण शुल्क लागू होता है।

हालाँकि, रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि नई तारीख पर कन्फर्म टिकट मिलने की कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि यह सीट की उपलब्धता पर निर्भर करता है। इसके अलावा, अगर नए टिकट की कीमत ज्यादा है, तो यात्रियों को किराए का अंतर चुकाना होगा। हाल ही में, क्рळ्ठळउ ने क्рळ्ठळउ वेबसाइट या ऐप के जरिए बुक किए जाने वाले जनरल टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए नए दिशानिर्देशों की घोषणा की है। आधार-प्रमाणित उपयोगकताओं से संबंधित संशोधित क्рळ्ठळउ दिशानिर्देश अक्टूबर से लागू होंगे। आईआरसीटीसी के बयान के अनुसार, यह नियम केवल आरक्षित सामान्य टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग पर लागू होगा। भारतीय रेलवे के कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों के माध्यम से सामान्य आरक्षित टिकटों की बुकिंग के समय में कोई बदलाव नहीं होगा।

# कार्यक्रमों और सभाओं के सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए डीयू ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों/छात्रावासों/केंद्रों और संस्थानों में कार्यक्रमों और सभाओं (वार्षिक उत्सव/छात्रावास रात्रि आदि) का सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित करने के लिए डीयू प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा एडवाइजरी जारी की गईहै। माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के दिनांक 10 नवंबर 2023 के आदेशों और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा दिनांक 11 जनवरी 2024 को जारी सलाह के अनुपालन में दिल्ली पुलिस द्वारा जारी विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के क्रम में, दिल्ली विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों/छात्रावासों/केंद्रों और संस्थानों के ध्यानार्थ कुछ अतिरिक्त दिशा निर्देश साझा किए गए हैं ताकि कार्यक्रमों और सभाओं (वार्षिक उत्सव/छात्रावास रात्रि आदि) का सुरक्षित, सुचारू और व्यवस्थित संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार विश्वविद्यालय उत्तरी परिसर क्षेत्र के भीतर सभी जुलूसों, विरोध प्रदर्शनों, सभाओं, समारोहों और कार्यक्रमों के संबंध में दिल्ली पुलिस के साथ समन्वय के लिए एक समर्पित संपर्क अधिकारी (एलओ) और दक्षिणी परिसर क्षेत्र के लिए एक समर्पित संपर्क अधिकारी (एलओ) नियुक्त कर सकता है। किसी कार्यक्रम का आयोजन करने वाला प्रत्येक कॉलेज/छात्रावास/संस्थान उसी प्रकार उस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से एक संपर्क अधिकारी नियुक्त कर सकता है। नामित संपर्क अधिकारी को कार्यक्रम के दौरान हर समय उपलब्ध रहना होगा और स्थानीय पुलिस के साथ आवश्यक विवरण साझा करने के लिए ज़िम्मेदार होगा, जिसमें कार्यक्रम का समय, कार्यक्रम की प्रकृति, अति विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति, अपेक्षित भीड़, प्रवेश के तरीके, कार्यक्रम का स्वरूप, उपस्थिति पर प्रति घंटा अपडेट और अन्य प्रासंगिक जानकारी शामिल है। संबंधित कॉलेज/छात्रावास द्वारा प्रत्येक प्रमुख कार्यक्रम के लिए एक विस्तृत सोशल मीडिया परामर्श जारी किया जा सकता है, जिसमें कार्यक्रम की प्रकृति, समय, प्रवेश आवश्यकताएँ/पास, यातायात व्यवस्था और निर्दिष्ट प्रवेश/निकास द्वार स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट किए गए हों। कॉलेज/छात्रावास परिसर के भीतर या निर्दिष्ट कार्यक्रम स्थल पर प्राथमिक चिकित्सा दल, एक स्थिर एम्बुलेंस और अग्नि सुरक्षा उपायों की उपस्थिति सहित पर्याप्त आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। वीआईपी और सामान्य उपस्थित लोगों केलिए अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार निर्धारित किए जाने चाहिए। स्वयंसेवकों और निजी सुरक्षा कर्मचारियों की सहायता से आकस्मिक निकास मार्गों की योजना और पूर्वाभ्यास पहले से किया जाना चाहिए। किसी भी प्रस्तावित कार्यक्रम के बारे में पूरी जानकारी, जिसमें उसकी प्रकृति, अपेक्षित उपस्थित लोग, जनसांख्यिकीय संरचना, विस्तृत लेआउट और निर्दिष्ट कार्यक्रम का विवरण शामिल है, के बारे में स्थानीय एसएचओ को कार्यक्रम से 72 घंटे पहले तक सूचित किया जाना चाहिए।

उपस्थित लोगों के सुचारू आवागमन और घोषणाओं में स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए प्रवेश और निकास द्वार, पार्किंग क्षेत्र और अन्य रणनीतिक स्थानों जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) लगाए जा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रवेश/निकास और घटनाओं के स्टोरेज के संबंध में पर्याप्त कवरेज के लिए विशेष रूप से द्वारों और अखाड़े/मैदान या समारोह स्थल पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी भी लगाए जाने चाहिए। यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी कॉलेज/छात्रावास या संस्थान के परिसर में होने वाले आयोजनों के संचालन और प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी संबंधित कॉलेज/संस्थान की होगी। दिल्ली पुलिस, अपने अधिदेश के तहत, समग्र कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है, न कि निजी आयोजनों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए। इसलिए, पूरी ज़िम्मेदारी कॉलेज/संस्थान पर होगी, जिन्हें पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित और पर्याप्त संख्या में सुरक्षा गार्ड और बाउंसर तैनात करने चाहिए। पार्किंग व्यवस्था और सड़कों पर यातायात प्रबंधन में मदद के लिए पर्याप्त संख्या में ट्रैफि क मार्शलों की तैनाती भी अनिवार्य होनी चाहिए।

प्रॉक्टर कार्यालय द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार विश्वविद्यालय उत्तरी परिसर क्षेत्र के भीतर सभी जुलूसों, विरोध प्रदर्शनों, सभाओं, समारोहों और कार्यक्रमों के संबंध में दिल्ली पुलिस के साथ समन्वय के लिए एक समर्पित संपर्क अधिकारी (एलओ) और दक्षिणी परिसर क्षेत्र के लिए एक समर्पित संपर्क अधिकारी (एलओ) नियुक्त कर सकता है। किसी कार्यक्रम का आयोजन करने वाला प्रत्येक कॉलेज/छात्रावास/संस्थान उसी प्रकार उस कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से एक संपर्क अधिकारी नियुक्त कर सकता है। नामित संपर्क अधिकारी को कार्यक्रम के दौरान हर समय उपलब्ध रहना होगा और स्थानीय पुलिस के साथ आवश्यक विवरण साझा करने के लिए ज़िम्मेदार होगा,

## छात्र को गोली मारने वाला बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने आपसी रंजिश में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र को गोली मारने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। हत्या के प्रयास की यह घटना तिमारपुर इलाके में हुई थी। आरोपी को पुलिस ने कश्मीरी गेट इलाके से दबोचा है। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी अभिषेक उर्फ बीड़ी वजीराबाद का रहने वाला है। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसने 17 फरवरी को गांधी विहार इलाके में अपने साथियों तनिश, पीयूष, युवी, जुनैद और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के साथ मिलकर एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र उज्जवल पर आपसी रंजिश में गोली चलाई थी।

## प्राचार्य के निलंबन पर अदालत ने वकील से पूछे सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीयू के रामानुजन कॉलेज के वकील से पूछा है कि क्या कोई तदर्थ समिति यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे किसी व्यक्ति को निलंबित कर सकती है। विश्वविद्यालय, कॉलेज और पीड़िता ने रामानुजन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रसल सिंह के निलंबन पर अंतरिम रोक के खिलाफ याचिकाएं दायर की हैं। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने रामानुजन कॉलेज की तरफ से वरिष्ठ वकील बांसुरी स्वराज से पीठ द्वारा उठाए गए मुद्दे पर निर्देश लेने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। सुनवाई के दौरान यह दलील दी गई कि निलंबन कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं है। विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अनुसार समिति को कार्रवाई करने का अधिकार है। दूसरी तरफ वरिष्ठ अधिवक्ता गीता लूथरा ने प्रोफेसर की तरफ से तर्क दिया कि आरोपों का सामना कर रहे व्यक्ति को जांच के दौरान निलंबित नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक प्रकार की सजा है।

## हत्या के मामले दोषी बदमाश गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या के मामले दोषी करार दिए गए एक बदमाश को आनंद विहार बस टर्मिनल के पास से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी वर्ष 2023 में पेरोल लेकर फरार हो गया था। इसे अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी दीपक कुमार उर्फ संजय यूपी के बागपत का रहने वाला है। आरोपी पर दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में नौ मामले दर्ज हैं। उसके पास से एक .32 बोर की एक अत्याधुनिक पिस्तौल, एक देसी कट्टा और आठ जिंदा कारतूस बरामद हुए।

## हार्ट का इलाज आपके हाथों में ही नहीं, पैरों में भी है : डॉ. अंकित कालरा

नई दिल्लीदय रोग से बचाव का सबसे आसान और प्रभावी उपाय आपके अपने पैरों में छिपा है। जितना अधिक आप चलेंगे, उतना ही हृदय स्वस्थ रहेगा। यह बात प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकित कालरा ने एक जनस्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि हृदय रोग का इलाज केवल दवाओं में नहीं, बल्कि जीवनशैली में छिपा है। डॉ. कालरा ने कहा कि आज के समय में बढ़ती भागदौड़ और असंतुलित खानपान के कारण हृदय रोग तेजी से फैल रहा है। उन्होंने सलाह दी कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 40 मिनट तक नियमित रूप से पैदल चलना चाहिए। यह न केवल रक्त संचार को दुरुस्त रखता है बल्कि हृदय की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाता है।

**लोकार्पण समारोह** पानीपत में कवयित्री डॉ. रानी रजनी के काव्य संग्रह 'भावनाओं की धुन' का लोकार्पण, काव्य गोष्ठी में गूँजा सृजन का स्वर

# 'जब भावनाएँ शब्दों का रूप ले लेती हैं, तब कविता जन्म लेती है': अरोड़ा

दिया शर्मा

नई दिल्ली। कविता मनुष्य की आत्मा का सबसे सहज और निर्मल उद्गार है। जब भावनाएँ शब्दों का रूप ले लेती हैं और उनमें जीवन की लय गूँजने लगती है, तब कविता जन्म लेती है। – यह विचार दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) के हिन्दी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं समालोचक प्रो. हरीश अरोड़ा ने व्यक्त किए। वे अंकन साहित्यिक मंच द्वारा आयोजित कवयित्री डॉ. रानी रजनी के काव्य संग्रह 'भावनाओं की धुन' के लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। प्रो. अरोड़ा ने कहा कि यह काव्य संग्रह हिंदी कविता के परिदृश्य में एक ताजगी भरा स्वर है। कवयित्री ने जीवन, समाज, राष्ट्र



और प्रकृति के विविध आयामों को अपने अनुभव और संवेदना से जोड़कर अभिव्यक्त किया है। उन्होंने कहा, डॉ. रानी रजनी की रचनाएँ भावनाओं की गहराई और जीवन की सच्चाई का सुंदर संगम हैं, जो पाठक के हृदय को छूती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने कहा कि डॉ. रानी रजनी की कविताएँ उनके शिक्षण जीवन के 35 वर्षों के अनुभवों की अभिव्यक्ति हैं। वहीं, डॉ. ए. पी. जैन ने उन्हें एक प्रतिभाशाली कलाकार बताते हुए कहा कि उनकी रचनाएँ सदैव समय के साथ संवाद करती रही हैं।

इस अवसर पर विश्वविख्यात कवयित्री सोनिया सोनम 'अक्स', जो कभी डॉ. रानी रजनी की छात्रा रहीं, ने भावनात्मक शब्दों में कहा, डॉ. रजनी केवल एक रचनाकार ही नहीं, बल्कि अपने विद्यार्थियों को परिवार की तरह स्नेह और मार्गदर्शन देने वाली प्रेरक शिक्षिका थीं। कार्यक्रम का आयोजन आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में दो सत्रों में हुआ। पहले सत्र में पुस्तक लोकार्पण तथा दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। पुस्तक विमोचन समारोह की अध्यक्षता डॉ. जगदीश गुप्ता ने की, जबकि बेला भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। दूसरे सत्र में काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता श्री सुभाष भाटिया ने की और प्रो. हरीश अरोड़ा मुख्य अतिथि रहे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर दक्षिण दिल्ली में पदयात्राएं : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बताया कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्म जयंती को भव्य रूप से मनाने के लिए देशभर में व्यापक तैयारियाँ की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि उस महानायक को स्मरण करने का क्षण है, जिसने अपने अदम्य साहस और दृढ़ नेतृत्व से बिखरे हुए भारत को एक सूत्र में बांधकर अखंड भारत का निर्माण किया। सांसद बिधूड़ी ने बताया कि इस वर्ष 31 अक्टूबर से 16 नवंबर तक पूरे दक्षिण दिल्ली संसदीय क्षेत्र में @150 यूनिटी मार्च के अंतर्गत विभिन्न पदयात्राएँ आयोजित की जाएंगी। इन पदयात्राओं में वे स्वयं भाग लेंगे और जनता से भी इसमें सक्रिय रूप से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य शिविर, व्याख्यान कार्यक्रम, वाद-विवाद प्रतियोगिताएँ, और नशामुक्त भारत के संकल्प समारोह आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकसित भारत अभियान की योजनाओं और उनके जनकल्याणकारी प्रभावों की जानकारी जनता तक पहुँचाई जाएगी। बिधूड़ी ने बताया कि स्कूलों और कॉलेजों के युवा इस अवसर पर सरदार पटेल के आदर्शों से प्रेरणा लेकर तीन दिनों तक 8 से 10 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए पदयात्रा करेंगे। उनका उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता और सेवा की भावना को जागृत करना है। उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक अभियान का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय 26 नवंबर, संविधान दिवस के दिन आरंभ होगा, जब देश के हर जिले से चुने गए दो-दो प्रतिनिधि सरदार पटेल की जन्मभूमि करमसद से लेकर एकता के प्रतीक ह्यस्टैचू ऑफ यूनिटीह्न, केवड़िया तक 152 किलोमीटर की ऐतिहासिक पदयात्रा करेंगे।


**उत्तर रेलवे**

**टेंडर नोटिस सं. 52/2025-2026 दिनांक: 07.10.2025**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतू निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02251947 | कंटक्टर (विथ डायोड) फॉर कंप्रेसर यूनिट सी पी | 2248 नग | 05.11.25 |
| 02 | 19250665A | किट फॉर डायरेक्ट ब्रेक | 241 सेट | 06.11.25 |
| 03 | 16255061 | इन्वर्टर फेज मॉडल डी जी | 18 नग | 06.11.25 |
| 04 | 16250661A | जर्नल बेअरिंग असेंबली | 516 सेट | 10.11.25 |
| 05 | 16254508B | सिरेमिक रेसिस्टर फॉर गवर्नर | 35 नग | 13.11.25 |
| 06 | 09252385 | टॉरशन स्प्रिंग विथ स्टील स्प्रिंग | 8099 नग | 22.12.25 |

**निविदा शर्तें**:- **1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती हैं। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

3097/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-04:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 6:43 PM Page 1



# व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करने पर पलवल व्यापार मंडल हुआ सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने व्यापार मंडल जिला पलवल इकाई की टीम को व्यापारियों के हितों में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मंडल के प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीण गर्ग, व्यापार मंडल पलवल शहरी प्रधान विनोद जैन, व्यापार मंडल हथीन प्रधान नरेश चौधरी, जिला उपप्रधान बलराम बंसल, लक्ष्मन शर्मा, युवा नेता शुभम गर्ग शामिल थे।

इस अवसर पर बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापारियों के साथ प्रदेश में किसी प्रकार की ज्यादती सहन नहीं की जाएगी और ज्यादती होने नहीं देंगे। व्यापारी हित में काम करने वाली टीमों का हर मंच से सम्मान किया जाएगा। बजरंग गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारी की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रदेश में लगातार लगा हुआ है। सरकार को दिवाली का त्यौहार को देखते हुए व्यापारियों को हर प्रकार का सहयोग करना चाहिए।

देश व प्रदेश में लगातार छोटे व माध्यम व्यापारियों का व्यापार कम होता जा रहा है। ऑनलाइन व्यापार जो व्यापारियों का नुकसान कर रहा है सरकार को उस पर अंकुश लगाना चाहिए। जबकि बड़ी-बड़ी कंपनियां सब्जी, फल, किरायना का सामान, रेडीमेड, जनरल गुड्स व हर प्रकार का सामान बेचने से छोटे व माध्यम व्यापारियों की व्यापार खत्म होने के कगार पर है। जिसके कारण लाखों व्यापारी बबार्दी के कगार पर पहुंच गए हैं सरकार को छोटे व माध्यम व्यापारियों की समस्या का समाधान करना चाहिए।

बजरंग गर्ग ने कहा कि हरियाणा में व्यापार व उद्योग बढ़ने से सरकार को पहले से ज्यादा राजस्व की प्राप्ति होगी और लाखों बेरोजगार को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी राहुल गर्ग ने भी अपने विचार रखे।

# दीक्षांत समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित




**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कुशक में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर परिषद चेयरमैन डॉ यशपाल रहे। विशिष्ट अतिथि डीएनबी स्कूल के अध्यक्ष सतीश, सरपंच गयालाल रहे। समारोह में संस्थान के ट्रेड के हिसाब से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ सम्मानित किया गया। संस्थान की तरफ से रेनू ने जिला स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। समारोह में डॉ यशपाल ने संस्थान की बाउंड्री और मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया, ताकि आगे भविष्य में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने बच्चों के प्रति अपनी पूरी ईमानदारी से अपना संपूर्ण समर्पण व्यक्त किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार जताया।

# अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर मिला सम्मान



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह, अनिल मोहनियां।** अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के उपलक्ष में नीति आयोग द्वारा संचालित प्रारंभ एजुकेशन व रिसर्च फाउंडेशन ने राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका ( पंजाबी ग्राउंड ) के मुखिया डॉ० किशोर कुमार जावलिया को बेस्ट टीचर अवार्ड 2025 व सर्टिफिकेट ऑफ अचीवमेंट अवॉर्ड के सम्मान से नवाजा गया। गौरतलब है कि डॉ० किशोर कुमार जावलिया मूलतः गुड़गांव जिला के कारोला गांव निवासी है, और पिछले आठ वर्षों से मेवात में शिक्षा विभाग में बतौर सामाजिक विज्ञान अध्यापक के पद पर कार्यरत है। पिछले 8 वर्षों से स्थाई रूप से मेवात के फिरोजपुर झिरका शहर में ही रह रहे हैं। यह सम्मान उनके शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर 4 अक्टूबर को आगरा के रेडिसन होटल के अंदर नीति आयोग द्वारा संचालित प्रारंभ एजुकेशन एवं रिसर्च फाऊंडेशन द्वारा ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी चरण देव ने विद्यालय में पहुंचकर उनको बधाई दी और बताया कि वास्तव में अध्यापक अपने कर्तव्य निष्ठा का पालन करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में व सामाजिक क्षेत्र में बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं, जिससे शिक्षा विभाग का नाम ऊंचा हो रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर किशोर कुमार हिंदुस्तान स्काउट गाइड जिला नूंह से जिला संगठन आयुक्त भी है, जिसके द्वारा वह 'नर सेवा नारायण सेवा' पर आधारित सामाजिक कार्य समय-समय पर करते रहते हैं। इन्होंने अब तक पांच बार रक्तदान शिविर मेवात के अंदर लगवाए हैं, व कई सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित करवाए हैं। कोरोना महामारी के समय जब विद्यालय बंद थे तो इन्होंने सरकारी विद्यालय की दसवीं कक्षा की सैकड़ो बच्चियों को 'हमारी पाठशाला' के अंतर्गत गणित विषय की पढ़ाई करवाई। और अब भी बालिका शिक्षा के क्षेत्र में वह जीरो ड्रॉप आउट मिशन के अंतर्गत जो बच्चियां किसी भी कारण स्कूल में नहीं पहुंच रही थी उनके घर-घर जाकर उनका दाखिला सरकारी विद्यालय में किया। और दूर से आने वाली बालिकाओं के लिए बालिका वाहिनी लगवाने के लिए भी अधिकारियों को पत्र लिखें। संकुल प्रभारी व राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका के प्राचार्य राजुद्दीन ने बताया कि डॉक्टर किशोर कुमार जावलिया वास्तव में मेहनती अध्यापक है और इन्होंने अपनी मेहनत के बलबूते व अपने समस्त स्टाफ सदस्यों की मदद से अबकी बार 40% अधिक दाखिले अपने विद्यालय में किए। इस पर डॉ किशोर जावलिया ने सभी अधिकारीगण व अध्यापकों का हार्दिक धन्यवाद किया और यह सम्मान शिक्षा विभाग और छात्राओं को समर्पित किया।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पवन पूनिया, राजेश कुमार, रणबीर, सुरेंद्र एबीआरसी, संकुल विद्यालय से सुमित कुमार, चमन प्रकाश, भौंड विद्यालय से मुख्याध्यापक शाकीर, मोहम्मद अब्बास व राजेश भाटिया, सीमा ठाकुर, सुरेश भोरीवाल, सुनील कुमार, मुख्य शिक्षिका लक्ष्मी बाई, अनीशा, समीम, आदि अध्यापक व अध्यापिकाओं ने डॉ किशोर कुमार को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं और बधाई दी।

# बालिका शिक्षा के लिए साबिया खान को मिला ग्लोबल रोल मॉडल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

● राह ग्रुप फाउंडेशन ने श्रीनगर में नेशनल लेवल के अवार्ड में दिया सम्मान




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** बालिका शिक्षा और समाज सेवा, शैक्षिक सुधार के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देने के लिए नूंह मेवात की अध्यापिका साबिया खान को राह ग्रुप फाउंडेशन द्वारा नेशनल लेवल पर ग्लोबल रोल मॉडल लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें इंटरनेशनल टीचर विक के तहत श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित राह ग्रुप फाउंडेशन के भव्य सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। यह जानकारी देते हुए राह ग्रुप फाउंडेशन के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने बताया कि साबिया खान ने बालिका शिक्षा के क्षेत्र में और शैक्षिक सुधारों दिशा में उल्लेखनीय कार्य किए है। साबिया विशेष रुप से मुस्लिम लड़कियों के द्वारा बीच में पढ़ाई से रोकने के खिलाफ अभियान में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। इसके अलावा बालिका वाहिनी व अनेकों नवाचार के लिए उन्हें यह अवार्ड प्रदान किया गया। राह ग्रुप फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन नरेश सेलपाड़ ने कहा — साबिया खान"का यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों का नहीं, बल्कि मेवात की बालिका शिक्षा, और समाज सेवा के क्षेत्र में नई पहचान का प्रतीक है। साबिया खान को ग्लोबल रोल मॉडल अवॉर्ड-2025 मिलने पर सलाह संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा, सलाह नूंह के जिला प्रधान रमन रोहिल्ला, अमित वशिष्ठ, प्रवक्ता रेणु, शकीला खान लेक्चरर, नाजरीन खान पीजीटी, सहित अनेक शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकताओं ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**समारोह का मुख्य आकर्षण झ रोल मॉडल, न कि वीआईपी**

राह ग्रुप फाउंडेशन के इस वर्ष के आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मंच पर मुख्य आकर्षण कोई वीआईपी नहीं, बल्कि सम्मानित प्रतिभागी रहे। प्रत्येक अवार्डी को अपनी संघर्षपूर्ण जीवन यात्रा और अनुभव साझा करने का अवसर दिया गया। यह कार्यक्रम केवल औपचारिकता न रहकर प्रेरणादायी संवाद का माध्यम बना।

# किसानों की अनदेखी, पीने का पानी भी नहीं है हथीन अनाज मंडी में



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन, सुरेंद्र तेवतिया।** अनाज मंडी हथीन में किसानों को पीने का पानी ,शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा सरकार की ओर से नहीं दी जा रही है, वही मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुखबीर राजा जी का आरोप है की हथीन अनाज मंडी में कोई भी खरीद एजेंसी नहीं आई है। हथीन अनाज मंडी विवादित घेरे में नजर आ रही है मंडी में किसानों के लिए ना तो पीने का पानी है, ना ही शौचालय सुविधा है। हथीन मार्किट कमेटी में अफसर शाही का दबदबा है, यहां किसानों की सुनने वाला कोई नहीं है इतना ही नहीं हथीन अनाज मंडी के आडेती भी मार्केट कमेटी के अधिकारियों से परेशान हैं सरकार के आदेश पर हरियाणा में धान की फसल की सरकारी खरीद शुरू हो गईं है, लेकिन हथीन अनाज मंडी में क्षेत्र का कोई भी किसान परमल धान लेकर नहीं पहुंचा किसानों का आरोप है कि हथीन अनाज मंडी में यहां के आड़ेती अपने नाम से मेरी फसल मेरे ब्यौरा पर पंजीकरण करवा लेते हैं किसानों के धान को वह प्राइवेट खरीद कर रख लेते हैं और सरकारी दामों में उसे बेच देते हैं। हथीन अनाज मंडी के आड़ेती किसानों के साथ गोल माल कर रहे है, किसान दीपक कुमार ने बताया कि उसने परमल धान की खेती की हुई है लेकिन हथीन अनाज मंडी में कोई सरकारी खरीद नहीं होती है, वही किसान परशुराम ने बताया कि हथीन अनाज मंडी में किसानों के साथ पूरी तरह से छल किया जा रहा है, किसानों ने हथीन अनाज मंडी में सरकार से जांच करवाने की गुहार लगाई है। हथीन अनाज मंडी संगठन के प्रधान सुखबीर राजा जी ने हथीन मार्केट कमेटी के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि हथीन

● प्रधान का आरोप है कि सरकार द्वारा जो सरकारी खरीद की घोषणा की गई है हथीन अनाज मंडी में कोई सरकारी खरीद के लिए ना तो एजेंसी वहां पहुंची है और ना ही मार्केट कमेटी की ओर से यहां के आड़ेतीयो को सूचना दी गई है

अनाज मंडी में पीने का पानी पिछले कई वर्षों से नहीं है, यहां किसान और मजदूर पीने के पानी के लिए भटकते हैं, वैसे तो सरकार कहती है किसानों के लिए पानी, शौचालय, खाने की व्यवस्था और कैमरे की सुविधा मंडियों में की गई है, लेकिन हथीन की अनाज मंडी में सब कुछ कागजों तक सीमित है और दिखावा है, यहां आने वाले किसान और यहां रहने वाले मजदूर पीने का पानी खरीद कर पीते हैं, मंडी प्रधान सुखबीर राजा जी का आरोप है हथीन अनाज मंडी में हर सीजन के दौरान लाखों रुपए का पानी खरीदा जाता है, प्रधान का आरोप है कि सरकार द्वारा जो सरकारी खरीद की घोषणा की गई है हथीन अनाज मंडी में कोई सरकारी खरीद के लिए ना तो एजेंसी वहां पहुंची है और ना ही मार्केट कमेटी की ओर से यहां के आड़ेतीयो को सूचना दी गई है। इतना ही नहीं मंडी के प्रधान ने धान की सरकारी खरीद को एक ढकोसला बताया है। हथीन मार्केट कमेटी कमेटी के सचिव बीरेंद्र सिंह ने कैमरे के सामने यह स्वीकार है कि हथीन में परमल धान की कोई आवक नहीं हुई है, और ना अभी हथीन अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं हुई है, सचिव वीरेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों को यहां अनाज मंडी में सभी सुविधाएं दी जा रही है।

# डाक्टर की डिग्री दिलाने के नाम पर 22 लाख की हुई ठगी, रुपए वापस मांगने पर मिली झूठे केस में फंसाने की धमकी

● पीड़ित की शिकायत पर डॉक्टर दम्पति सहित तीन लोगों के खिलाफ हुआ मामला दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता होडल, रतन सिंह।** हसनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भिड़ूकी में एक डाक्टर दम्पति ने एक लैब टैक्निशियन को डॉ की डिग्री(बीएएमएस) दिलाने के नाम पर ठगी का शिकार बना 22 लाख रुपए हड़प लिया। रुपए वापस मांगने पर दम्पति ने युवक को झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे डाली। परेशान होकर पीड़ित युवक ने हसनपुर थाना पुलिस को शिकायत देकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। पीड़ित युवक की शिकायत पर हसनपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हसनपुर थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव को भिड़ूकी निवासी अशोक कुमार ने शिकायत देते हुए बताया कि वह के किशनसिंह अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के पद पर होडल कार्यरत थे। इसी दौरान उनकी पलवल हुड्डा सैक्टर दो निवासी श्याम सुंदर से मुलाकात हुई। जो खुद को एमबीबीएस डॉक्टर बताते थे। डॉ श्याम सुंदर और उनकी पत्नी धर्मेश भी इसी अस्पताल में काम करते थे। बताया गया है कि डॉक्टर दंपति ने एक साजिश के तहत अशोक कुमार को अपने झांसे में फंसा लिया और उन्हें बीएएमएस डॉक्टर की डिग्री दिलाने का झांसा दिया गया।

डॉ श्याम सुंदर ने अशोक से कहा मैं तुम्हें बीएएमएस डॉक्टर की डिग्री दिला सकता हूं। श्याम सुंदर ने कहा कि उनकी कालेज में बहुत अच्छी पकड़ है वह पहले भी कई लोगों को डॉक्टर की डिग्री दिलवा चुके हैं और उन्होंने अपनी पत्नी को भी नर्सिंग की डिग्री दिलवाई है। अशोक श्याम सुंदर के रचे चक्रव्यूह में फंसे गया। श्याम सुंदर ने अशोक से अपनी पत्नी के खाते में चार बार में 10 लाख रुपए की आरटीजीएस कराएं इसके बाद अशोक ने आरोपी दम्पति के घर जाकर पांच - पांच लाख रुपए नगद राशि दिए। इसके अलावा श्याम सुंदर ने अपने खाते में 30 हजार रुपए पेटीएम से डलवाए है।

रुपयों का भुगतान होने के बाद अशोक ने श्याम सुंदर को डॉक्टर की डिग्री के लिए अपने सारे डाक्यूमेंट्स दिए। सभी दस्तावेज लेने के बाद श्याम सुंदर अशोक को अपने साथ दिल्ली ले गए। वहां उन्होंने अशोक को एक आदित्य नामक शख्स से मिलवाया। आदित्य ने अशोक को उसका रजिस्ट्रेशन कराने का भरोसा दिया। अशोक से आदित्य नामक युवक ने डेढ़ लाख रुपए और सभी दस्तावेजों को ले लिया। डेढ़ लाख रुपए अशोक कुमार ने आदित्य के खाते में ट्रांसफर किए। महीनों गुजरने के बाद आदित्य ने अशोक को बताया कि उसका रजिस्ट्रेशन नहीं हो सकता क्योंकि उनके सभी कागजात और ग्रेजुएशन की डिग्री जाली हैं।

पीड़ित युवक अशोक कुमार समझ गया कि उनके साथ फ्रॉड हुआ है अशोक कुमार ने अपने साथ हुए घटनाक्रम की जानकारी हसनपुर थाना पुलिस प्रभारी दिनेश कुमार यादव को सिलसिले वर तरीके से बताई और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने की गुहार लगाई। पीड़ित युवक की शिकायत पर हसनपुर थाना प्रभारी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि किसी भी आरोपी को बक्सा नहीं जाएगा बहुत जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएंगी।

# नूंह अनाज मंडी में धान व बाजरे की आवक बढ़ी, लेकिन किसानों को नहीं मिल रहा सही दाम



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह की अनाज मंडी इन दिनों किसानों की फसलों से भरी हुई दिखाई दे रही है। मौसम के बदलते मिजाज और बीच-बीच में हुई बरसात के कारण किसान अपनी फसल को लेकर तेजी से मंडी पहुंच रहा है। मंडी में इस समय धान के साथ-साथ बाजरे की भी अच्छी आवक हो रही है, जिससे मंडी लवा-लव नजर आ रही है। हालांकि, फसल की बढ़ती आवक के बावजूद किसानों के चेहरों पर निराशा साफ झलक रही है। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा तय किए गए समर्थन मूल्य (टरढ) के अनुसार उनकी फसल की खरीद नहीं की जा रही है। सरकार ने बाजरे का समर्थन मूल्य 2775 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है और भावांतर भरपाई योजना के तहत किसानों को प्रति क्विंटल 575 रुपए अतिरिक्त देने की बात कही गई है, लेकिन इसके बावजूद किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य नहीं मिल रहा है। आश मोहम्मद, हमीद, रतन सिंह किसानों ने बताया कि मंडी में बाजरे में कमी बताकर रिजेक्ट किया जा रहा है और कम रेट पर खरीदा जा रहा है। वहीं, धान लेकर पहुंचे किसानों का कहना है कि बारिश की वजह से फसल में नमी आने के कारण आढ़ती धान को कम दामों में खरीद रहे हैं।

जब इस विषय में महेंद्र कुमार गोयल मंडी आढ़ती से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बारिश के कारण फसल में नमी जरूर है, लेकिन फिर भी किसानों की फसल खरीदी जा रही है। उन्होंने कहा कि नमी होने के बावजूद किसान की उपज को मंडी में खरीदा जा रहा है।

वहीं मनोज कुमार मार्केट कमेटी अधिकारी ने बताया कि इस बार नूंह अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद नहीं हो रही है। धान की खरीद आढ़तियों द्वारा खुली बोली के माध्यम से की जा रही है। बाजरे की सरकारी खरीद जरूर शुरू की गई है, लेकिन लगातार हुई बरसात के कारण फसल की गुणवत्ता पर असर पड़ा है, जिसकी वजह से सरकारी खरीद नहीं की गई।

अधिकारियों के अनुसार, अब तक मंडी में करीब 6000 क्विंटल बाजरे की प्राइवेट खरीद हो चुकी है। भावांतर भरपाई योजना के तहत सरकार किसानों के खातों में 575 रुपए प्रति क्विंटल की दर से राशि डाली जाएंगी। कुल मिलाकर, इस बार नूंह जिले के किसानों को मौसम की मार और खरीद की सुस्त रफ्तार दोनों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर फसल तैयार होने के बाद किसान मंडी तक पहुंच रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उन्हें अपनी मेहनत की कीमत न मिलने से मायूसी झेलनी पड़ रही है।

# सरकारी मापदंडों का कारण बताकर नूंह में किसानों की नहीं खरीदी जा रही फसल: जिला अध्यक्ष नासिर हुसैन

● किसान परेशान, ना बैठने की सुविधा, ना पीने के लिए पानी
● किसान हितेषी बताने वाली भाजपा सरकार से किसान है परेशान
● जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन ने अपनी टीम के साथ किया नूंह अनाज मंडी का दौरा।



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** बुधवार को जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन ने अपनी जेजेपी टीम के साथ नूहं अनाज मंडी का दौरा किया।उन्होंने किसान,मजदूर,आढ़तीयों व मार्केट कमेटी सचिव मनोज कुमार से मुलाकात की। दौरा करने के उपरांत उन्होंने बताया कि नूंह अनाज मंडी में न तो किसानों को बैठने के लिए उचित स्थान है, ना पीने के लिए पानी। हद तो तब है, जब किसानों का बाजरा ही नहीं खरीदा जा रहा जबकि सरकार ने 24 तारीख से बाजरा खरीद का ऐलान किया हुआ है। इस मामले पर जब वे अपनी टीम के साथ मार्केट कमेटी के सेक्रेटरी से मिले। मार्केट सेक्रेटरी ने उन्हें बताया कि किसान की जो फसल आ रही है, वह सरकारी मापदंडों के अनुरूप नहीं है इसलिए वह खरीद करने में असमर्थ है। पीने के पानी पर उन्होंने जल्द ही वाटर कूलर लगाने की बात कही है। जिलाध्यक्ष नासिर हुसैन ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यकाल में किसानों को इस तरह की कोई परेशानी नहीं होती थी। उन्हें पूरी सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी। इस बार ज्यादा बारिश से किसानों की फसल ही तबाह हो गई।कुछ किसानों की जो फसल बची है, वह उसे बेचने के लिए अनाज मंडी में ला रहे हैं और मापदंडों का बहाना कर सरकार इसकी खरीद से मना कर रही है। इस स्थिति में किसान दोहरी मार झेल रहा है।वह बेहद परेशान व हताश है। उन्होंने सरकार से मांग करी है कि जल्द से जल्द किसानों की फसल खरीदी जाए और जो नुकसान किसानों को हुआ है उसका भी मुआवजा सरकार जल्द से जल्द किसानों को उपलब्ध कराए। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन बताया कि दौरे में जिलाध्यक्ष के साथ हलका अध्यक्ष आस मोहम्मद,युवा प्रदेश सचिव साकिर खान, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक राहुल सरपंच।

## समाचार

# किशोर जावलिया को मिला डॉक्टरेट की उपाधि

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका में कार्यरत विद्यालय मुखिया किशोर जावलिया को संयुक्त राज्य अमेरिका के जॉर्जिया विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। विश्वविद्यालय द्वारा आगरा के रेडिसन होटल में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय बॉलीवुड की सुप्रसिद्ध अभिनेत्री एवं नृत्यांगना सुधा चंद्रन, फिल्म डायरेक्टर रवि कंक, देश भगत विश्वविद्यालय के डीन त्यागी व वह सुप्रसिद्ध शिक्षक संदीप शर्मा के करकमलों द्वारा यह उपाधि प्रदान की गई। अभिनेत्री सुधा चंद्रन ने बताया कि किशोर जावलिया ने अपने अध्यापन व सामाजिक क्षेत्र में अभूतपुर्व योगदान दिया हैं। और आने वाले समय में भी इस प्रकार अपना योगदान समाज व शिक्षा को देते रहेंगे। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी चरण देव, पवन पूनिया, राजेश कुमार, रणबीर, संकुल प्रभारी राजुद्दीन, सुमित कुमार, चमन प्रकाश, मुख्य शिक्षिका लक्ष्मीबाई, अनीशा, समीम, सीमा ठाकुर, राजेश भाटिया, अशोक कुमार पीटीआई, सुरेश कुमार, सुनील कुमार, शाकीर, मोहम्मद अब्बास आदि अध्यापक साथियों ने उनको डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी।




# ड्रोन पायलट ट्रेनिंग से आत्मनिर्भर बनेंगे नूंह के अनुसूचित जाति वर्ग के युवा - अखिल पिलानी

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** उपायुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा मेवात जिले के 22 अनुसूचित जाति वर्ग के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ड्रोन पायलट ट्रेनिंग दी जाएगी। यह प्रशिक्षण योजना ऐसे युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है जो आधुनिक तकनीक से जुड़कर रोजगार के नए आयाम स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए पात्रता मानदंड निर्धारित किए गए हैं। आवेदक की आयु सीमा 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक हरियाणा राज्य की अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हो। पारिवारिक वार्षिक आय परिवार पहचान पत्र के अनुसार 3 लाख रुपये तक होनी चाहिए। आवेदक न्यूनतम 10वीं पास होना चाहिए। उपायुक्त ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए आवेदन केवल ऑफलाइन स्वीकार किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन जिला कार्यालय, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, शाहपुर नंगली, नूंह (मेवात) में जमा करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल युवाओं को नई तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार एवं आधुनिक कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसरों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक उम्मीदवार मोहन लाल, क्षेत्रीय अधिकारी से मोबाइल नंबर 97297-88522 पर संपर्क कर सकते हैं।

# शुद्धि का प्रतीक लोटा नमक- नशे के विरुद्ध हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का अभियान

**साइकिल यात्रा निकाल लोगों को नशे के विरुद्ध किया जागरूक- लोटे में डलवाया नमक और ली शपथ न नशा करेंगे और न बेचेंगे।**

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नशे के विरुद्ध अभियान को गति प्रदान करते हुए हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिदेर्शों से नशे के विरुद्ध एक युद्ध के रूप में आंदोलन खड़ा किया गया है। पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया एवं मोहित हांडा, भापुसे के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम किये जा रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह के सर्वेक्षण में ये कार्यक्रम हो रहे हैं। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा आज गुरुग्राम से नूंह पहुंचे और नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर लोगों को नशे के विरुद्ध जागरूक किया। वे साइकिल से एक स्थान से दूसरे स्थान जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। विभिन्न स्थानों पर युवाओं एवं नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से परिचित कराते हुए लोटे में नमक डलवाया। लोगों को बताया गया कि प्रतिबंधित नशों के विरुद्ध गुप्त सुचना देने के लिए राष्ट्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के हेल्पलाइन संख्या 1933 पर निर्भीकता से सम्पर्क कर नशा मुक्त अभियान को बल प्रदान करें। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने कहा हरियाणा प्रान्त में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट 1985 के अंतर्गत वर्ष 2025 में 3 अक्टूबर तक 2735 अभियोग अंकित करके 4859 नशा तस्करों को सलाखों के पीछे भेजा जा चूका है। हरियाणा में 3444 नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम करके 18 लाख 26 हजार 779 लोगों को जागरूक कर शपथ दिलाई गयी है। 574 से अधिक लोगों को नशामुक्त किया जा चूका है।



P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 7:45 PM Page 1



# जीएसटी को लेकर भाजपा द्वारा की गई एक बैठक





**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर में जीएसटी रिफॉर्म आत्मनिर्भर संकल्प अभियान के अंतर्गत बैठक आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री, सुनील भराला रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए हर भारतीय को आत्मनिर्भर होना पड़ेगा।स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग कर हम भारत को आत्मनिर्भर बना सकते हैं।भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा अभी हाल ही में किए गए क्रांतिकारी जीएसटी रिफॉर्म के बारे में बताते हुए कहा कि इससे जनता को अत्यधिक लाभ हुआ है।

28% तथा 12% की दो दर समाप्त कर दी गई है।

28% की दर को 18% तथा 12% की दर को 5% कर दिया गया है जिसका सीधा लाभ उपभोक्ता को होगा। अति आवश्यक दवाइयो पर भी जीएसटी 5% किया गया जिससे आम उपभोग की वस्तुएं सस्ती हुई है।

12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त करना भी एक क्रांतिकारी कदम बताया जिससे सभी वर्गों को लाभ हो रहा है।

हम सभी को भी आदरणीय मोदी जी के सपने को साकार करने के लिए उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलना होगा। आदरणीय प्रधानमंत्री द्वारा 80 करोड लोगों को निशुल्क राशन प्रतिमाह दिया जा रहा है।4 करोड़ से अधिक लोगों के मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन चुके हैं।

जिससे आज अंतिम पंक्ति में खड़ा हुआ व्यक्ति भी विकसित भारत में अपना योगदान दे रहा।

बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यापारी रामावतार बंसल और संचालन सुरेंद्र बजाज द्वारा किया गया

निवर्तमान विधायक कमलेश सैनी, बहन सुमन त्यागी ,विकास गुप्ता रॉकी, कपिल चौधरी,नगर अध्यक्ष मोहित अग्रवाल , मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत, जिला उपाध्यक्ष पुष्कर चौधरी, ओमपाल सिंह, अवनीश त्यागी,महिपाल सिंह,जिला महामंत्री किसान मोर्चा सुधींद्र चौधरी ,मंडल अध्यक्ष राकेश सैनी , डॉ भूपेंद्र तोमर,संगीता सैनी , सुबोध गुप्ता,अनीता सूद ,धीरेंद्र शर्मा, अनिकेत जोशी ,नकुल अग्रवाल, बाबूराम जोशी, आशु गोयल,सुरेश सैनी, अमित गुप्ता, हर्ष जावा ,शैलेंद्र बब्बू ,कुंवर सेन गौतम ,अभिनव गोयल, विमल अग्रवाल ,पिंटू, पवन अग्रवाल ,अनुज गुप्ता, कृष्णवीर फौजी, मुनेश चौधरी ,मयंक सिंघल, धर्मेंद्र प्रजापति ,खलील उर रहमान ,शरीक जिया, वसीम, अशोक शर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रशांत जोशी, मनमोहन अग्रवाल, नितिन बंसल, महेंद्र , वैभव, मुकेश अग्रवाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं उपस्थित रहे।

# वायु सेना दिवस समारोह का आयोजन किया गया




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के धनोरा रोड स्थित जेपी पब्लिक स्कूल में भारतीय वायु सेना दिवस बड़े गर्व और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया। आज प्रातः की प्रार्थना सभा की शुरुआत भारत के उन वीर वायु योद्धाओं से की गई, जो साहस और समर्पण के साथ हमारे देश के आकाश की रक्षा करते हैं। छात्र-छात्राओं ने दिन का विचार, भाषण और वायु सेना दिवस की शपथ प्रस्तुत की, जिसमें ÷गौरव के साथ आकाश को छूओ÷ के आदर्श वाक्य पर प्रकाश डाला गया।

इस समारोह को और भी सार्थक बनाने के लिए, छात्र-छात्राओं ने बेकार कागज़ का उपयोग करके कागज़ के हवाई जहाज़ बनाए और रीसाइक्लिंग, रचनात्मकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जब सभी हवाई जहाज़ों को एक साथ छोड़ा गया, तो आकाश रंगों और खुशियों से भर गया, जो युवा भारत के सपनों की उड़ान का प्रतीक था। विद्यालय की प्रबंधिका नीतू गुप्ता ने भी शिक्षकों और छात्रों को इस तरह के विचारशील और पर्यावरण-अनुकूल समारोह के आयोजन के लिए बधाई दी, जिसमें देशभक्ति और स्थिरता का समावेश था। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता और अनुशासन की सराहना की और सभी को याद दिलाया कि भारतीय वायु सेना हमें मज़बूत, समर्पित और निस्वार्थ रहने के लिए प्रेरित करती है।सभा का समापन राष्ट्रगान और ÷जय हिंद!÷ के ऊर्जावान जयकारों के साथ किया गया। जिसमें विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# स्योहारा के कृष्णा रामपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला राष्ट्रीय स्तरीय एनक्यूएएस प्रमाणपत्र




***नेशनल टीम द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर/एच डब्ल्यू सी में मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का 3 अक्टूबर 2025 को ऑनलाइन किया गया था असेसमेंट/ मूल्यांकन÷ डॉ0स्नेही।*सी एच ओ रश्मि सैनी की कड़ी मेहनत लाई रंग,मिला पुरस्कार। अब तक स्योहारा ब्लॉक के 7 आयुष्मान आरोग्य मंदिर जिनमें जमापुर,मंगलखेड़ा, सदाफल, शाह पुर खेड़ी , किवाड़, हिरणपुरा ओर कृष्णा रामपुर हो चुके है एन क्यू ए एस प्रमाणित**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्योहारा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर डॉ कौशलेंद्र सिंह महोदय जी के निर्देशन में सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ बी 0के 0स्नेही द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लगातार हर क्षेत्र में सुदृढ़ किया जा रहा है। डॉ स्नेही ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर हैल्थ वैलनेस सेंटर / आयुष्मान आरोग्य मंदिर कृष्णा रामपुर को पुरस्कार मिला है। सीएमओ सर के कुशल नेतृत्व में, मै पुरजोर कोशिश कर रहा हूं कि सरकार की मनसा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं हर अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को सुलभ हो सके और मिल सके। सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ हर नागरिक को मिले यही मेरी प्राथमिकता में है। इसी के क्रम में ग्रामीण इलाके के लोगों को घर के पास हीं उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना सरकार और स्वास्थ्य विभाग के प्राथमिकताओं में शामिल किया गया है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही है। स्वास्थ्य सेवाओं के गुणवत्ता में सुधार के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य केंद्रों को अपनी गुणवत्ता का आकलन करने और उसे सुधारने के लिए प्रेरित करते हुए नागरिकों को उच्चतम स्तर की चिकित्सा सेवाएं दिलाना आवश्यक होता है। इस संबंध में सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक ओर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0बी0 के0 स्नेही ने बताया कि 12 सर्विस पैकेजों के तहत ओर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का उद्देश्य सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक स्तर पर सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप ढालना है। इसके तहत स्वास्थ्य केंद्रों के लिए पूर्व निर्धारित मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया जाता है। इन मानकों में साफ- सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं, उपकरणों की स्थिति, उपचार की प्रक्रिया और रोगियों की संतुष्टि शामिल हैं। साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं के पालन की भी जांच की जाती है। राज्य स्तरीय टीम द्वारा 3 अक्टूबर 2025 को ऑनलाइन असेसमेंट किया गया था।जिसमें 12 सर्विस पैकेजों के तहत यहां तैनात सी एच ओ, ए एन एम ओर आशा संगिनी आदि का इंटरव्यू लिया गया था। इसमें 87.13% अंक अर्जित कर मण्डल मुरादाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इनको 1लाख 26 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा जो हैल्थ वैलनेस सेंटर के विकास पर खर्च किया जाएगा ताकि मरीजों को ओर अच्छी सुविधाएं मिल सके।इसको लेकर स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) रश्मि सैनी, ए एन एम अर्चना त्यागी,बीपीएम शालिनी बिश्नोई, बी सी पी एम राजेश कुमार, ए आर ओ आलोक कुमार,सहित कई अन्य सी एच ओ जिनमें संगीत, मोहिनी,रश्मि सैनी, कौशल आशा संगिनी , उपकेंद्र की आशा नीतू, मंजरी, सुनीता, उर्मिला, गीता, सावित्री, सविता , ग्राम प्रधान जाहिद हुसैन , जिला बिजनौर से एन क्यू ए एस नोडल अधिकारी डॉ0 हितेंद्र वर्मा और अन्य कर्मियों के बदौलत राष्ट्रीय स्तरीय टीम द्वारा प्रमाणीकरण किया गया है।

# खिलाड़ियों का किया गया चयन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** तहसील के ग्राम बागडपुर स्थित तोमर बैंकट हॉल में तीन दिवसीय क्रिकेट लीग मैच के लिए। यह लीग मैच 20 अक्टूबर 2025 से 21 अक्टूबर तक चलेगा। बीती रात खिलाड़ियों का चयन बागडपुर स्थित तोमर बैंकट हॉल में किया गया। लीग में कुल 12 टीमें खेलेंगे। प्रत्येक टीम मे ऑनर सहित 9 खिलाड़ी खेलेंगे।

चैन के समय क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति और आसपास के प्रधानगण द्वारा किया गया शुभारंभ।

# भाकियू अराजनैतिक की एक बैठक




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक बैठक ब्लॉक स्थित डवागरा हाल मैं हुई। मुख्य उद्देश्यों को लेकर की गई बैठक मे गंगा एक्सप्रेसवे बिजनौर से होकर गुजरे। किसानों के गन्ना मूल्य में वृद्धि की जाए।

क्षेत्र में बढ़ रहे गुलदार आतंक को लेकर सरकार द्वारा इन्हें पकड़ने का कार्य किया जाए। आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशालाओं में भेजने का कार्य किया जाए। बिजली विभाग द्वारा सही कार्य किया जाए। आदि समस्याओं को लेकर अवगत करवाए गए।

बैठक की अध्यक्षता बाबा रामपाल और संचालन ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह द्वारा किया गया। बैठक में ब्लॉक उपाध्यक्ष संजय कुमार मीडिया प्रभारी रोहित कुमार विनीत कुमार सतीश शर्मा आजम खा फैज कुरैशी यशवीर सिंह उस्मान इरफान अनवर गजराज सिंह लाल सिंह भगत आदि समस्त भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के पदाधिकारी व सदस्यों उपस्थित रहे।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में Break the Ice and Ignite the Spark गतिविधि का सफल आयोजन




**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में कक्षा पहली एवं दूसरी के विद्यार्थियों के लिए विशेष गतिविधि Break the Ice and Ignite the Spark का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 44 नन्हे प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों को जनसमूह के सामने आत्मविश्वास के साथ स्वयं का परिचय देना और मंच भय को दूर करना था। नन्हे बच्चों ने मंच पर बड़ी ही निपुणता और आत्मविश्वास के साथ अपने बारे में बताया।

कार्यक्रम में अभिभावकों की सहभागिता ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। बच्चों के प्रदर्शन ने सभी का मन मोह लिया, और उपस्थित अभिभावक अपने बच्चों की प्रगति देखकर गर्व से भर उठे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों के उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि – ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में न केवल आत्मविश्वास जगाते हैं, बल्कि उनके भीतर छिपी प्रतिभाओं को उजागर करने में भी मदद करते हैं। हमारे नन्हे सितारों ने आज यह साबित किया कि आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम का समापन तालियों की गूंज और मुस्कुराहटों के बीच हुआ।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के महिला आरक्षी 463 सोनम व महिला आरक्षी 2418 प्रियंका द्वारा ग्राम सेंदवार थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं व बालिकाओ को जागरूक किया गया तथा

1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
3. आपातकालीन नंबर 112*
4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
5. एंबुलेंस नंबर 108*
6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098*
7. *साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया , महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया।

# जनपद में 09 से 18 अक्टूबर तक लगेगा यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** इण्डिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड ग्रेटर नोएडा में आयोजित यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 की भांति 09 से 18 अक्टूबर, 2025 तक जनपद के कम्पनी बाग परिसर में यू0पी0 इण्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 स्वदेशी मेला आयोजित किया जाएगा जिससे कि हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादों के विपणन एवं दीपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्राप्त हो सके। मेले में विविध उत्कृष्ट उत्पाद, स्थानीय उत्पादित उत्पाद तथा विविध फूडस् स्टॉल भी लगवाये जायेंगे।

उपायुक्त उद्योग सचिन जैन ने बताया कि स्वदेशी मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, माटीकला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, डूडा, यूपीनेडा विभाग, सी0एम0 युवा, ओ0डी0ओ0पी0, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पी0एम0ई0जी0पी0, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियों, वित्त पोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादकों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जायेंगे।

उपायुक्त उद्योग ने बताया कि स्वदेशी मेले को रोचक बनाने हेतु कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी कराया जायेगा। उन्होने जनपद के प्रमुख औद्योगिक संगठनों, लाभार्थियों, उद्यमियों से अपील करते हुए कहा कि जो भी मेले में निःशुल्क स्टॉल लगाने के इच्छुक है, वह सहायक प्रबंधक श्री विशाल सिंह रावत मो0नं0-8791112900 से सम्पर्क कर सकते है। उन्होने समस्त नागरिकों से अनुरोध किया है कि स्वदेशी मेले में उत्पादों का क्रय व प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

# यूपीपीसीएल की लापरवाही पर सीईओ ने जतायी नाराजगी



*** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने की स्मार्ट सिटी परियोजनाओं की समीक्षा**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** स्मार्ट सिटी सीईओ/नगरायुक्त शिपू गिरि ने कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के प्रतिनिधियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके कार्यों से संबंधित शिकायतों के समाधान हेतु निर्देश दिए जाने के बावजूद न तो किसी ठेकेदार पर कार्रवाई की गई है और न ही समस्याओं का समाधान हुआ है। उन्होंने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए यू.पी.पी.सी.एल. के चेयरमैन एवं संस्था के एम.डी. को पत्र लिखकर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।

सहारनपुर स्मार्ट सिटी लि के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शीपू गिरि आज यहां शाकुभरी सभागार में स्मार्ट सिटी की विभिन्न परियोजनाओं की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने यू.पी.पी.सी.एल. द्वारा पांवधोई नदी के किनारे बनाई जा रही रिटेनिंग वॉल के शेष कार्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में स्मार्ट सिटी की कार्यदायी संस्थाओं नगर निगम, मैसर्स आर.सी.सी., सी एंड डी.एस, यू.पी. नेडा, यू.पी.पी.सी.एल., यू.पी.आर.एन.एन., यू.पी.आर.एन.एस.एस., एन.ई.सी., एस.डी.ए. एवं हाइडल आदि के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। सीईओ शीपू गिरि ने स्मार्ट सिटी की 103 परियोजनाओं में से जिनकी वित्तीय प्रगति पूर्ण हो चुकी है, उनका कार्यदायी संस्थाओं द्वारा ऑडिट कार्य शीघ्र पूरा कराने पर जोर दिया। उन्होंने अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप यादव को यू.पी.आर.एन.एन. द्वारा निर्मित किए जा रहे हैबिटेट सेंटर के कार्य का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को दिए जाने वाले सेनेटेज की प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जाए। प्रत्येक कार्यदायी संस्था की फाइल की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी न की गई हो तथा कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया गया हो। यदि गुणवत्ता में कमी या देरी पाई जाए तो उस कार्यदायी संस्था के सेनेटेज में कटौती की जाए। बैठक में स्मार्ट सिटी टीम एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा चल रही परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

समीक्षा बैठक में अपर नगरायुक्त/ अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप यादव, मुख्य अभियंता सुरेश चंद, जीएम (सिविल) दिनेश कुमार सिंघल, कंपनी सचिव शंकर तायल सहित विभिन्न विभागों के अधिशासी अभियंता, परियोजना प्रबंधक एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

*** सौंपे गये कर्तव्यों एवं दायित्वों के अनुसार परीक्षा की शुचिता एवं गुणधर्मिता बनाए रखें**
*** जनपद में 12 अक्टूबर को 24 केन्द्रों पर दो पालियों में होगी परीक्षा, 10848 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा**
*** 24 सैक्टर एवं 24 स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की देख-रेख में होगी परीक्षा**
*** परीक्षा को शान्ति एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराएं सम्पन्न - जिला मजिस्ट्रेट**
*** सीसीटीवी की निगरानी में होगी परीक्षा**
*** परीक्षार्थियों को न हो किसी प्रकार की असुविधा- मनीष बंसल**
*** परीक्षा की संवेदनशीलता को समझते हुए गम्भीरता से करें जिम्मेदारी का निर्वहन**
*** आयोग के निर्देशों का करें कडाई से अनुपालन**
*** अधिकारी अपनी टीम के साथ केन्द्रों का भ्रमण कर सुनिश्चित कराएं आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में 12 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कराई जाने वाली सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा तथा सहायक वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2025 परीक्षा की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, केन्द्र पर्यवेक्षक निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा के सफल संचालन एवं परीक्षा को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्षता एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए लगन, सजगता, आत्मानुशासन एवं समयबद्धता से सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षा को पूर्व परीक्षाओं की भांति पूरी पारदर्शिता के साथ नकलविहीन संपन्न करायी जाये। इसकी संवेदनशीलता, शुचिता एवं पारदर्शिता किसी भी स्तर पर भंग न हो, यदि कोई भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। सौंपे गये कर्तव्यों एवं दायित्वों के अनुसार परीक्षा की शुचिता एवं गुणधर्मिता बनाए रखें।

श्री बंसल ने कहा कि समस्त परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए। जनपद में अभ्यर्थियों के मूवमेंट के दृष्टिगत किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसलिये अधिकारी पहले से ही सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने परीक्षा में महिला अभ्यर्थियों के शामिल होने के दृष्टिगत सुरक्षा के लिये विशेष प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि अभ्यर्थियों के साथ मधुर व्यवहार किया जाए एवं उनके बैग इत्यादि रखवाने की उचित व्यवस्था की जाए। उन्होने परिवहन विभाग को निर्देश दिए कि अन्य जनपदों से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे।

पीसीएस परीक्षा जनपद में 24 परीक्षा केंद्रों पर संपादित होगी। परीक्षा दो पालियों में साढ़े नौ बजे से साढ़े ग्यारह बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह ढाई से साढ़े चार बजे तक होगी। 10848 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित सेक्टर एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिए कि अपनी टीम के साथ परीक्षा से 02 दिन पूर्व परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें ताकि कोई भी कमी ना रहे। इसके साथ ही कि परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर लें।

परीक्षा के लिए निर्धारित 24 केन्द्र

राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज लिंक रोड, सियाराम इण्टर कॉलेज दिनारपुर गागलहेडी, बीडी बाजोरिया इण्टर कॉलेज बेहट रोड, जेवी जैन इण्टर कॉलेज मातागढ कलसिया रोड, इस्लामिया इण्टर कॉलेज ब्लॉक ए ईदगाह रोड, गुरूनानक इण्टर कॉलेज अंबाला रोड, एसएएम इण्टर कॉलेज देहरादून रोड, राजकीय इण्टर कॉलेज नेहरू मार्किट, बीएचएस इण्टर कॉलेज मिशन कम्पाउण्ड, आर्य कन्या इण्टर कॉलेज मटियामहल, जेबीएस हिन्दू कन्या इण्टर कॉलेज रायवाला, गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कॉलेज गांधी पार्क, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम गर्ल्स इण्टर कॉलेज आतिशबाजान कम्बोह का पुल, गौरी शंकर इन्द्रपाल सिंह इण्टर कॉलेज दिल्ली रोड, श्री दिगम्बर जैन कन्या इण्टर कॉलेज छत्ता बारूमल, मुन्नालाल एण्ड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज चिलकाना रोड, जेवी जैन कॉलेज प्रद्युमन नगर, महाराज सिंह कॉलेज चकराता रोड, सावित्री बाई फुले राजकीय महिला पॉलिटेक्निक देहरादून रोड, दया चन्द जैन इण्टर कॉलेज अंबाला रोड, रमाबाई राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज कोटा, जगदीश प्रसाद आदर्श विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज कोटा मडकी रोड, जनता रोड इण्टर कॉलेज रेलवे रोड नागल एवं किसान विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज बेहट रोड।

परीक्षा केंद्र पर मोबाइल फोन, एंड्राइड फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक गजट परीक्षा केंद्र के अंदर पूर्ण प्रतिबंधित रहेगा। नकल विहीन और शुचितापूर्ण परीक्षा आयोजित कराने के संबंध में उन्होंने कहा कि परीक्षा के संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। परीक्षा केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। कक्ष निरीक्षकों की अच्छी तरह से ब्रीफिंग और ट्रेनिंग करा दी जाये।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट विनोद कुमार मीणा, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, आयोग से आए समन्वयी पर्यवेक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार, सैक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पाइनवुड स्कूल में मिशन शक्ति कार्यक्रम में किया छात्राओं को जागरूक

*** लड़कियों के साथ लड़कों को भी कानून की जानकारी देना जरूरी : डी.आई.जी.**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुखशिक्षण संस्था पाइनवुड स्कूल में मिशन शक्ति 05 के अन्तगर्त आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने डीआईजी.अभिषेक सिह के नेतृत्व में छात्राओ को विभिन्न हैल्पलाइन नंबर व साइबर क्राइम के प्रति जागरुक किया। दिल्ली रोड स्थित पाइनवुड स्कूल के सभागार में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ सहारनपुर परिक्षेत्र के डी.आई.जी. अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी नकुड़ अशोक कुमार सिसोदिया, प्रोग्रेसिव स्कूल्स सोसाइटी के संयोजक सुरेन्द्र चौहान, पाइनवुड स्कूल की डायरेक्टर श्रीमति संतोष गुप्ता व प्रधानाचार्य डा0 संजीव जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम स्कूली बच्चो ने नारी शक्ति को प्रदर्शित करते हुए वन्दना प्रस्तुत की। इसी कड़ी में स्कूली बच्चों ने मिशनशक्ति पर ग्रुप सॉन्ग प्रस्तुति दी, साथ ही लघु नाटिका के माध्यम से भी बालिकाओं को मिशन शक्ति के बारे में जागरुक किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डी.आई.जी. अभिषेक सिह में कहा कि शासन के निर्देश पर चलाये जा रहे इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओ ब महिलाओ को विभिन्न हैल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर महिलाओं के साथ होने वाले दुव्यवहार के प्रति जागरूक करना है। उन्होने कहा कि पीड़िता अपने साथ होने वाली घटना के बारे मे तत्काल 112, 1090 नंबर पर जानकारी दे।

## सूचना

मेरे पुत्र शान पुत्र हनीफ का चाल चलन ग़लत हो गया है और वह गलत संगत में पड़ गया है जिसको हमने चल अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने और अपने परिवार से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं

**पता : हनीफ पुत्र सद्दीक निवासी मौहल्ला महल निकट मदीना मस्जिद कस्बा रामपुर मनिहारान ज़िला सहारनपुर**

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 4:58 PM Page 1



# सम्पादकीय

## मन की बात भारत सहित दुनिया मे चर्चा का विषय

मुख कभी अपने पास भोजन जमा नही रखता। वह पूरे शरीर मे बांटकर उसका पोषण करता है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के मुखिया है। भारत के कल्याण का दायित्व प्रधानमंत्री पर है। प्रधानमंत्री का रेडियो शो मन की बात घर घर का चेहता एपिसोड बन गया है। हर महीने के अंतिम तिथि का लोगो को इंतजार रहता है। अमेरिका के द्वारा लादे गए टैरिफ भारत मे चर्चा का विषय बन गया है। अमेरिका का भारत के साथ किए गए व्यवहार को लेकर लोग काफी नाराज है। यह विश्वास घात है। बहरहाल, भारत की इकोनॉमी मजबूत करने के लिए स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी को रास्ट्रीय मुद्दा बनाकर हर एक व्यक्ति को भारत मे निर्मित चीज वस्तुओं को खरीदने का आग्रह किया है। भारत के साथ अमेरिका का व्यवहार दोषपूर्ण है। अमेरिका शक्तिशाली और समृद्धिशाली देश है। अमेरिका ने भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। जिससे भारत से निर्यात होने वाली चीजें महंगी होने के कारण विक्रय नही हो पाती है। इसके बाद भी भारत से निर्यात होने वाली दवाइया को सौ प्रतिशत टैरिफ के दायरे में लाने के लिए डोनाल्ड ट्रंप का विचार है। जबकि भारत को अमेरिका ने चोंका दिया है। प्रधानमंत्री मोदीं ने 126वे एपिसोड में आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल और फेस्टिव सीजन पर खुलकर बात की गई। भारत ही नही मोदीं के मन की बात पर दुनिया कायल है। मन की बात की धारणा और विचार सरकारी उपक्रम और योजनाओ को मूर्तरूप देने का काम करती है। मन की बात में मोदी की योजनाएं और उस कार्य के प्रति समर्पण के भाव पैदा करने और कार्ययोजना में ढालने की प्रेरणा मिलती है। मन की बात पर शुरूआती दौर में हंसी ठिठोली कर विपक्ष टाल देता था। लेकिन, अब यह कार्यक्रम धारावाहिक बन गया है, जिसके लिए देश की जनतामोदी की मन की बात सुनने के लिए इंतजार में रहती है। चौक चौराहे पर चर्चा होती है कि मोदी इस मुद्दे को मन की बात में अवश्य उठाएंगे। शब्द को ब्रह्म माना गया है। शब्द स्वयं में अभिधा, लक्षणा एवं व्यंजना शक्तियों को समेटे रहता है। मोदी के शब्दो मे देश की जनता को तारने वाले और विश्व कल्याण की भावना निहित है। मोदी ने स्वदेशी सामान को खरीदने पर जोर दिया। मोदीं ने मन की बात में कहा कि जो अभी देश मे तैयार हुआ माल है, वही खरीदे। स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत का सपना है। घर का माल घर मे और घर का पैसा देश मे रहेगा, तो आर्थिक स्वावलंबन बढ़ेगा। भारत के विशिष्ट और संस्कृति के पर्व पर बात की गई। छठ पर्व भारत ही नही दुनिया मे मनाया जाता है। छठपर्व से आस्था और विश्वास की बुनियाद टिकी हुई है। छठ मैया के इस ऐतिहासिक पर्व कोमोदी ने यूनेस्को की लिस्ट में शामिल करने के लिए भरोसा दिलाया और कहा कि सरकार इसके लिए पर्यटनशील है। छठपर्व उतर भारत ही नही, देश की धरोहर है।

# विशेष

## तुर्किए और भारत के राजनयिक रिश्ते सूत के कच्चो धागे के समान

–कांतिलाल मांडोत–

भारत के बजाय तुर्की का झुकाव पाकिस्तान की और रहा है। अंतराष्ट्रीय राजनीति में चीन औड़ तुर्की ही पाकिस्तान के सदाबहार समर्थक रहे है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा( यूएनजीए) 80 वे सत्र में एक बार फिर जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया। भारत –पाकिस्तान के बीच बातचीत के जरिये कश्मीर मुद्दे को हल करने की वकालत की। हमारे विश्लेषकों को तुर्की के राजनैतिक इतिहास पर बारीकी से नजर डालनी चाहिए। क्योंकि एर्दोआन भारत की यात्रा पर आए थे। उस समय पाकिस्तान की सिफारिश करना नही भूले थे। भारत की उनकी टोही यात्रा के बाद भी एर्दो ने 2019 से अब तक 6 बार पाकिस्तान का जिक्र कर चुके है। तुर्की के पश्चिमी देशों से सम्बंध बिगड़े है, तब से वे नए सहयोगियों की तलाश में है। एर्दो ने रूस, चीन और भारत से सम्बंध सुधारने की कोशिश शुरू की थी। लेकिन भारत और तुर्की के बीच संबंधों की बाधा पाकिस्तान है। तुर्की ने न केवल कश्मीर के मामले मेंबल्कि अंतराष्ट्रीय राजनीति में भी सदा ही पाकिस्तान का खुलकर साथ दिया है। कश्मीर में जनमत संग्रह की वकालत करने वाले एर्दो बाहरी मध्ययस्था के जरिये कश्मीर समस्या सुलझाने की बात करते है। उन्होंने भारत को सुरक्षा परिषद और नाभिकीय आपूर्ति समूह का सदस्य बनाये जाने की वकालत भी की है। लेकिन दोनो हाथ मे लड्डू रखने वाले एर्दो पाकिस्तान को भी उसी श्रेणी में रखना चाहते है, जिसके लिए वे सिफारिश करते है। तुर्की पाकिस्तान को जिस तरह का समर्थन देता रहा है, उसे देखते हुए वह भारत से अधिक अनुकूल रुख की आशा नही कर सकता है। भारत ने भी तुर्की की भारत यात्रा के दौरान यह जताया कि भारत कश्मीर नीति का कूटनीतिक बदला ले सकता है। तुर्की भारत के साथ द्विपक्षीय सम्बंध रखते हुए भी पाकिस्तान का जिक्र करना नही छोड़ता है। तुर्की कश्मीर की बात करता है, लेकिन आर्मेनिया और साइप्रस दो दुःखती रग है। क्योंकि उसने पहले महायुद्ध में और उसके बाद उसने 15 लाख आर्मीनियाईयो को मरवा दिया था। आर्मेनिया उससे इस नरसंहार पर पश्चाताप जताने और क्षमा मांगने की मांग करता रहा है। इसे दोनो देशो के बीच तनातनी रही है। भारत ने उपराष्ट्रपति पति हामिद अंसारी को आर्मेनिया की यात्रा पर भेजकर तुर्की को जता दिया कि वह भी कूटनीति कर सकता है। बार बार कश्मीर की मध्ययस्था कर सुर्खियों में रहने वाला तुर्की ने साइप्रस के एक भाग पर कब्जा कर रखा है। उसे लेकर तुर्की और साइप्रस में तनातनी रहती है। भारत ने एर्दो आन की भारत यात्रा से पहले साइप्रस के रास्ट्रपति को आमंत्रित करके तुर्की को एक और संकेत दे दिया कि वह भारत को हल्के में न ले। फिर भी तुर्की अपनी आदत से मजबूर है। एर्दो आन 2003 में तुर्की के प्रधानमंत्री बने थे। 2011 में पहली बार उनकी पार्टी बहुमत से चुकी थी। राष्ट्रपति प्रणाली में बदलने की बात उठी और 2014 में संविधान में परिवर्तन कर दिया। तब से एर्दो आन अब तक रास्ट्रपति के पद पर है। तुर्की का तख्तापलट की कोशिश नाकाम रही। पाकिस्तान और तुर्की का व्यापार कई गुना है। जब एर्दो ने भारत की यात्रा की थी, उस समय आतंकवाद का विरोध अवश्य किया, पर उनका जोर नक्सली हिंसा पर था, पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद का उन्होंने उल्लेख तक नही किया। तुर्की की दक्षिण एशिया में दिलचस्पी का कारण खिलाफत आंदोलन था। खिलाफत आंदोलन भारत के मुसलमानों का आंदोलन था, लेकिन उसका नेतृत्व महात्मा गांधी कर रहे थे। बाद में आधुनिक तुर्की के राष्ट्रपिता माने जाने वाले मुस्तफा कमाल पाशा ने स्वयं खिलाफत समाप्त करने की पहल की। उन्होंने यह अहसास करवाया कि कठिन समय में तुर्की का साथ दिया। तुर्की को भी पश्चिमी एशियाई राजनैतिक परिस्थितियो में पाकिस्तान से निकटता अधिक लाभदायी दिखाई दी। तुर्की में विनाशकारी भूकंप आया था। उस समय भारत ने मानवता के आधार पर मदद भेजी गई। इस ऑपरेशन के तहत एनडीआरएफ की दो टीमें तुर्कीए भेजी गई। जिसमे एक डॉग स्क्वॉड भी शामिल था। भारत की रेस्क्यू टीमो ने मलवे में दबे लोगो को खोजने में मदद की गई। भूकंप से हिले तुर्किए ने भारत को दोस्त कहकर नजदीकी बढाई और इस हमदर्दी का अहसास करवाया। 2023 में विनाशकारी भूकंप में 55, हजार लोगो की जान चली गई थी। तब मोदी ने कहा था कि भारत के 140 करोड़ लोग तुर्किए के इस दुःख में साथ में है।

# जीएसटी में अभूतपूर्व सुधार

–डा. अश्विनी महाजन–

2017 में प्रारंभ जीएसटी प्रणाली ने पिछले 8 वर्षों में बड़े उतार–चढ़ाव देखे हैं। लगभग एक दशक की चर्चा और डिबेट के बाद जीएसटी प्रणाली देश में लागू हुई थी। प्रारंभ से ही जीएसटी के बारे में चिंताएं, शंकाएं और अपेक्षाएं व्यक्त की जाती रही हैं। जहां प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस इसकी आलोचना करती दिखाई देती रही और उनके प्रमुख नेता इसे गब्बर सिंह टैक्स कहते रहे, और प्रारंभ में व्यापारी संगठन इससे जुड़ी कार्यान्वयन की समस्याओं को लेकर इसका विरोध करते दिखाई देते थे, बड़ी संख्या में अर्थशास्त्री और विशेषज्ञ इसे एक बड़ा सुधार मान रहे थे। राज्य सरकारें और केंद्र सरकार भी इस नई कर प्रणाली को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त नहीं थी। सरकार ने हालांकि जुलाई 2017 में इस प्रणाली को लागू तो कर दिया था, लेकिन प्रारंभ में इससे पर्याप्त राजस्व प्राप्त करने की प्रमुख चुनौती थी।

क्या है जीएसटी : जीएसटी यानी गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स एक एकीकृत अप्रत्यक्ष कर प्रणाली है। जीएसटी से पूर्व देश में केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष कर लगाए जाते थे, जिसमें बिक्री कर, राज्य उत्पाद शुल्क, केंद्रीय उत्पाद शुल्क, सेवाकर, सीमा शुल्क और कई अन्य कर शामिल थे। इन सभी करों को एकीकृत कर एक ही टैक्स जीएसटी के रूप में लगाया गया। सभी करों को एकीकृत कर एक ही कर लगाने के प्रयास का हेतु यह था कि विभिन्न प्रकार के कर लगाने से करदाताओं और कर एकत्र करते हुए उसे सरकारी राजस्व में जमा करना कठिन होता था और उसको एकत्र करने की लागत भी अधिक आती थी। इसके अलावा विभिन्न करों को लगाने से अनपेक्षित प्रभाव होता था।

उदाहरण के लिए अलग–अलग स्तर पर कर लगाने के कारण एक ही वस्तु पर दो और कई बार दो से ज्यादा बार टैक्स देना पड़ता था। इसके कारण सरकार को राजस्व कम प्राप्त होता है, लेकिन वस्तु की कीमत टैक्स प्राप्ति से कहीं ज्यादा बढ़ जाती थी। इस अनपेक्षित प्रभाव को कैसकेंडिंग प्रभाव भी कहते हैं। राजस्व प्राप्ति के स्रोत के रूप में सामान्य तौर पर अप्रत्यक्ष करों को इसलिए सही नहीं माना जाता, क्योंकि इसे अमीर और गरीब सभी के द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर लगाया जाता है। इसलिए अप्रत्यक्ष करों को प्रगतिशील बनाने के लिए इसे लागू करते हुए विभिन्न वस्तुओं पर अलग–अलग कर लगाना जरूरी माना जाता है। उदाहरण के लिए जीएसटी की 0, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की पांच दरें लागू की गई। कृषि उत्पादों समेत कुछ आवश्यक वस्तुओं पर शून्य और अलग–अलग वस्तुओं पर अलग–अलग कर लगाए गए, जिसमें आवश्यक वस्तुओं पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया। इसके बाद इसी तर्ज पर 12, 18 और 28 प्रतिशत जीएसटी लगाया गया, जिसमें विलासिता की और हानिकारक वस्तुओं पर 28 प्रतिशत कर लगाया जाता रहा।

कर दरें ज्यादा हों या कम : सामान्य तौर पर चाहे किसी भी प्रकार का कर हो, अप्रत्यक्ष कर अथवा प्रत्यक्ष कर, सभी में प्रगतिशीलता लाने हेतु अलग–अलग दर पर कर लगाया जाता है। उदाहरण के लिए एक स्तर की आय तक शून्य और उसके बाद आय के परिमाण के आधार पर स्लैब बनाकर उन पर बढ़ती दरों पर आयकर लगाया जाता है। इसी प्रकार अप्रत्यक्ष करों में सामान्य जन अधिकांशतः निम्न आय वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर शून्य अथवा बहुत कम कर लगाया जाता है। इसी प्रकार जीएसटी लागू करते समय उसे अधिक प्रगतिशील बनाते हुए उसमें पांच दरें रखी गई थीं। इस समय से इस विषय में अर्थशास्त्रियों के मतभिन्नता देखने को मिलती रही। अर्थशास्त्रियों के एक वर्ग का कहना है कि इसे अधिक कुशल बनाने हेतु एक ही जीएसटी की दर होनी चाहिए। इस प्रकार की व्यवस्था सिंगापुर समेत कई देशों में है। लेकिन वे सभी विकसित देश हैं। लेकिन भारत जैसे देश में जहां असमानताएं अधिक विषम हैं, एक ही जीएसटी की दर अपनाना सही नहीं माना जा सकता, क्योंकि एक ओर रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं जैसे दूध, दही, पनीर, पैकेज खाद्य पदार्थ, साइकिल और दूसरी तरफ महंगी कारों पर एक ही जीएसटी की दर को सही नहीं माना जा सकता। इसी कारण जीएसटी को प्रगतिशील बनाने हेतु शून्य सहित पांच दरें रखी गई थी। लेकिन एक विचार जो बार–बार व्यक्त किया जाता रहा कि अधिक दरें होने के कारण असमंजस अधिक होता है, विशेष तौर पर अंतिम वस्तु और अंतिम वस्तुओं की दरें भिन्न होने पर यह असमंजस और भी अधिक बढ़ जाता है। इसीलिए यह माना गया कि अधिक दरें जीएसटी प्रशासन में एक कुशलता का कारण बनती हैं। लेकिन जीएसटी में प्रगतिशीलता बनी रहे, इसके लिए उसमें शून्य के अतिरिक्त न्यूनतम दो तरह दरें सही हैं। ऐसा लगता है कि इसी सिद्धांत पर आधारित 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरें रखने का निर्णय हुआ है। इसके साथ ही साथ यदि सामान्य रूप से विलासिता की वस्तुएं जैसे अत्यधिक महंगी कारें, स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुएं जैसे काबोर्रेटेड पेय पदार्थ, सिगरेट, गुटका आदि उत्पादों पर विशेष दर पर जीएसटी लगाया गया है।

अनेक उत्पाद जिन पर पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, उन्हें अब शून्य की श्रेणी में लाया गया है। इनमें अधिकांश दुग्ध उत्पादों सहित खाद्य पदार्थ हैं। इसके अतिरिक्त कई उत्पाद जिन पर पूर्व में 12 और 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, अब 5 प्रतिशत की श्रेणी में आ गए हैं। ऐसे उत्पाद जिन पर पूर्व में 28 प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था, अब 18 प्रतिशत की श्रेणी में शामिल हो गए हैं। कहा जा सकता है कि जीएसटी की दरों में भारी कमी हुई है। इसी प्रकार जीएसटी की दरों को युक्तिसंगत बनाने का भरपूर प्रयास हुआ है।

जीएसटी सुधारों में गिरावट के पीछे की दृष्टि : हालांकि जीएसटी सुधारों से महंगाई में कमी आएगी और इसलिए यह एक लोकप्रिय कदम तो है ही, जीएसटी की दरों में कमी और उन्हें युक्तिसंगत बनाने के पीछे के उद्देश्यों को समझने की आवश्यकता है। सर्वप्रथम जीएसटी की दरों में गिरावट ऐसे समय पर आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के अधिकांश उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर दिया है। प्रधानमंत्री के 15 अगस्त के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से दिया गया भाषण और उसमें स्वदेशी के आग्रह को भी उसके साथ जोडकर देखा जा सकता है। जीएसटी दरों में कमी से देश में बने उत्पाद अब पहले से सस्ते हो जाएंगे, जिससे स्वदेशी उत्पादों का उपभोग तो बढ़ेगा ही, साथ ही साथ हमारे उत्पाद अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगे। दूसरे जीएसटी दरों में कमी से सामान्य उपभोग की वस्तुएं पहले से सस्ती होंगी, इससे मुद्रास्फीति में कमी होगी। मुद्रास्फीति में कमी का सकारात्मक प्रभाव आर्थिक ग्रोथ पर पड़ता है।

मुद्रास्फीति में कमी से ब्याज दरों में कमी आती है जिससे निवेश बढ़ता है। इससे हाउसिंग क्षेत्र और स्थायी वस्तुओं का उपभोग बढ़ाने में मदद मिलती है। तीसरी, जीएसटी दरों में कमी से नवीनीकरण ऊर्जा क्षेत्र को राहत और प्रोत्साहन देने का प्रयास हुआ है। सोलर और पवन ऊर्जा उपकरणों पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। अपेक्षा की जा सकती है कि अब नवीनीकरण ऊर्जा संयंत्रों की स्थापना को प्रोत्साहन तो मिलेगा ही, नवीनीकरण ऊर्जा की लागत भी घटेगी, जिससे अब भारत इस क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। चौथे, कृषि उपकरणों और इनपुट पर जीएसटी में कमी से कृषि की लागत कम होगी। लागत घटने से किसानों की हालत में सुधार तो होगा ही, हमारे कृषि उत्पादन वैश्विक स्तर दृष्टि से अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे। पांचवें, अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जीएसटी की दरों में कमी से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति में भी वृद्धि होगी, जिससे देश में उपभोक्ता मांग ही नहीं, बल्कि निवेश मांग भी बढ़ेगी।

# बिहारवासियों को तीन नई अमृत भारत और चार पैसेंजर ट्रेनों की सौगात

–विनोद कुमार सिंह–

आज अमृत भारत एक्सप्रेस की चर्चा चहुँ दिशाओं की हर गली– कूचे में है। चाय की दुकानों से लेकर अखाड़ों तक, कॉलेजों से लेकर खेतों की मेड़ों तक, लोग यही कह रहे हैं कि यह ट्रेन आम लोगों के लिए किसी सपने के पूरे होने जैसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल आज नए युग में प्रवेश कर चुकी है। हमारा लक्ष्य है विकसित भारत–विकसित बिहार। रेलवे केवल यातायात का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। अमृत भारत एक्सप्रेस इसका जीवंत उदाहरण है, जिसने मध्यम वर्ग और आम लोगों की यात्रा को तेज, सुरक्षित और आरामदायक बनाया है। पर्व–त्योहारों के इस पावन अवसर पर बिहार वासियों को सात नई ट्रेनों की सौगात देकर हमें गर्व की अनुभूति हो रही है।

उन्होंने कहा कि ये ट्रेनें केवल यात्रियों को गंतव्य तक पहुँचाने का साधन नहीं, बल्कि बिहार की आकांक्षाओं और सपनों को साकार करने का माध्यम हैं। रेलमंत्री के उद्बोधन के साथ ही पटना जंक्शन से जैसे ही हरी झंडी लहराई, स्टेशन पर खड़े हजारों लोगों की तालियाँ और जयकारे गूंज उठे। चेहरे पर उत्साह, आँखों में उम्मीद और होंठों पर संतोष की मुस्कान मानो यह सिर्फ.ट्रेन का नहीं बल्कि बिहार के भविष्य का शुभारंभ था। त्योहार का मौसम हमेशा से बिहारवासियों के लिए घर लौटने का सबसे बड़ा अवसर होता है। परंपरागत रूप से इस समय टिकटों की मारामारी रहती है, ट्रेनें खचाखच भर जाती हैं और प्रवासी मजदूरों से लेकर विद्यार्थियों तक सभी को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ऐसे में सात नई ट्रेनों का परिचालन होना किसी वरदान से कम नहीं। यह सिर्फ. पटरी पर दौड़ती ट्रेन नहीं, बल्कि बिहार के लाखों परिवारों के लिए घर लौटने की नई उम्मीद है।

अमृत भारत एक्सप्रेस : बिहार से देश को जोड़ती आधुनिक सौगात– आज अमृत भारत एक्स प्रेस की चर्चा चहुँ दिशाओं की हर गली– कूचे में है। चाय की दुकानों से लेकर अखाड़ों तक, कॉलेजों से लेकर खेतों की मेड़ों तक, लोग यही कह रहे हैं कि यह ट्रेन आम लोगों के लिए किसी सपने के पूरे होने जैसी है। वजह भी साफ है। तेज रफ्तार, बेहतर सुरक्षा और सस्ती यात्रा तीनों गुण एक साथ किसी मध्यम वर्गीय परिवार के लिए बड़ी राहत हैं। अब तक बिहार से 10 अमृत भारत एक्सप्रेस चल रही थीं। आज तीन नई सेवाओं के साथ यह संख्या 13 हो गई है। यह आँकड़ा केवल गिनती नहीं, बल्कि इस बात का प्रमाण है कि बिहार अब रेलवे की

पटना से बक्सर, झाझा से दानापुर, पटना से इसलाम पुर और नवादा से पटना के बीच शुरू हुई ये ट्रेनें उन छोटे शहरों और गाँवों तक नई उम्मीद लेकर पहुँची हैं, जहाँ लोग वर्षों से रेल सेवा का इंतजार कर रहे थे। नवादा से पटना के लिए चली ट्रेन ने तो बरबीघा और बिहार शरीफ के लोगों का दशकों पुराना सपना पूरा कर दिया। स्टेशन पर इकट्ठा भीड़ की खुशी देखी नहीं जा रही थी।

आधुनिकता में अग्रणी है।

मुजफ्फरपुर से हैदराबाद के नजदीक चर्लपल्ली तक सीधी ट्रेन का चलना बिहार के दक्षिण भारत से रिश्ते और मजबूत करेगा। अब वहाँ पढ़ने जाने वाले विद्यार्थी, आईटी कंपनियों में नौकरी करने वाले युवा और कामकाजी मजदूर आसानी से अपने गंतव्य तक पहुँच पाएंगे। यही नहीं, पहली बार बिहार से दक्षिण भारत तक अमृत भारत ट्रेन जाने लगी है। दरभंगा से अजमेर तक का सीधा संपर्क धार्मिक आस्था और पर्यटन दोनों के लिए एक बड़ी क्रांति है। ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर जाने वालों को अब सीधे और सुविधा जनक ट्रेन सेवा मिलेगी। साथ ही, यह ट्रेन राजस्थान और बिहार के बीच व्यापारिक रिश्तों को भी गहरा करेगी। तीसरी ट्रेन छपरा से आनंद विहार टर्मिनल (दिल्ली) तक है, जो बिहार से दिल्ली की ओर छठी अमृत भारत ट्रेन है। दिल्ली–बिहार मार्ग पर यह नई सुविधा लाखों प्रवासियों के लिए किसी आशीर्वाद जैसी है।

भारतीय रेलवे द्वारा विकसित यह स्वदेशी ट्रेन यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव देती है। सेमी–ऑटोमैटिक कपलर, फायर डिटेक्शन सिस्टम, सील्ड गैंगवे और टॉकबैक यूनिट जैसी आधुनिक तकनीक इस ट्रेन को और खास बनाती है। पहली बार नॉन–एसी कोचों में भी सुरक्षा और सुविधा का यह स्तर यात्रियों को मिला है। यह कदम बिहार को विकसित भारत की दिशा में नई गति देता है। ग्रामीण इलाकों को पैसेंजर ट्रेनों से मिली नई जीवनरेखा–इस सौगात की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि यह केवल बड़े शहरों तक ही सीमित नहीं है। ग्रामीण और कस्बाई इलाकों के लिए भी चार नई पैसेंजर ट्रेनों का शुभारंभ हुआ है।

पटना से बक्सर, झाझा से दानापुर, पटना से इसलाम पुर और नवादा से पटना के बीच शुरू हुई ये ट्रेनें उन छोटे शहरों और गाँवों तक नई उम्मीद लेकर पहुँची हैं, जहाँ लोग वर्षों से रेल सेवा का इंतजार कर रहे थे। नवादा से पटना के लिए चली ट्रेन ने तो बरबीघा और बिहार शरीफ के लोगों का दशकों पुराना सपना पूरा कर दिया। स्टेशन पर इकट्ठा भीड़ की खुशी देखी नहीं जा रही थी। बुजुर्गों की आँखें नम थीं, बच्चे झूम रहे थे और महिलाएँ जय भारत माता के नारे लगा रही थीं। यह सिर्फ. ट्रेनों का परिचालन नहीं है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों का नया द्वार है। अब गाँव के विद्यार्थी आसानी से कॉलेज और विश्वविद्यालय तक पहुँच पाएंगे। किसान अपने उत्पाद बड़े बाजारों तक ले जा सकेंगे। बीमार लोग पटना और अन्य बड़े शहरों के अस्पतालों तक तेजी से पहुँच सकेंगे, और सबसे अहमझ्छोटे शहरों और कस्बों में व्यापार और पर्यटन को नई उड़ान मिलेगी।

नई ट्रेनों के परिचालन से बिहार की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ेगा। रेलवे स्टेशनों पर रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी। व्यापारियों के लिए नए बाजार खुलेंगे और धार्मिक व सांस्कृतिक स्थलों तक पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। पर्व–त्योहारों के इस मौसम में बिहारवासियों को मिली यह सौगात ऐतिहासिक है। तीन अमृत भारत एक्सप्रेस और चार पैसेंजर ट्रेनों का शुभारंभ न केवल यात्रा को सुविधा जनक बनाता है, बल्कि यह बिहार की सामाजिक और सांस्कृतिक एकता को भी मजबूत करता है। यह कदम बिहार की नई पहचान गढ़ने वाला है एक ऐसा बिहार जो तेज रफ्तार से दौड़ रहा है, आत्मनिर्भर हो रहा है और राष्ट्रीय धारा से कदम से कदम मिलाकर चल रहा है।

# पारिवारिक दलों में विरासत की तकरार, कब लगेगी इस पर लगाम?

–उमेश चतुर्वेदी–

बिहार में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं, लेकिन राष्ट्रीय जनता दल (राजद) इन दिनों पारिवारिक संकट से गुजर रहा है। पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद यादव स्वास्थ्य कारणों से पहले की तरह सक्रिय नहीं हैं। भारतीय परंपरा में पिता का उत्तराधिकारी बड़ा बेटा होता है, लेकिन राजद में लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप की जगह छोटे बेटे तेजस्वी यादव स्वीकार्य हो चुके हैं। इसके बावजूद इन दिनों पार्टी में खींचतान बढ़ी है। तेजप्रताप यादव राजद से निकाले जा चुके हैं। इसके जवाब में उन्होंने जनशक्ति जनता दल के नाम से अपनी अलग पार्टी बना ली है।

उनकी बहन रोहिणी आचार्य कभी तेजप्रताप का साथ देती नजर आ रही हैं तो कभी परोक्ष रूप से तेजस्वी पर हमला करती दिख रही हैं। राजद में सत्ता की लड़ाई की वजह हरियाणा मूल के संजय यादव को माना जा रहा है, जो इन दिनों तेजस्वी के नजदीकी और पार्टी के राज्यसभा सदस्य हैं। वैसे बीते लोकसभा चुनाव में पारिवारिक हिस्सेदारों को खुश करने की कोशिश पार्टी में खूब दिखी। रोहिणी आचार्य को सारण लोकसभा सीट और मीसा भारती को पाटलिपुत्र से टिकट मिला था। तेजस्वी और तेजप्रताप विधानसभा के सदस्य पहले से ही हैं। लालू यादव की सबसे बड़ी बेटी मीसा चुनाव जीतने में कामयाब रहीं तो रोहिणी को हार का सामना करना पड़ा। मीसा बेशक इन दिनों चुप हैं, लेकिन उनकी नाराजगी भी सतह पर आती रही है।

परिवार केंद्रित पार्टियों में ऐसा संकट सामने आता रहता है। पारिवारिक पार्टियां दिखावे के लिए भले ही संसदीय राजनीतिक परंपराओं और मयार्दाओं की रस्में पूरी करती रहती हैं, लेकिन हकीकत में वे प्राइवेट लिमिटेड कंपनियों की तरह चलाई जाती हैं। राजद की भी स्थिति कुछ ऐसी ही है। वैसे राजद अकेला ऐसा दल नहीं है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति, आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस, कर्नाटक में जनता दल–एस, तमिलनाडु में डीएमके, बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल, पंजाब में शिरोमणि अकाली दल भी एक तरह से पारिवारिक पार्टियां ही हैं। जहां लोकतांत्रिक परंपरा और चुनाव कानूनों को निभाने की रस्में भर पूरी की जाती हैं, लेकिन सत्ता का असल केंद्र एक परिवार ही होता है। जब उन

सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के स्वाभाविक उत्तराधिकारी शिवपाल यादव माने जाते रहे, लेकिन 2012 में सत्ता मुलायम के बेटे अखिलेश यादव को मिली। तब से शुरू हुई उत्तराधिकार की जंग सत्ता के आखिरी दिनों में खूब चली। जंग तभी थमी, जब शिवपाल ने भतीजे की सरपरस्ती स्वीकार कर ली। उत्तर प्रदेश की ही एक और पार्टी अपना दल में पारिवारिक जंग अब भी जारी है। महाराष्ट्र में शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे के स्वाभाविक उत्तराधिकारी के तौर पर राज ठाकरे उभरे, लेकिन उत्तराधिकार सौंपने की जब बारी आई तो बाला साहब ने बेटे उद्धव ठाकरे पर भरोसा किया, तब शिवसेना में उत्तराधिकार की जंग का गवाह महाराष्ट्र बना था।

पारिवारिक पार्टियों का संस्थापक कमजोर पड़ने लगता है, तब उनमें संपत्ति, सत्ता और उत्तराधिकार की जंग छिड़ जाती है। राजद में जो हो रहा है, वह इसी का एक रूप है।

राजद की तरह पारिवारिक विवाद तो तेलंगाना की सत्ता पर दस साल तक काबिज रही भारत राष्ट्र समिति में भी शुरू हो चुका है। पार्टी के संस्थापक के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। उनकी अपने ही भाई और चंद्रशेखर राव के उत्तराधिकारी माने जा रहे केटी रामराव से तालमेल नहीं बैठ रहा।

तेलंगाना से सटे आंध्र प्रदेश की सत्ता पर दस साल काबिज रह चुके वाईएसआर कांग्रेस के प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ उनकी बहन वाईएस शर्मिला ने मोर्चा खोल रखा है। वाईएसआर कांग्रेस में पारिवारिक विवाद की वजह भी पारिवारिक संपत्ति और सत्ता में हिस्सेदारी है। पड़ोसी तमिलनाडु के प्रथम राजनीतिक परिवार में भी सत्ता और संपत्ति को लेकर विवाद अब भी जारी है। के. करुणानिधि ने छोटे बेटे एमके स्टालिन को अपना उत्तराधिकारी बनाकर स्थापित कर दिया।

हालांकि उनके दूसरे बेटे एमके अलागिरी को स्टालिन की सरपरस्ती स्वीकार्य नहीं थी। इसलिए परिवार में सत्ता के उत्तराधिकार की लड़ाई जारी रही। करुणानिधि के भतीजे मुरासोली मारन के बेटे कलानिधि मारन और दयानिधि मारन के बीच संपत्ति का विवाद हाल में राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियां बना था। हरियाणा का चौटाला परिवार तो राजनीतिक उत्तराधिकार की लड़ाई में खंड–खंड हो चुका है। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी में भी संपत्ति और उत्तराधिकार की जंग ऐसे ही छिड़ी थी।

सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के स्वाभाविक उत्तराधिकारी शिवपाल यादव माने जाते रहे, लेकिन 2012 में सत्ता मुलायम के बेटे अखिलेश यादव को मिली। तब से शुरू हुई उत्तराधिकार की जंग सत्ता के आखिरी दिनों में खूब चली। जंग तभी थमी, जब शिवपाल ने भतीजे की सरपरस्ती स्वीकार कर ली। उत्तर प्रदेश की ही एक और पार्टी अपना दल में पारिवारिक जंग अब भी जारी है। महाराष्ट्र में शिवसेना के संस्थापक बाला साहब ठाकरे के स्वाभाविक उत्तराधिकारी के तौर पर राज ठाकरे उभरे, लेकिन उत्तराधिकार सौंपने की जब बारी आई तो बाला साहब ने बेटे उद्धव ठाकरे पर भरोसा किया, तब शिवसेना में उत्तराधिकार की जंग का गवाह महाराष्ट्र बना था।

दरअसल पारिवारिक पार्टियों में उत्तराधिकार की लड़ाई तब छिड़ती है, जब पार्टी का संस्थापक कमजोर हो जाता है और सत्ता उसके हाथ से फिसल चुकी होती है। वोटर भले ही अपने पारिवारिक स्तर पर भारतीय परंपरा को निभाता हो, लेकिन वह उसे ही राजनीतिक उत्तराधिकारी के रूप में स्वीकार करता है, जिसे राजनीतिक परिवार का मुखिया अपना उत्तराधिकारी घोषित करता है। स्टालिन और अखिलेश यादव इसके उदाहरण हैं। अब देखना यह है कि बिहार की जनता इसी रवायत पर कायम रहती है या कुछ नया फैसला लेती है। वैसे तेजप्रताप और रोहिणी के बागी होने का राजद के चुनावी नतीजों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी–85, नोएडा, सेक्टर–6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित
कराकर कार्यालय, बी–102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली–110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 8:34 PM Page 1



# सात साल की उम्र में कुरान मुकम्मल कर अब्बास बना 'नन्हा हाफ़िज़'



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** शहर के मंडी चौब मोहल्ले के मशहूर शायर मास्टर अबुल हसनैन 'फन अम्रोहवी' के पोते मोहम्मद अब्बास नक़वी ने केवल 7 वर्ष की आयु में इस्लाम धर्म की मुकद्दस किताब कुरान मुकम्मल कर परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। अब्बास गाज़ियाबाद के फादर एग्नल स्कूल में कक्षा दो के छात्र हैं। उनकी माता शैहज़ा बतूल नक़वी ने बताया कि अब्बास न केवल कुरान की तालीम में अव्वल हैं, बल्कि अंग्रेज़ी भाषा में भी बेहतरीन दक्षता रखते हैं। वे धाराप्रवाह अंग्रेज़ी बोलते हैं और अपनी उम्र से कहीं अधिक समझदारी दिखाते हैं। उनकी इस उपलब्धि पर रेड ड्रॉप्स ग्रुप सहित कई संस्थाओं ने अब्बास को शुभकामनाएं दीं। अब्बास के पिता सज्जाद आबिद ने कुरान की तालीम देने वाले मौलाना अनीस अहमद का सम्मान किया और कहा कि वे अपने बेटे को दीनी और दुनियावी दोनों शिक्षा में आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रखेंगे। इस खुशी के मौके पर परिवार द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। मौलाना अनीस अहमद ने कहा कि अब्बास की यह कामयाबी उनके माता-पिता और दादा की मेहनत का नतीजा है, जो वास्तव में बधाई के पात्र हैं।

# छात्राओं ने जाना पुलिस की कार्यप्रणाली, निकाली मिशन शक्ति जागरूकता रैली



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में मिशन शक्ति 0.5 के विशेष अभियान के तहत थाना बछरायूं में बुधवार को एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्लोबल पब्लिक स्कूल बछरायूं की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को थाना भ्रमण कराया गया, जहां थाना प्रभारी अमित तोमर ने उन्हें पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया, आपातकालीन सेवाओं और अपराध नियंत्रण की जिम्मेदारियों से अवगत कराया। छात्राओं ने महिला हेल्प डेस्क, रोजनामचा कक्ष, साइबर सेल डेस्क आदि का अवलोकन कर पुलिस कार्यप्रणाली को नजदीक से समझा।छात्राओं को जानकारी दी गई कि किसी भी आपात स्थिति में वे महिला हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर लाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क कर सकती हैं। थाना भ्रमण के बाद थाना बछरायूं से चौपला बछरायूं तक ÷मिशन शक्ति जागरूकता रैली÷ निकाली गई। इसमें पुलिस कर्मियों, मिशन शक्ति टीम एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में ÷नारी सुरक्षा, नारी सम्मान- अमरोहा पुलिस का अभियान÷ का संदेश दिया गया। यह आयोजन छात्राओं में आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना को सशक्त करने वाला रहा तथा मिशन शक्ति फेज-5 के उद्देश्यों- सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन- को आगे बढ़ाने का सार्थक प्रयास साबित हुआ।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत ट्विंकल बनी एक दिन की मुख्य विकास अधिकारी

*** छात्राओं ने संभाला प्रशासनिक पदों का दायित्व, सीखा नेतृत्व और जिम्मेदारी का पाठ**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान और नारी स्वावलंबन के उद्देश्य से चल रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को जनपद में एक अनूठा सांकेतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कस्तूरबा गांधी विद्यालय गजरौला की बारहवीं कक्षा की छात्रा ट्विंकल को एक दिन का मुख्य विकास अधिकारी बनाया गया। इसी क्रम में मनीषा को परियोजना निदेशक, स्वाति को जिला पंचायत राज अधिकारी, आंचल को जिला विकास अधिकारी, पायल को जिला प्रोबेशन अधिकारी तथा आरूषि को पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने छात्रा ट्विंकल को बुके भेंट कर सम्मानित किया और सभी छात्राओं को बैग वितरित किए। उन्होंने छात्राओं को प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी दी और कहा कि मिशन शक्ति 5.0 का उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि ÷नारी के सम्मान से ही देश का गौरव बढ़ेगा। हमें यह संदेश देना है कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं।÷श्री मिश्र ने आगे कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं को शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली समझने का अवसर देते हैं और उन्हें उच्च पदों तक पहुंचने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर हब इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की कार्मिक कृ. ललिता रानी (जेंडर विशेषज्ञ), अपूर्वा (लेखाकार), सखी वन स्टॉप सेंटर की करूणा निधि (मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता), ममता दुबे (सेंटर मैनेजर), मीनाक्षी (प्रधानाचार्य) सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जनपदीय एथलेटिक क्रीड़ा प्रतियोगिता 13 से 15 अक्टूबर तक

*** राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा में होगी आयोजित**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जनपदीय एथलेटिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 13, 14 एवं 15 अक्टूबर 2025 को राजकीय इंटर कॉलेज अमरोहा के मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता का संयोजक विद्यालय जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज अमरोहा होगा। यह जानकारी प्रतियोगिता के संयोजक एवं जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. जी.पी. सिंह ने दी। डॉ. सिंह ने बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह प्रतियोगिता जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज के मैदान में होनी थी, किंतु शासन के निर्देश पर उसी मैदान पर अमरोहा ट्रेड फेयर आयोजित होने के कारण अब प्रतियोगिता का स्थल बदलकर राजकीय इंटर कॉलेज का मिनी स्टेडियम किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारियां जोरों पर हैं। मैदान पर ट्रैक बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। वर्षा के कारण ट्रैक पर जलभराव होने से पहले उसे दुरुस्त कराया जा रहा है। आज खेल संयोजक डॉ. जी.पी. सिंह, क्रीड़ा सचिव विजय सिंह एवं क्रीड़ा प्रभारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में खेल विशेषज्ञों द्वारा ट्रैक प्वाइंट की नाप-तौल कर चूने से चिन्हांकन कार्य शुरू किया गया। डॉ. सिंह ने बताया कि संकुल स्तर पर विजयी छात्र-छात्राओं को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग कराया जाएगा।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी संकुल प्रभारियों को निर्देशित किया है कि बिना पात्रता प्रपत्रों के किसी भी खिलाड़ी को प्रतिभाग न कराया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 15 अक्टूबर को जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का समापन होगा, जबकि 16 अक्टूबर से मंडलीय प्रतियोगिता सम्भल जनपद के चंदौसी शहर में आरंभ होगी।अतः बिना पात्रता के खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराना संभव नहीं होगा। इस अवसर पर मैदान में क्रीड़ा सचिव विजय सिंह, क्रीड़ा प्रभारी स0 सुरेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, अनिल कुमार, शिव कुमार, डॉ0 संजीव कुमार, शाह आलम, साहजेब तकी, देवेंद्र सिंह, मुनेंद्र सिंह, मनीष त्यागी, विकास गंगवार, उवेश जाहिर, योगेश कुमार, दीपक कुमार आदि खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# एनसीसी कैडेट्स संग छात्र-छात्राओं ने स्कूल मे श्रमदान, स्वच्छता को किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बहमन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स और विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में श्रमदान किया 23 एनसीसी बटालियन के तत्वाधान में एनसीसी कैडेट्स ने बच्चों को स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत आसपास हो रही गंदगी को किस प्रकार साफसुथरा किया जा सकता है के विषय में अपने-अपने अनुरूप श्रमदान किया और लोगों को श्रमदान करने के प्रति जागरूक भी किया सभी छात्र-छात्राओं के एनसीसी कैडेट प्रेरणा स्त्रोत बने और उन्होंने श्रमदान में मुख्य भूमिका निभाई। इस उपलक्ष में विद्यालय के प्रधानाचार्य शोभित कुमार रस्तोगी, विद्यालय की डायरेक्टर ताहिर उज़ जमा, विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मोहम्मद ऑन नकवी, विद्यालय के प्रशासक असगर अली शाह, कोऑर्डिनेटर में कुमारी शबाना नाज़,और एनसीसी अधिकारी दिनेश कुमार सिंह के साथ-साथ विद्यालय के अध्यापक अखिलेश कुमार, अमीरुल हसन, मोहम्मद फरमान, मोहम्मद वसीम, नूरीन फरीदी और 23 एनसीसी बटालियन के हवलदार प्रेम कुमार के साथ विद्यालय के पीआरओ साहिब अली खान लॉजी भी उपस्थित रहे।

# अवैध रूप से संचालित ए एस हॉस्पिटल पर नगर मजिस्ट्रेट का छापा किया सील



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** अवैध रूप से चल रहे क्लीनिक और अस्पतालों के खिलाफनिरंतर नगर मजिस्टेऊट और स्वास्थय विभाग की छापामार कार्यवाही जारी है। छापामार कार्यवाही के क्रम मे एक अवैध रूप से संचालित अस्पताल को सील किया गया है।

नगर सम्भल के ग्राम मल्ली सराय, सम्भल में अवस्थित ए.एस. हेल्थ केयर का नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार द्वारा निरीक्षण किया गया। मौके क्लीनिक के अन्दर जाकर देखा तो लगभग 6-7 मरीज भर्ती पाये गये, जो अपनी विभिन्न बीमारी का इलाज कराने हेतु भर्ती थे। क्लीनिक में अत्यंत बदबू एवं गन्दगी पायी गयी। इस प्रकार उपर्युक्त क्लीनिक अस्पताल के रूप में संचालित पाया गया। इस अस्पताल में ऑपरेशन थिएटर एवं लेबर रूम अवस्थित पाया गया। क्लीनिक में मोहम्मद यूनुस पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मोहम्मदपुर टांडा लोगों का इलाज करते हुए उपस्थित मिले। इनसे इनकी शैक्षिक योग्यता के बारे में पूछा गया तो इनके द्वारा अपने आप को इंटरमीडिएट बताया। इसके पश्चात इनसे पूछा गया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों का इलाज किस डॉक्टर के द्वारा किया जा रहा है, तो उनके द्वारा बताया गया कि अस्तपाल में डॉ. यामीन बैठते हैं। डॉ. यामीन को उपस्थित होने हेतु सम्बन्धित स्टाफ से अवगत कराने को कहा। काफी समय बाद डॉ यामीन उपस्थित आये। इनके द्वारा बताया गया कि यह बीयूएम एस डॉक्टर हैं। परंतु इनके द्वारा ऑपरेशन थिएटर के संचालन संबंधी कोई भी उत्तर नहीं दिया गया। मौके पर इनके अथवा किसी भी स्टाफद्वारा क्लीनिक/अस्पताल के रजिस्ट्रेशन सम्बन्धी अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। स्थानीय व्यक्तियों द्वारा अवगत कराया गया कि यह अस्पताल लगभग 2 वर्ष से संचालित है। इस प्रकार प्रथम दृश्टया यह क्लीनिक/अस्पताल अवैध रूप से संचालित पाया गया, जिसमें अयोग्य नर्सिंग कार्य कर रहा था तथा संभवतः बिना किसी योग्यता के प्रश्नगत आरिफ लोगों का इलाज किया जा रहा था, जो कि प्रथम दृश्ट्या ही अवैधानिक है। इसके संबंध में डॉ. मनोज चौधरी, नोडल अधिकारी, क्वैक्स को सूचित किया गया कि इस क्लीनिक/अस्पताल के संबंध में आवश्यक जांचोपरांत संबंधित थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इस कारण उपर्युक्त ए.एस. हेल्थ केयर जो कि अस्पताल के रूप में संचालित पाया गया, को तत्काल उपर्युक्त क्लीनिक/ अस्पताल के वैध अभिलेख प्रस्तुत करने तक सील मुहर कर बन्द कर दिया गया है। उक्त युनूस द्वारा तीसरे हॉस्पिटल को सील करने की कार्यवाही अमल मे लायी गई है।

# बालिकाओं के त्रिदिवसीय राज्य स्तरीय डीएवी खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** डी.ए.वी. फर्टिलाइज़र पब्लिक स्कूल, बबराला, जनपद संभल में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय डी.ए.वी. स्पोर्ट्स 2025 (बालिका वर्ग) का भव्य समापन 8 अक्टूबर 2025 को हुआ। पूरे तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में बालिकाओं ने अनुशासन, उत्साह और खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने विद्यालयों का गौरव बढ़ाया। अंतिम दिन का वातावरण उल्लास, रोमांच और राष्ट्रीय भावना से परिपूर्ण था।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डी.ए.वी. खड़िया ने ओवरऑल विजेता का खिताब प्राप्त किया, जबकि उपविजेता रही डी.ए.वी. गेल।

अंडर 14 वर्ग में विजेता डी.ए.वी. गेल रही और उपविजेता डी.ए.वी. वाराणसी। अंडर 17 वर्ग में विजेता डी.ए.वी. गेल तथा उपविजेता डी.ए.वी. खड़िया रही। अंडर 19 वर्ग में विजेता डी.ए.वी. खड़िया और उपविजेता डी.ए.वी. कुमारगंज रही। सर्वश्रेष्ठ एथलीट के रूप में अंडर 14 वर्ग से सौम्या यादव (डी.ए.वी. बबराला, संभल), अंडर 17 वर्ग से दिया कुमारी (डी.ए.वी. गेल) तथा अंडर 19 वर्ग से नीतू सिंह (डी.ए.वी. खड़िया) को सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों के उमंग और समर्पण ने दर्शकों को अभिभूत कर दिया। टूर्नामेंट चौंपियंस के रूप में क्लस्टर 3 एवं 4 घोषित हुए, जबकि क्लस्टर 1 एवं 2 प्रथम रनर अप रहे। समापन समारोह में डी.ए.वी. प्रबंधन समिति के चेयरमैन एम. एस. प्रसाद ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि जीवन का उत्सव हैं। सुरक्षा और अनुशासन के साथ खेल में भाग लेना ही सच्ची जीत है, क्योंकि हर खिलाड़ी की भागीदारी उसकी आत्मविजय का प्रतीक है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य आनंद स्वरूप सारस्वत ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागी विद्यालयों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जनपद की खेल अधिकारी प्रमिला भारती, डीएवी बागपत के प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार, डीएवी हापुड़ के प्रधानाचार्य डॉ विनीत त्यागी, यारा फर्टिलाइजर्स के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, जनपद के वरिष्ठ पत्रकार, सभी शिक्षक, कोच समेत उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई हुई सभी बालिका खिलाड़ियों समेत समस्त विद्यालय स्टाफएवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# एक्सीडेंट मे घायल हुए व्यक्ति की दिल्ली के अस्पताल मे उपचारके दौरान मौत




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** एक्सीडेंट के बाद उपचार के दौरान दिल्ली सफ्दरजंग हॉस्पिटल में भर्ती एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक थाना नखासा क्षेत्र के गांव पिपली रहमापुर निवासी फरमान बताया जाता है। जो कि पांच दिन पहले गांव से मोटर साईकिल से सवाल होकर संभल जा रहा था। मोटरसाइकिल से सवार होकर उनका चचेरा भाई और वह तेज रफ्तार पिक गाड़ी की आमने-सामने की जोरदार भीड़ंत में फरमान व उसका भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को उपचार के लिए संभल जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। घायल फरमान पुत्र छुट्टन की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया लेकिन हायर सेंटर मुरादाबाद में भी उसकी फरमान की नाजूक हालत देखते हुए कॉसमॉस मुरादाबाद में भर्ती कराया लेकिन कॉसमॉस के डॉक्टरों ने भी उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे दिल्ली सफ्दरजंग हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। चार दिन से चल रहे इलाज के दौरान फरमान की दर्दनाक मृत्यु हो गई। फरमान की शादी अब से 8 साल पहले हुई थी। जिसके दो बेटे हैं एक बेटा पांच साल अतीप दूसरा बेटा ढाई साल का हरीश फरमान लोहे का ठेकेदार था। बच्चों के सर से पिता का साया उठने के बाद फरमान की पत्नी का वह परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है। फिलहाल संभल पुलिस ने इस मामले की पहले ही तैयारी लेकर पिकअप गाड़ी को पड़कर थाने में खड़ा कर दिया है। फिलहाल संभल पुलिस मामले की जांच पड़ताल घर उचित कार्रवाई पीड़ित परिवार को आश्वासन दे रही है। फिलहाल फरमान का शव दिल्ली सफ्दरजंग हॉस्पिटल से घर आ पहुंचे। जहां देर शाम सुर्पेदेखाक किए जाने की तैयारी की जा रही थी।

# गौसे पाक के सालाना उर्स मे बांटा गया अकीदतमन्दों को लंगर



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** गौसे पाक के सालाना उर्स के मौके पर दोपहर मे लंगर वितरण किया गया तो रात मे महफिले मिलाद पाक का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो की संख्या मे अकीदतमन्दों ने दरगाह पर हाजिरी दी।

नगर के मौहल्ला चमन सराय, शेर खां सराय स्थित दरगाह हज़रत मियां मीरन शाह मे पीराने पीर दस्तगीर रौशन ज़मीर गौसे पाक शेख अब्दुल कादिर जिलानी के झण्डे मुबारक पर पम्परागत तरीके से सालाना उर्स का आयोजन किया गया है। उर्स के पहलें दिन दरगाह मे कुरआन ख्वानी, दोपहर मे लंगर का वितरण किया गया। रात्रि मे महफिले मिलाद पाक हुआ जिसमे अकीदतमन्दों ने हाज़िरी देकर महफिले मिलाद पाक को सुना। दोपहर बाद नमाज़े ज़ौहर लंगर बांटे जाने के बाद मलगों के द्वारा अली मौला की नारे लगाकर दम मदार बेड़ा पार का नारा बुलन्द किया गया। इस मौके पर डॉ0 लियाकत अली, जब्बार एडवोकेट, गयूर अहमद एडवोकेट, सरफराज़ नवाज़ एडवोकेट, मौहम्मद नवाज़ एडवोकेट, रूवैद आलम उर्फ बब्लू, ज़की खां साबरी, भूरा पहलवान साबरी, पत्रकार मुज़फ्फर हुसैन, फरज़न्द अली वारसी, मौ0 अकीब, फ्हीम मसूदी, अब्दुल्ला, काशिफ आलिम आदि मौजूद रहे। डॉ0 लियाकत अली ने बताया खीर चपाती और गिलाफपोशी की रस्म के साथ गौसे पाक के उर्स का आगाज़ हो चुका है। 11 अक्टूबर को सुबह सादिक 04 बजे करीब कुल शरीफकी रस्म के साथ उर्स का समापन होगा।

# हातिम सराय मे मकान मामले को लेकर डीएम से मिले विधायक इकबाल महमूद

*** मीडिया से रूबरू होकर बोले कहीं तालाब दर्ज नहीं है, भाजपा के पूर्व विधायक सत्यप्रकाश गुप्ता ने कराया था भराव**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मकानो को नोटिस और लाल निशान लगाकर 15 दिन का समय दिये जाने के बाद मकान स्वामियों की चिन्तायें बढ़ गई है। उधर शहर विधायक ने भी डीएम से मुलाकात रखते हुए दस्तावेज़ों को सामने रखा। मीडिया से मुखातिब होते हुए ज़रूरी बातों को उजागर किया।

शहर विधायक एवं पूर्व काबीना मंत्री नवाब इकबाल महमूद ने अपने निवास पर मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि हातिम सराय मे 80 मकानो को नोटिस जारी किए गए हैं। लाल निशाये लगाये गये हैं जबकि यह भूमि तालाब मे दर्ज नहीं है। उक्त भूमि के बैनामे राम सुनीती देवी द्वारा किए गए थे। यहां पानी भर गया था जिसका भराव पूर्व विधायक सत्यप्रकाश गुप्ता द्वारा कराया गया था। 17 साल हो चुके हैं लोग रह रहे हैं यह बेहद अफसोस की बात है उनको आज नोटिस दिए गए है लोग परेशान हैं। 84 तथा 85 और 86 नम्बर हैं। नगर पालिका मे तालाब होने का कोई रिकॉर्ड नहीं है और न राजस्व के अभिलेखों मे न जाने क्यों राजस्व टीम को गलत बताया गया है। जो मुकदमा अदालत मे विचाराधीन है उसमे प्रशासन का कोई अधिकारी नहीं जाता क्योंकि कोई रिकॉर्ड ही नहीं है। 1967 के खसरो मे मक्का की फसल दर्ज है। हमने डीएम सम्भल से मुलाकात की और इसके बारे मे बताया है। हमे आश्वस्त किया गया है और फिर बुलाया जायेगा हम जायेंगे वह तहसील प्रशासन से जानकारी करेंगे। हम उम्मीद है कोई इस तरह का कदम नहीं उठाया जायेगा।

# बुझा दे हवा मेरा चिराग इतनी जरूरत तेरी अभी तो नहीं.....

*** बज़्मे तरब के तत्वाधान मे आयोजित किया गया तरही मुशायरा**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** बज्मे तरब सम्भल के तत्वावधान में एक तरही मुशायरा शायर निजाम उद्दीन खान निजाम सम्भली के मकान पर आयोजित किया गया। जिसमें शहर के शायरों ने अपनी तरही कलाम पेश कर वाहवाही लूटी। मुशायरा की अध्यक्षता संयुक्त रूप से नवाब शुजा अनवर तथा मशहूद अली फारूकी ने की। जबकि संचालन हकीम बुरहान सम्भली किया।

मुशायरा का आकाज़ हकीम बुरहान सम्भली द्वारा तिलावते कलाम पाक से किया गया। इसके बाद नौशाद सम्भली ने नाते पाक पेश की। तरही मुशायरा का आकाज करते हुए उनवान संभली ने कहा जिसकी धुन पर थिरक रही हो तुम वह कहीं मेरी बांसुरी तो नहीं। डॉक्टर अजीज ल्लाह खान ने कहा बुझा दे हवा मेरा चिराग इतनी जरूरत तेरी अभी तो नहीं। मास्टर वसीम अख्तर ने कहा हिचकियां आ रही हैं क्यों आ रही हैं मुझको, कहीं वह कहीं मुझको सोचती तो नहीं। बदर जहां खुर्शीद ने कहा मैं सितम का तेरे गिला करती, यह इजाजत वफा ने दी तो है नहीं। फ्हीम साकिब ने कहा मयकशी नाम है तसफ्फुर का, जाम पीना ही मयकशी तो नहीं। नौशाद सम्भली ने कहा जी रहे हो जिसे मुतावातिर, वे कहीं मेरी जिंदगी तो नहीं। निजाम सम्भली ने कहा फूल होने का तो सवाल भी क्या, तेरे दामन में खैर भी तो नहीं। मुजाहिद नादान ने कहा हम तुझे याद रहते हैं, अब कोई और काम भी तो नहीं। हकीम बुरहान सम्भली ने कहा हक बयानी से रोकती है तुझे, यह कहीं तेरी बुजदिली तो नहीं। इंतेखाब सम्भली ने कहा लोग बेहतर भी हैं जमाने में, अभी इंसानियत मरी तो नहीं। नवाब शुजा अनवर ने कहा कोई भी उसे आगही तो नहीं, फिर भी लगता है अजनबी तो नहीं। मैं गिरा तो यह सिर्फ मां ने कहा, चोट कहीं बेटा लगी तो नहीं। उस्मान अंसारी सम्भली आईना रख के रूबरू अपने, खुद में खुद में देखों कोई कमी तो नहीं। उनके दर पर जो सर झुके हुए हैं, यह अकीकत है बंदगी तो नहीं। मुशायरे में इसके अतिरिक्त अजमत उल्लाह खान ने कहा वह भी पत्थर का हो गया शायद, उसकी आंखों में अब नमी तो नहीं। देर रात तक चले मुशायरे में हाफिज फरमान, बॉबी, नवाब पप्पन, मास्टर आफताब, समन साहिल, अरशद, मशहूद अली फारूकी एडवोकेट, अनस मजीद, सुहैल अनवर आदि उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद द्वारा प्राथमिक विद्यालय की मरम्मत न होने पर होगा अनशन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** आजाद अधिकार सेना के प्रदेश महासचिव खिजर गौस ने प्राथमिक विद्यालय बाजार शेर खान सराय संभल स्थित का मुद्दा उठाया प्रदेश महासचिव ने सिटी मजिस्ट्रेट सम्भल को धरने की परमिशन हेतु एक पत्र लिखा उन्होंने बताया चार महापूर्व शासन आदेश संख्या-8/5197/320(4) 15 वित्त आयोग 2024/25 के अंतर्गत बजट पास हो गया है लेकिन नगर पालिका परिषद सम्भल द्वारा प्राथमिक विद्यालय शेर खां सराय में मरम्मत कार्य नहीं कराया गया है। जबकि ऐसी स्थिति में स्कूल में पढ़ रहे बच्चों पर जर्जर स्कूल भवंन संकट बना खड़ा है जो बड़े हादसे को नोता दे रहा है इससे साफ जाहिर है कि नगर पालिका सम्भल द्वारा लगातार लापरवाही अनियमिताए कार्यो में बरती जा रही है जीस ओर कोई ध्यान नहीं है वही विद्यालय की जर्जर बिल्डिंग किसी भी समय बड़े हादसे को नोता दे सकती है वही जिले के जिम्मेदार अधिकारियों को बच्चों के भविष्य की कोई चिंता नहीं है। 25/10/2025 तक अगर प्राथमिक विद्यालय भवन मैं मरम्मत निर्माण कार्य नहीं हुआ तो आजाद अधिकार सेना अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरिके से करने पर मजबूर होगी हमने धरने प्रदर्शन की अनुमति के लिए सिटी मजिस्ट्रेट सम्भल को पत्र लिख दिया हैं।

## जिला कार्यकारणी के चुनाव कराने का किया ऐलान

**उत्तम भारत संवाददाता**
**स्वार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में संघ की ब्लॉक व जिला कार्यकारणी के चुनाव कराने का ऐलान किया है। उन्होंने कार्यकारणी की बैठक में ब्लॉक इकाइयों के चुनाव नवंबर में। जबकि जिला कार्यकारणी का त्रिवार्षिक अधिवेशन दिसंबर में कराने की घोषणा की है। जिला अध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह ने बताया कि संघ की ब्लॉक एवं जिला इकाइयों का गठन तीन वर्ष के लिए किया जाता है। यह अवधि दिसंबर में पूर्ण हो रही है। समय पर चुनाव एवं ब्लॉक व जिलकार्यकारणी के गठन को लेकर संगठन तैयारियों में जुट गया है। सदस्य बनाने के साथ ही चुनाव गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। सोमवार को शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष ने जिला कार्यकारणी के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के साथ चुनाव को लेकर मंथन किया। इसके साथ ही उन्होंने ब्लॉक इकाइयों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को समय पर चुनाव संपन्न कराने के निर्देश दिए

## जानकारी देकर जागरूक किया



**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज़ 5.0 के अंतर्गत ग्राम महूनागर थाना मिलक खानम मे चल रही भागवत कथा मे महिलाओ व बालिकाओं को हेल्प लाइन नंबरो, कानून व शासन द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के विषय मे जानकारी देकर जागरूक किया गया

## कल निकलेगी भव्य वाल्मीकि शोभा यात्रा

**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस(भीम) के राष्ट्रीय प्रमुख वीरेश भीम अनार्य जी के सानिध्य में निकलने वाली भगवान वाल्मीकि शोभायात्रा 9 सितंबर 2025 को सायं 5÷04 बजे भगवान वाल्मीकि धाम कोसी रोड रामपुर से प्रारंभ होगी, जिसका शुभारंभ
* जिलाधिकारी रामपुर जोगिंदर सिंह।
* पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्यासागर मिश्रा।

संयुक्त रूप से करेंगे इस अवसर पर भाजपा नेता सूर्य प्रकाश पाल, डॉ़ दशरथ सिंह, पालिका अध्यक्ष सना मामून खॉं आदि कई अधिकारी, समाज सेवक एवं नेता शोभायात्रा का प्रारंभ करेंगे।

इस संबंध में भावाधस(भीम) की टीम ने अंतिम रूप दिया

इस अवसर पर राजू अंबेडकर, शंकर(बबलू), रामगोपाल कटारिया, राकेश तेजा, अभिषेक बाबू, शरद राज, विनय चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

## सड़क हादसों में मिलेगा तुरंत इलाज



**उत्तम भारत संवाददाता**
**बिलासपुर।** नगर पालिका ने सड़क हादसों में घायल बेसहारा पशुओं की मदद के लिए एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की है। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने बताया कि इस विशेष एंबुलेंस का उद्देश्य घायल पशुओं को तुरंत पशु चिकित्सालय पहुंचाकर समय पर उपचार दिलाना है। उन्होंने कहा कि कई बार दुर्घटनाओं में घायल पशु सड़क पर ही तड़पते रहते हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ जाती है। इस सेवा से अब ऐसे मामलों में तुरंत मदद मिल सकेगी। नगर पालिका ने लोगों से अपील की है कि अगर कहीं कोई पशु घायल दिखे तो तुरंत पालिका को सूचना दें, ताकि एंबुलेंस भेजकर उसे अस्पताल पहुंचाया जा सके। प्रशासन को उम्मीद है कि इस कदम से बेसहारा पशुओं की सुरक्षा और देखभाल में बड़ा सुधार आएगा।

## जयकारो के उद्धघोष से गुंजा नगर मसबासी



**उत्तम भारत संवाददाता**
**मसवासी।** भावाधस ने निकाली भगवान वाल्मीकि प्रभातफेरी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज (भावाधस) ने भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव पर नगर मसबासी में निकाली भगवान वाल्मीकि प्रभातफेरी जिसका शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश गोयल ने फीता काट कर किया उन्होंने कहा कि भगवान वाल्मीकि भगवान राम के हजारों बर्ष पूर्व रामायण की रचना कर सत्य, तप, आज्ञाकारी होने की हमें सीख दी हमें उनकी शिक्षाओं पर चलकर एक आदर्श समाज की स्थापना करनी चाहिए भगवान वाल्मीकि प्रभातफेरी मौ0चाऊपुरा वाल्मीकि मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मैन बाजार वाल्मीकि बस्ती भूवरा काशीपुर रोड़ होकर मौ0चाऊपुरा में ही समाप्त हुई।

## सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई चहल कदमी

**उत्तम भारत संवाददाता**
**मसवासी।** क्षेत्र मे तेंदुए का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा है। आये दिन कही न कही तेंदुआ दिखाई दे ही जाता है जिसकी वजह पूरे क्षेत्र मे दहशत का माहौल है। मंगलवार की रात मंसूरपुर क्षेत्र में तेंदुआ चहल कदमी करते हुए दिखाई दिया जिसका वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया। लोग अपने खेतो पर जाने से कतरा रहे है पांच रोज पहले जमना जमनी मे तेंदुआ दिखाई दिया जो कि घर घुसकर कुत्ते का शिकार करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन शोर गुल सुनकर भाग खड़ा हुआ था बुधवार की सुबह लगभग तीन बजे मंसूरपुर मे तेंदुआ दिखाई दिया जो कि चहल कदमी कर शिकार की तलाश मे था लेकिन यहा केमरे मे केद हो गया।

## टूर्नामेंट में चयनित छात्रों को दी शुभकामनाएं



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** भोपाल में आयोजित होने वाले सीबीएसई हॉकी नेशनल टूर्नामेंट में जनपद के सनवे सेकेंड्री स्कूल के छात्रों का चयन हुआ है। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट श्री सालिक राम ने कलेक्ट्रेट सभागार में छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है, जो अनुशासन, एकता एवं टीम भावना का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे लगन, निष्ठा एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेकर जनपद एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री उवैद अनस शम्सी ने बताया कि सनवे सेकेंड्री स्कूल नार्थ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुआ है, जो जनपद के लिए गर्व का विषय है।

## नवजात बच्ची को बाल तस्करी से बचाया



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या द्वारा फेसबुक पर एक अज्ञात व्यक्ति अजय के द्वारा अपनी नवजात बेटी को बेचने की पोस्ट की गई थी, जिसके बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन को तत्काल जॉच के निर्देश दिए। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम में प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर श्री निजामुददीन, सुपरवाइजर श्री अमित कुमार एवं श्री शिवम सिहं व केस वर्कर श्री विशाल कुमार भारती और स्वार पुलिस के साथ ग्रीन सिटी हॉस्पिटल पहुचे जिसमें डॉ0 नाजिया से मिलकर केस की जानकारी ली।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया




**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के आदेश अनुसार एवं प्राचार्य, डॉ सुनीता के कुशल निर्देशन में मिशन शक्ति विषेश अभियान फेज 5.0 के अंतर्गत छात्राओं को महिला हेल्पलाइन से सम्बंधित ÷ हेल्प डेस्क नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ यामिनी सिंह रहीं। कार्यक्रम की संयोजक प्रोफेसर सबीहा परवीन ने छात्राओं को सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों के अंतर्गत महिला हेल्पलाइन नंबरों के प्रचार प्रसार हेतु नुक्कड़ नाटक के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## आमजनमानस को किया गया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान-5.0/साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत थाना साइबर क्राइम/साइबर सैल रामपुर पुलिस द्वारा आमजनमानस को किया गया जागरूक । आज दिनांक 07.10.2025 को मिशन शक्ति अभियान-5.0/साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम/साइबर सेल रामपुर पुलिस द्वारा थाना भोट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पजाबा में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपात कालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) की जानकारी दी गयी ।

## कफ सिरप बेचने को लेकर लगाई पाबंदी

**उत्तम भारत संवाददाता**
**मसवासी।** मध्य प्रदेश और राजस्थान में खांसी के सिरप से हुई बच्चों की मौत के मामले में स्थानीय केमिसट संगठन की बैठक में 2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को खांसी जुकाम में सिरप न देने का आह्वान किया गया। बुधवार को मसवासी में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन की बैठक में अध्यक्ष डॉ महेश कुमार मौर्य ने कहा की कोई भी मेडिकल संचालक बच्चों को खांसी का सिरप ना बेचे और डॉक्टर की सलाह अनुसार ही सीरप विक्रय करे। एवम उत्तर प्रदेश एवं औषधि प्राधिकरण के निर्देशों का पालन करें सभी केमिस्ट सरकारी दिशा निर्देशों का पालन करें।

## रज़ा पुस्तकालय महोत्सव का सफल समापन



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** रज़ा पुस्तकालय एवं संग्रहालय (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय रामपुर रज़ा पुस्तकालय महोत्सव (03 से 07 अक्टूबर 2025) का सफलता पूर्वक समापन हुआ। महोत्सव के अंतिम दिन और पुस्तकालय के स्थापना दिवस के अवसर पर पुस्तकालय परिसर में ÷बच्चों की शाम पुस्तकालय के नाम÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें दयावती मोदी एकेडमी, रामपुर के विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने गीत, नृत्य, नाटक, कवि सम्मेलन, मुशायरा और सामूहिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किए



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को महिला सुरक्षा दल, थाना स्वार द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं चौपाल कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया । महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## विशेष वॉर्ड का किया उद्घाटन



**रामपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों की देखभाल के लिए बनाये गये विशेष वार्ड का उद्घाटन फीता काटकर किया। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.सी. सक्सेना ने बताया कि 01अक्टूबर से मनाये जा रहे वृद्धजन देखभाल माह के अंतर्गत इस विशेष वार्ड का निर्माण किया गया है। इस वॉर्ड में विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों की देखभाल का उचित प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि वृद्धजनों की सुविधा को देखते हुए जिला चिकित्सालय में 60 वर्ष से अधिक आयु के मरीजों के लिए पंजीकरण हेतु अलग लाइन की व्यवस्था तथा अन्य सुविधाएं जैसे जिला चिकित्सालय में की जा रही जांच एवं उपचार हेतु विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## 25 तक किया जायेगा खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण

**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** जिला पूर्ति अधिकारी श्री पूरन सिंह चौहान ने बताया कि प्रदेश के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह अक्टूबर 2025 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण 10 से 25 अक्टूबर 2025 तक कराया जायेगा। इस अवधि में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत उचित दर विक्रेताओं द्वारा अन्त्योदय राशन कार्ड धारकों को निर्धारित मानक के अनुसार रामपुर नगर, स्वार नगर, टाण्डा नगर, मसवासी, नरपतनगर क्षेत्रों में प्रति कार्डधारक 14 किग्रा0 गेंहू, 21 किग्रा0 फोर्टीफाइड चावल (कुल 35 किग्रा0 खाद्यान्न) प्रति कार्ड खाद्यान्न का वितरण किया जाना है।

## शाहबाद कोतवाली के नए प्रभारी का किया स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** शाहबाद कोतवाली प्रभारी संजय सिंह जी से समाजवादी बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर ने की मुलाकात संजय सिंह को खजुरिया थाने से स्थानांतरण कर कर शाहाबाद कोतवाली का इंचार्ज बनाया गया है इसी अवसर पर रामपुर से चलकर गए बताया कि संजय सिंह जी से हमारे पुराने संबंध हैं और हमें अच्छा लगा हमको यहां पर आना इसलिए हम अपनी भी व्यक्तिगत मुलाकात करने आए हैं और साथ में रहे बहुत सारे लोग बदन सिंह यादव रोहित सागर शोएब मियां अटल सागर प्रमोद सागर और अन्य साथी

## प्रदेश के ऊर्जा मंत्री करेंगे स्वदेशी मेले का उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** उपायुक्त उद्योग श्रीमती निहारिका जैन ने बताया कि जनपद रामपुर के रोशन बाग पार्क में 09 से 18 अक्टूबर,2025 तक लगने वाले एक स्वदेशी मेले का उद्घाटन 09 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा द्वारा शहर विधायक श्री आकाश सक्सेना एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सायं 04 बजे किया जायेगा। मेले में जिले में बने उत्पादों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिसमें सभी रामपुर के स्थानीय उत्पाद जैसे जरी, पैचवर्क, चाकू, वायलिन, टोपी, पतंग आदि उत्पादों के स्टाल लगाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस मेले में प्रतिदिन शाम 04.00 से 06.00 बजे तक सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दयावती मोदी स्कूल एवं अन्य स्कूलों के बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, नाट्य आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## आमजनमानस को जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को महिला सुरक्षा दल, महिला थाना द्वारा पम्पलेट वितरित कर महिलाओं/बालिकाओं/ आम जनमानस को जागरुक किया । महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## आजम खान के आवास पर हुई राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पहली मुलाकात



*** मीडिया के सवालों पर आजम खान ने भी साधी चुप्पी**

**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** रामपुर की राजनीति दिन प्रति दिन गर्माती जा रही है समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान पर तमाम मुकदमे लगाए गए आजम खान पर भैंस चोरी बकरी चोरी जमीन हड़पने यूनिवर्सिटी में चोरी का सामान छुपाना यहां तक की आजम खान पर दुकानें तोड़ने तक के मुकदमे कोर्ट में चलते रहे जिसमें उन्हें हर मुकदमे में जेल जाना पड़ा आजम खान 23 महीने जेल में रहे जिनसे मिलने तमाम समाजवादी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी विधायक और बहुत से नेता मुलाकात करने जेल पहुंचे लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आजम खान का हाल-चाल भी नहीं पूछा आज जब 23 साल बाद आजम खान जेल से बाहर निकले और अपने परिवार के साथ खुशहाल जिंदगी के पल बिता रहे तो राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आजम खान की अचानक याद आ गई और आजम खान से मिलने अखिलेश यादव रामपुर पहुंच गए जब इस बात की जानकारी आजम खान से ली गई तो आजम ने मीडिया को स्पष्ट जवाब नहीं दिया जब आज आजम खान से मिलने अखिलेश यादव पहुंचे तो आजम खान ने अखिलेश यादव का स्वागत किया और समाजवादी कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की एक तरफ आजम खान का मीडिया के सामने स्पष्ट जवाब नहीं देना दूसरी तरफ आजम खान का यह कहना कि रामपुर के सांसद को हम नहीं जानते इसके पीछे जरूर कोई राज छुपा है इस सीक्रेट प्लान के पीछे लगता है कि अखिलेश यादव फिर एक बार आजम के परिवार को रामपुर से चुनाव लड़ने का मौका देंगे वहीं अखिलेश यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आजम खान बहुत समय तक जेल में रहे मैं उनसे मिलने नहीं पहुंचा लेकिन आज रामपुर मिलने आया हूं वही आजम खान ने इस सवाल पर कोई टिप्पणी नहीं की फिलहाल अखिलेश यादव का दौरा रामपुर में रहा और शांतिपूर्ण तरीके से आजम खान से मिलना हुआ वहीं रामपुर का प्रशासन की भी नजर चलते पर रही

## फीता काटकर शुभारंभ किया



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** तीन दिवसीय जनपदीय शैक्षिक युवा क्रीड़ा समारोह 2025. 26 रामपुर का आज महात्मा गांधी स्टेडियम में मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल एवं विशिष्ट अतिथि डीसीबी रामपुर के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी ,जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। जनपद रामपुर के माध्यमिक विद्यालयों एवं बेसिक शिक्षा विभाग की सब जूनियर ,जूनियर एवं सीनियर बालक बालिका वर्ग की 21 एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपदीय संयोजक प्रधानाचार्य अरविंद भास्कर, सहसंयोजक बलराम सिंह, संयोजिका बालिका वर्ग लक्ष्मी यादव ,सहसंयोजी का डॉ शालू कौशल के मार्गदर्शन में इस क्रीड़ा रैली का आयोजन किया जा रहा है ।

## ऑनलाइन आवेदन करने की समय सारणी जारी

**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12 को छोड़कर) योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित समस्त वर्गो के छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु समय-सारणी निर्गत करते हुए पोर्टल खोले जाने के आदेश शासन द्वारा जारी किए गए है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुश्री सूरज कुमारी ने बताया कि दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत (कक्षा 11-12 को छोड़कर) पूर्व से सम्मिलित संस्थाओं को पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, पाठ्यक्रमवार कुल सीटों की संख्या, सक्षम स्तर से निर्धारित शुल्क, पाठ्यमक्रमवार ऐफिलियेटिंग एजेन्सी/विश्वविद्यालय के नाम आदि सूचनाओं को अंकित/अद्यतन करके डिजिटल हस्ताक्षर से प्रमाणित करने हेतु 10 से 14 अक्टूबर 2025 तक की समय सीमा निर्धारित की गयी है।

## बालिका दिवस समारोह किया जाना है




**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** जनपद में महिला कल्याण विभाग की ओर से निर्धारित कार्य योजना के अनुसार महिला जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। ब्लॉक स्तर पर भी राजकीय अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी में जन्म लेने वाली बालिकाओं के जन्मोत्सव का आयोजन तथा मॉं-बेटी को उपहार वितरण किए गए। जिला महिला अस्पताल में नवजात बलिकाओं को उपहार स्वरूप बेबी किट, नवजात बालिकाओं के कपड़े, कम्बल तथा मिठाई का वितरण किया गया।
इसके अतिरिक्त केट काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। जन्म लेने वाली बालिकाओं की संख्या के बराबर वृक्षारोपण कर वृक्षों के संरक्षण का दायित्व सौंपा। कार्यक्रम में डा0 दीपा सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी रामपुर, डा0 अनवार, सी0एम0एस0, डा0 दशरथ, श्रीमती चांद बी, केन्द्र प्रबन्धक, वन स्टॉप सेन्टर, तथा उनकी टीम, श्री निजाम, प्रोजेक्ट कॉओडिनेटर, चाइल्ड लाइन आदि उपस्थित रहें।

## छात्र-छात्राओं को जागरुक किया



**उत्तम भारत संवाददाता**
**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में आज दिनांक 08 अक्टूबर 2025 को मिशन शक्ति केंद्र, महिला थाना प्रभारी उप निरीक्षक दीपा चौहान, मुख्य आरक्षी अनिल कुमार व कांस्टेबल स्वेता कुमारी द्वारा दक्ष कोचिंग सेंटर जनपद रामपुर में छात्र-छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया ।महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता**
**बिलासपुर।** महर्षि भगवान वाल्मीकि के प्रकटोत्सव पर नगर में निकाली विशाल एवं भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया।इस दौरान शोभायात्रा में शामिल विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।नगर के मुहल्ला भट्टी टोला स्थित वाल्मीकि मंदिर पर भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए इसके पश्चात भारतीय धर्म समाज भावाधस भीम के तत्वावधान में बुधवार की शाम निकाली गई शोभायात्रा का कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल व ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर यात्रा को रवाना किया।इस दौरान शोभायात्रा में शामिल विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।यह यात्रा मंदिर से प्रारम्भ होकर साहूकारा, पुरानी रामलीला रोड,सिनेमा रोड,सब्जी मंडी,डाम कॉलोनी, टांडा हुरमतनगर, नैनीताल रोड, मुख्य चौराहा आदि नगर का भ्रमण कर वापिस मंदिर पहुंचकर सम्पन्न हुई।इस मौकें पर शोभायात्रा अध्यक्ष सुंदरलाल वाल्मीकि, मुख्य संरक्षक गुरमुख भारती, संरक्षक विजय कुमार अनार्य, कोषाध्यक्ष अरूण राही, महामंत्री बब्लू वाल्मीकि,अनिल कुमार लल्ला, साजन वाल्मीकि, अशोक कुमार वाल्मीकि, सोनू चौधरी, मोहित चौधरी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार



**सिविल लाइन।** अभियुक्त वाहिद पुत्र छिद्दा नि0 शिकारपुर थाना सि0ला0 रामपुर द्वारा अवैध रूप से लाभ अर्जन करने हेतु प्रतिरूपण कर फर्जी तरीके से मोटर साईकिल के दस्तावेज तैयार करने के संबंध में थाना सिविल लाइन पर वादी द्वारा दिनांक 30.01.2000 को उपलब्ध कराई गयी तहरीर के आधार पर थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 81/2000 धारा 419/420/ 467 भादवि बनाम वाहिद उपरोक्त पंजीकृत किया गया ।

## वाँछित अभियुक्त गिरफ्तार




**कोतवाली।** थाना कोतवाली पर वादी द्वारा दी गयी तहरीर बावत अभियुक्तगण 1. फैजी उर्फ फैजान पुत्र सज्जाद नि0 मौ0 ठौठर थाना गंज रामपुर 2. सफी पुत्र रफी 3. फैजी पुत्र रफी 4. आजम पुत्र अजीज अहमद पहलवान 5. नन्नू पुत्र अजीज अहमद पहलवान 6. समीना पत्नी रफी नि0गण डूगर पुर बाबूगढ थाना गंज जिला रामपुर द्वारा पुरानी रंजिश के कारण वादी व वादी के साथी के साथ मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना वादी के साथी का बुरी तरह घायल हो जाने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली पर बीएनएस की वृद्धि की गयी ।

## नामित अभियुक्त गिरफ्तार



**स्वार।** अभियुक्तगण 1.सत्तार पुत्र इस्लाम 2.रियासत पुत्र इस्लाम 3.इस्लाम पुत्र नामालूम निवासीगण ग्राम मिलक नौखरीद थाना स्वार, रामपुर 4.नाजिम पुत्र जलीस अहमद निवासी ग्राम शहपुरा थाना टाण्ड़ा जनपद रामपुर द्वारा बच्चो बच्चो की बात को लेकर वादी के साथ गाली गलौच कर लाठी डन्डो व लात घुसो से मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देना व वादी की बहन के साथ अभियुक्त सत्तार, रियासत, नाजिम द्वारा अश्लील हरकत करने के सम्बन्ध में वादी की सूचना के आधार पर थाना स्वार पर मु0अ0सं0 392/25 धारा 74/115(2)/352/351(2) बी.एन.एस पंजीकृत किया गया ।

## 02 वारण्टी गिरफ्तार



**अजीमनगर।** थाना अजीमनगर, रामपुर पुलिस द्वारा 02 वारण्टी 1. साजिद पुत्र वाहिद अली निवासी ग्राम रतनपुरा शुमाली थाना जनपद अजीमनगर रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 340/2020 मु0अ0स0 101/2020 धारा 3/25 आर्म्स अधिनियम व 2. मौ0 सईद पुत्र पीर मोहम्मद नि0 ग्राम लालपुर कला थाना टाण्डा जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद सं0 356/15 मु0अ0स0 251/14 धारा 323/504/506 भादवि को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिका कार्यवाही की गयी ।

## ''मिशन शक्ति फेज 5.0'' अभियान जारी



**सहारनपुर।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण व जागरुकता हेतु श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, सहारनपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद सहारनपुर एवं पुलिस अधीक्षक यातायात, जनपद सहारनपुर के साथ पाईन बुड पब्लिक स्कूल सहारनपुर में संवाद कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा प्रदेश में बाइस सितंबर से 30 दिवस का ''मिशन शक्ति फेज 5.0'' अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है । परिक्षेत्र सहारनपुर अन्तर्गत जनपदों में विविध कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियानों के माध्यम से महिलाओं/बालिकाओं को उनके अधिकारों तथा पुलिस/प्रशासन द्वारा प्रचलित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में आज पुलिस उपमह ानिरीक्षक, सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद सहारनपुर व्योम बिंदल एवं पुलिस अधीक्षक यातायात, जनपद सहारनपुर सिद्धार्थ वर्मा के साथ जनपद सहारनपुर के पाइन बुड पब्लिक स्कूल में समस्त छात्राओं व महिला अध्यापकों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस संवाद कार्यक्रम के माध्यम से महोदय द्वारा कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं/ अध्यापकों को पुलिस द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं स्वाबलंबन हेतु प्रचलित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साईबर क्राईम हेल्प लाईन 1930 तथा प्रदेश सरकार द्वारा प्रचलित विविध योजनाओं के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरुक किया गया। इसके साथ ही साईबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं/ अध्यापकों को साईबर अपराध के नवीन प्रकारों तथा साईबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। महोदय द्वारा बताया गया कि मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को किसी भी व्यक्ति के साथ साझा ना करें, अपना पासवर्ड किसी को ना बताये, अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी से साझा ना करें, ऑनलाईन लेनदेन के समय सावधानी बरते, किसी अनजान लिंक को ना खोलें एवं साईबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज करायें। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह द्वारा आमजनमानस से अपील की गई कि मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई मुहीम में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें ।

## बिना रजिस्ट्रेशन समाचार चलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**सहारनपुर।** जनपद में बिना पंजीकरण के व्हाट्सएप ग्रुपों पर समाचार चलाने वाले कथित पत्रकारों पर अब पुलिस की कड़ी निगरानी शुरू हो गई है। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी ने ऐसे लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि बिना रजिस्ट्रेशन और वैध पहचान के खुद को पत्रकार बताकर खबरें चलाने वालों की जांच की जाएगी, और जो दोषी पाए जाएंगे। उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। एसएसपी आशीष तिवारी का यह सख्त रुख उस समय सामने आया जब कुछ पत्रकार उनसे मुलाकात करने पहुंचे। इसी दौरान उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि आजकल कई लोग व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर खुद को पत्रकार बताते हैं और लोगों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं।

ऐसी शिकायतें लगातार पुलिस तक पहुंच रही हैं एसएसपी ने कहा कि पत्रकार संगठन खुद आगे आकर ऐसे फर्जी पत्रकारों पर लगाम लगाएं, वरना पुलिस को मजबूरन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग बिना पंजीकरण या मान्यता के पत्रकारिता की आड़ में लोगों को गुमराह कर रहे हैं, उन पर जल्द ही विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि असली पत्रकारिता वही है जो समाज के हित में, सत्य और निष्पक्षता के साथ की जाए। लेकिन जो लोग पत्रकारिता के नाम पर ब्लैकमेलिंग या दहशत फैलाने का काम कर रहे हैं, उनके लिए अब सहारनपुर में कोई जगह नहीं बचेगी।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 7:32 PM Page 1



# वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में लापरवाही से 33 वर्षीय युवक की मौत

- सुप्रीम कोर्ट के सीनियर काउंसल एस.एस. पवार के भतीजे का मामला

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** द्वारका स्थित वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में इलाज में लापरवाही और अमानवीय व्यवहार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। मृतक की पहचान निर्णय गोडला (उम्र 33 वर्ष) के रूप में हुई है, जो कि श्री एस. एस. पवार, सीनियर काउंसल, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के भतीजे थे। परिवार के अनुसार, निर्णय गोडला ने 3 अक्टूबर 2025 को स्वयं चलकर अस्पताल में भर्ती लिया था। शुरूआती अवस्था में वे पूरी तरह सचेत और चलने-फिरने की स्थिति में थे। परंतु अस्पताल प्रशासन ने कुछ ही घंटों में उन्हें आईसीयू में शिफ्ट कर दिया और थोड़ी देर बाद मल्टीपल ऑर्गन फेल्योर बताकर मृत घोषित कर दिया।परिजनों ने आरोप लगाया कि न तो सही इलाज दिया गया और न ही स्थिति की कोई स्पष्ट जानकारी दी गई। बाद में अस्पताल ने शव को पुलिस की मौजूदगी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।परिवार का कहना है कि उन्होंने पोस्टमॉर्टम न करने का अनुरोध किया था, लेकिन पुलिस ने जबरन पोस्टमॉर्टम करवाया। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस कर्मियों द्वारा रिश्वत की मांग की गई, और रिश्वत देने के बाद ही शव को परिवार को सौंपा गया। इस पूरे घटनाक्रम ने न केवल वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल बल्कि स्थानीय पुलिस और स्वास्थ्य तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

परिजनों की मांग: इस घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराई जाए। वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल के डॉक्टरों और प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

संबंधित पुलिस अधिकारियों की भूमिका की भी जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# एक तरफ गरीबों को बसाने का ढोंग तो दूसरी तरफ उजाड़ने का काम कर रही है भाजपा सरकार: पंकज डावर

- कांग्रेस सरकार में बनाए गए फ्लैट भाजपा सरकार गरीबों को दे तक नहीं सकी
- आलीशान बने फ्लैट्स को खंडहर करके भाजपा ने गरीबों के हक पर किया प्रहार



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला कांग्रेस शहरी गुडगांव के अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ तो गरीबों को घर देने के नाम पर उन्हें बसाने का ढोंग कर रही है, दूसरी तरफ गरीबों को उजाड़ा जा रहा है। सरकार की गरीबों के खिलाफ मंशा इसी बात से जाहिर हो जाती है कि यहां आशियाना स्कीम के वर्ष 2010 में कांग्रेस सरकार के समय बनाए गए 1088 फ्लैट आज 15 साल बाद भी गरीबों को नहीं दिया गया है। पंकज डावर बुधवार को यहां सेक्टर-12ए में बनी झुग्गियों को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा गिराने के दौरान मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिर्फ झुग्गियों को गिराने के लिए सरकार ने इतना पुलिस बल लगा दिया, जैसे किसी के साथ जंग लड़नी हो। अपने ही देश में लोगों के साथ इस तरह की सख्ती सरकार के कुशासन को जाहिर करती है। यहां चंद झुग्गियों को तोड़ने का विरोध करने पहुंचे कांग्रेसी नेताओं और कार्यकताओं को पुलिस द्वारा हिरासत में लेने की निंदा करते हुए पंकज डावर ने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को बोलने, गलत का विरोध करने की आजादी है, मगर भाजपा की सरकार को यह सब पसंद नहीं। उन्होंने कहा कि गरीबों की आवाज उठाना, गरीबों का आवाज बनकर कांग्रेस सरकार की कुनीतियों का विरोध करती है और करती रहेगी। उन्होंने कहा कि जिन माफियाओं ने, जिन दबंगों ने शहर में कब्जे कर रखे हैं, उनकी तरफ तो आंख उठाकर भी नहीं देखा जाता। शहर में कदम-कदम पर ऐसे लोगों के कब्जे हैं, जिनको तोड़ने के लिए ना तो डीटीपी कदम बढ़ाते हैं और ना ही प्रशासन कभी कोई कार्रवाई करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भाजपा सरकार के बड़े नेताओं के इशारे पर हो रही है। इसमें जरूर किसी का निजी हित होना है, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष शहरी पंकज डावर ने सरकार, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग और जिला प्रशासन से यह सवाल किया कि सेक्टर-12ए में करीब 220 परिवारों की झुग्गियां बनी हैं। इन्हें अवैध बताया जा रहा है। फिर भी यहां चंद झुग्गियों को तोड़कर अवैध कब्जा हटाने की सांकेतिक कार्रवाई की गई। इससे क्या अवैध कब्जे हट गया। क्या यहां से जगह खाली हो गई। क्या यहां पर रास्ता बन गया। कांग्रेस शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि इन झुग्गियों में रहने वाले 84 परिवारों को सेक्टर-47 में आशियाना स्कीम के तहत फ्लैट देने की बात जब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण वर्षों पहले कह चुका है, फिर अब तक ये लोग झुग्गियों में क्यों रह रहे हैं। विभाग के आदेशों को विभाग ने ही धत्ता बता दिया। गुडगांव से पंचकूला तक अधिकारियों के चिठ्ठी लिखने की औपचारिकता तो की, मगर उसे लागू कराने के लिए कहीं से शुरूआत नहीं हुई। यह भ्रष्टाचार और मिलीभगत की ओर से इशारा करता है। पंकज डावर ने कहा कि कायदे से तो सभी लोगों को फ्लैट दिए जाने चाहिए। वर्षों तक अधिकारियों ने आशियाना स्कीम की फाइल को ही दबाकर रखा। जब फाइल बाहर आई तो सरकार और अधिकारियों की लापरवाही भी उजागर हुई। उन्होंने मांग की है कि सरकार इस मुद्दे को गंभीरता से लेकर उन दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करे, जिन्होंने इन 1088 फ्लैट को कंडम करने का काम किया है।

# खंडहर कर दिए मगर गरीबों को नहीं दिए आशियाना स्कीम के 1088 फ्लैट: अभय जैन एडवोकेट

- हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ने गरीब नहीं मिलने का बनाया बहाना
- जिन लोगों को आवेदन किए थे, उनको भी 15 साल में नहीं दिए फ्लैट
- विभाग ने झुग्गियों में रहने वालों को फ्लैट देने की बात कहकर हाईकोर्ट को भी किया गुमराह
- विभाग के पंचकूला मुख्यालय से गुरुग्राम कार्यालय को पत्र भी भेजा गया, मगर फ्लैट नहीं दिए
- मानव आवाज की ओर से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को भेजी गई शिकायत





**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि वर्ष 2010 में आशियाना स्कीम के तहत सेक्टर-47 में नए बनाए गए 1080 फ्लैट हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से खंडहर कर दिए गए, मगर गरीबों को नहीं दिए। विभाग के अधिकारियों की या तो नेताओं के साथ मिलीभगत कारण ऐसा किया गया या फिर बिल्डर्स से मिलीभगत से।अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि जब हाईकोर्ट में झुग्गियों का मामला गया तो अधिकारियों ने सफेद झूठ बोलकर यह कह दिया गया कि गरीबों को फ्लैट दे दिए गए हैं, इसलिए सेक्टर-12ए से अवैध झुग्गियां हटायी जानी हैं। उन्होंने कहा कि जिन गरीबों ने आशियाना स्कीम में फ्लैट्स के लिए आवेदन किया था, अब वे ठगे से महसूस कर रहे हैं। उन्हें फ्लैट तो मिले ही नहीं, उनकी झुग्गियों पर बुल्डोजर चलाया जा रहा है। मानव आवाज संस्था के संयोजक ने कहा कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए डीटीपी आरएस बाठ बुधवार को भारी पुलिस बल लेकर अवैध कब्जे हटाने के लिए झुग्गियों को तोड़ने पहुंचे। यहां बनी कुल 109 झुग्गियों में से मात्र 20-25 झुग्गियां ही उन्हें तोड़ दी थी। बाकी की 86 झुग्गियों को छोड़ दिया गया। क्योंकि उनका नाम आशियाना स्कीम के फ्लैट की सूची में है। ऐसे में सवाल यह है कि जिस काम के लिए लाखों रुपये सरकारी अमले पर खर्च किया गया, वह तो काम पूरा हुआ ही नहीं। अभय जैन एडवोकेट ने कहा कि 20-25 झुग्गियां तोड़ने से पूरा अवैध कब्जा नहीं हटा।

उन्होंने कहा कि 13 नवंबर 2014 को जब हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से गुरुग्राम कार्यालय को निर्देश देकर कह दिया गया कि आशियाना स्कीम में आवेदन करने वाले झुग्गियों में रहने वालों को फ्लैट दे दिए जाएं तो फिर इस काम में कोताही क्यों बरती गई। कौन अधिकारी इस काम में अड़ंगा लगा रहे थे। किसकी मिलीभगत से 15 साल पहले नए बनाए गए फ्लैट्स आदेशों के 11 साल बाद भी गरीबों को ना देकर खंडकर कर दिए गए। जबकि हाईकोर्ट में दिए गए जवाब में विभाग की ओर से यह कहा गया कि गरीबों को फ्लैट दे दिए गए हैं। इस पर सरकार को सख्त एक्शन लेना चाहिए। अभय जैन एडवोकेट ने यह भी कहा कि विभाग के पास 2016 में 84 आवेदन ही सही पाए गए। फिर 2016 से लेकर 2025 तक विभाग ने बाकी के फ्लैट्स को आंवटित करने के लिए नए आवेदन क्यों नहीं मांगे। उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद लोगों को झुग्गी तोड़कर सड़क पर लाना है या उन्हें घर देना है।

# राजा परीक्षित एवं शुकदेव संवाद का कथाव्यास ने संगीतमय शैली में किया वर्णन




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** धार्मिक संस्था अखंड संकीर्तन मंच द्वारा सैक्टर 9ए स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर में आयोजित की जा रही श्रीमदभागवत ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन काशी की कथाव्यास आराधना देवी ने राजा परीक्षित एवं शुकदेव संवाद आदि की कथा का संगीतमय शैली में वर्णन किया। उन्होंने कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। उनका कहना है कि समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। शुकदेव इस संसार में भागवत का ज्ञान देने के लिए ही प्रकट हुए हैं। संस्था के प्रवक्ता एसके तिवारी का कहना है कि कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए संस्था के सदस्य जुटे हुए हैं।

## समाचार

# पेयजल बिल शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए नगर निगम गुरुग्राम लगाएगा विशेष कैंप

**– 11 अक्टूबर को पालम विहार में मनोनीत पार्षद विक्रांत यादव की पहल पर आयोजित होगा पहला कैंप**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नागरिकों की पेयजल आपूर्ति एवं बिल संबंधी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम अब विभिन्न क्षेत्रों में विशेष समाधान कैंप आयोजित करेगा। इन कैंपों के माध्यम से निगम नागरिकों की समस्याओं को मौके पर ही सुनकर निपटान करेगा, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी क्रम में पहला विशेष कैंप शनिवार, 11 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे से पालम विहार क्षेत्र में लगाया जाएगा। यह कैंप मनोनीत पार्षद विक्रांत यादव की पहल पर आयोजित किया जा रहा है। नगर निगम के आयुक्त प्रदीप दहिया के अनुसार, कैंप में नागरिकों के वाटर बिल से संबंधित त्रुटियों का मौके पर ही निवारण किया जाएगा। साथ ही, बिल अदायगी की सुविधा भी वहीं उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं को सुविधा हो और समय की बचत हो सके। आगामी दिनों में ऐसे विशेष समाधान कैंप शहर के अन्य वार्डों और क्षेत्रों में भी लगाए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और पेयजल बिलिंग व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाया जा सके।

# त्यौहारी सीजन में सक्रिय हो जाते हैं मिलावट खोर

**विशेषज्ञ और न्यायालय सख्त कानून बनाने की कर रहे हैं मांग : कैलाश चंद**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** त्यौहारी सीजन चल रहा है। आगामी दिनों में करवा चौथ, दीपावली, भैयादूज आदि त्यौहार आने वाले हैं। ऐसे में खाद्य सामग्री, मिठाइयों आदि की बिक्री अधिक होती है और मिलावटखोर भी मौका पाकर अपना सामान बाजार में बेचने के लिए जुट जाते हैं। खाद्य पदार्थों में मिलावट की समस्या गंभीर होती जा रही है। उक्त विचार वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाशचंद ने व्यक्त किए। उनका कहना है कि खाद्य सामग्री में मिलावट करने वालों के खिलाफ भारत में खाद्य सुरक्षा कानून लागू हैं, जिनमें वर्ष 2025 में कुछ बड़े संशोधन किए गए हैं। अब मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने पर जेल की सजा नहीं अपितु केवल जुमार्ना लगाया जाता है। मिलावटखोरों पर कार्यवाही के लिए जुमार्ने की राशि हानिकारक माल बेचने पर 10 लाख रुपये तक हो सकती है, जबकि हानिकारक न होने पर 2 लाख रुपये तक जुमार्ना हो सकता है। इसके अलावा, पनीर, खोवा, आइसक्रीम आदि में अब वेजिटेबल ऑयल, सोया प्रोटीन और मिल्क पाउडर जैसे मिश्रित पदार्थों को कानूनी मान्यता दे दी गई है, जिन्हें पहले अवैध माना जाता था। उनका कहना है कि यह संशोधन उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम उत्पन्न कर सकता है, क्योंकि मिलावटी खाद्य पदार्थों का सेवन कैंसर, हृदय और लिवर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। इस कारण कुछ राज्यों में मिलावटखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई, निगरानी, और सामाजिक स्तर पर पहचान का प्रावधान भी किया गया है। राज्य स्तर पर मिलावट रोकने की सक्रिय जांच, जब्ती और नष्ट करने के अभियान।इस कानून के तहत मिलावटखोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जुमार्ना, जांच, जब्ती और सार्वजनिक पहचान के माध्यम से की जाती है, परन्तु जेल की सजा अब नहीं होती। विशेषज्ञ और न्यायालय इसके खिलाफ सख्त कानून बनाने की मांग कर रहे हैं ताकि उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# हरियाणा में यूथ कांग्रेस ने निकाला आई लव अंबेडकर मार्च

- भाजपा राज में दलितों और संविधान पर हो रहे हमलों को लेकर जताया रोष



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा प्रदेश यूथ कांग्रेस की ओर से गुरुग्राम के भीम नगर चौक से ह्यआई लव अंबेडकरह्ण पैदल मार्च निकाला गया। मार्च शहर के द्रोणाचार्य राजकीय कालेज पर संपन्न हुआ। मार्च के माध्यम से पार्टी ने भाजपा सरकार के शासन में दलितों पर हो रहे हमलों और देश के संविधान के साथ हो रहे खिलवाड़ के खिलाफ अपनी गहरी चिंता और रोष व्यक्त किया। यह मार्च हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया के नेतृत्व में निकला गया।मार्च के दौरान हरियाणा यूथ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने युवाओं और आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार के कार्यकाल में संविधान की मूल भावना और समाज में समानता की स्थापना को गंभीर खतरा है। निशित कटारिया ने कहा कि केवल दलित समुदाय ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सुरक्षा और न्यायपालिका भी खतरे में हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि हाल ही में देश के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले ने इस बात को और स्पष्ट कर दिया है कि लोकतंत्र और संविधान पर प्रत्यक्ष खतरा मंडरा रहा है।मार्च के दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव व यूथ कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी सत्यवान गहलोत ने युवाओं और आमजन को प्रेरित किया कि वे संविधान और समाज में समानता की रक्षा के लिए सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग ही समाज में बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत है और इसे लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए आगे आना होगा।मार्च के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने विभिन्न नारे लगाए दलितों पर हमले बंद करो, संविधान के साथ खिलवाड़ बंद करो, और न्यायपालिका की रक्षा करो। मार्च में शामिल युवाओं और आमजन ने पूरे रास्ते जनजागरण का संदेश दिया। इस मौके पर युवा कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष चितवना गोदारा,गुरुग्राम जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव,संदीप दहिया,वरुण राठी, शिव प्रताप, ध्रुव लठवाल, धर्मेंद्र राणा, गौतम यादव, यशवंत, विशाल कांगड़ा मोहित तंवर सहित सैंकड़ो युवा शामिल रहे।

# सोहना पुलिस ने पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक के 25 साइलेंसर पर चलाया बुलडोजर



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** सोहना थाना पुलिस ने आज दो दर्जन से अधिक पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक के साइलेंसरों पर बुलडोजर चला कर युवाओं को एक नसीहत दी है। वहीं शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने मीडिया को बताया कि लगभग एक माह में चलाए गए अभियान के दौरान यह 25 बुलेट बाइक जो पटाखा छोड़ते हुए पुलिस ने पकड़ी है उनके साइलेंसर उतरवा कर बुलडोजर से तुड़वा दिया गया है। जबकि कुछ बाइक जो बिना दस्तावेज के हैं उन्हें इमपाउंड भी किया गया है। जहां उन्होंने बताया कि हमारे राइडर और ई आर वी पुलिस के जवान पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक पर खास नजर रखे हुए हैं। ट्रैफिक पुलिस भी ऐसी पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक पकड़कर चालान एवं इंपाउंड भी करती है। जहां उन्होंने मीडिया के माध्यम से युवाओं से अपील की है कि वह बुलेट बाइक जरूर रखें लेकिन पटाखा छोड़ने वाले साइलेंसर ना लगाएं। इनसे दूरी बनकर रखें।आपको बता दें कि ऐसा ही एक अभियान निवर्तमान एसीपी अभिलक्ष जोशी ने भी चलाया था और लगभग 25 से 30 पटाखा छोड़ने वाली बुलेट बाइक के साइलेंसर शहर थाना सोहना के आगे सर्विस रोड पर बुलडोजर चला कर तोड़ा गया था।

# सिद्धि विनायक मंदिर सोहना से अपहरण हुई 2.5 साल की बच्ची को पुलिस ने 24 घंटे में किया बरामद



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** बीते रविवार की रात को सिद्धिविनायक मंदिर से अपहरण हुई ढाई साल की बच्ची को सोहना पुलिस ने 24 घंटे में बरामद कर मंगलवार रात सकुशल मंदिर में जाकर परिजनों को सौंप दिया।जहां बिटिया को गोदी में लेते ही मम्मी पापा की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वहीं बिटिया के पिता संदीप और उसकी मम्मी ने सोहना पुलिस का आभार व्यक्त किया।जहां सोहना शहर थाना पुलिस के प्रभारी इंस्पेक्टर रविंदर कुमार ने बिटिया को सौंपते हुए बताया की जैसे ही सूचना रात को 12:30 बजे अपहरण की पुलिस को मिली तुरंत हमारी पुलिस की चार टीमें में जिसमें एसीपी जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में सभी सोमवार रात तक गुरुग्राम रोड पर लगभग दो दर्जन सीसीटीवी खंगाले और सीसीटीवी की चैन जुड़ती चली गई। हालांकि बच्ची को लेकर पुलिस की सांसे अटकी हुई थी। जहां थोड़ी ही देर बाद सूचना मिली की बिटिया धोज पुलिस के पास सुरक्षित है और उन्होंने चाइल्ड होम फरीदाबाद को सौंप दिया है। जहां से सभी दस्तावेज पूरे कर बच्ची को मंगलवार शाम वहां से लाकर परिजनों को सौंप दिया गया। जहां सोशल मीडिया पर भी सोहना शहर वासियों ने सोहना पुलिस की सराहना की । वही सैनी महा सभा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी धर्म सैनी ने भी पुलिस की कार्यशैली एवं बिटिया को सकुशल बरामद करने पर भी उनका धन्यवाद किया।

हालांकि पुलिस का कहना है कि फरार आरोपी जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा उसकी पहचान कर ली गई है।जहां पूछताछ के बाद ही मामला सामने आएगा कि वह बच्ची को क्यों ले गया और किस लिए उठा कर ले गया। जहां बताया जा रहा है कि आरोपी नशे में था और धोज मार्किट में पहुंचा जहां बच्ची रोती जा रही थी और लोगों को जब शक हुआ तो वह उसे वहां छोड़कर फरार हो गया।

# वायुसेना दिवस पर शहीदों को साइकिल रैली से श्रद्धांजलि



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** भारतीय वायुसेना के 93वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज गुरुग्राम में देशभक्ति और शौर्य का अद्भुत संगम देखने को मिला। 93 वायु योद्धाओं ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु गुरुग्राम मिनी सचिवालय से रेजांगला स्मारक तक साइकिल रैली आयोजित की। रैली के रेजांगला स्मारक पर पहुंचने पर शहीदों के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और वीर शहीदों के प्रति गहरी श्रद्धा प्रकट की गई।इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह भारत माता की जय, शहीद अमर रहें और भारतीय वायुसेना जिंदाबाद जैसे नारों से गूंज उठा। यह रैली हर वर्ष वायुसेना दिवस पर शहीदों को नमन करने के लिए आयोजित की जाती है और अब यह एक गौरवशाली परंपरा बन चुकी है। कार्यक्रम के दौरान विंग कमांडर आर. एस. पांडे ने एक देशभक्ति कविता का पाठ कर वातावरण को भावनाओं से ओतप्रोत कर दिया। वहीं विंग कमांडर दास ने स्वयं द्वारा रचित कविता प्रस्तुत करते हुए भारतीय वायुसेना की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उसके योगदान का विस्तार से वर्णन किया। पूरे आयोजन का समन्वय एयर वेटरन शीश राम यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने सभी वायुसेना के पूर्व सैनिकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। श्री राजेश पटेल, अध्यक्ष, से राजेन्द्र प्रसाद फाउंडेशन ने भी उपस्थित जनसमूह को इस अवसर पर सतबीर यादव, मोहिंदर, सुभाष, ईश्वर, अनूप सिंह, नरेंद्र यादव, शीशराम, बी.एल. यादव, निवास कुमार, बी.आर. बेनीवाल, ए.के. दास, महेंद्र यादव, जयपाल कौशिक, मनीष यादव, सुरेश रेड्डू, महेश राघव, बिरेन्दर कुमार रॉय, शिव कुमार शर्मा, नरेंद्र कुमार यादव, वी.के. शर्मा, सुरेश गोयल, कैलाश शर्मा, सूरत सिंह यादव, इमान कादयान, बी.एस. जाखड़, नरेंद्र यादव, राममेहर शर्मा, एम.एस. यादव आदि वायुसेना के वरिष्ठ, पूर्व सैनिक, समाजसेवी और युवाओं ने भाग लिया और देश के शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि भारत अपने शहीदों को कभी नहीं भूलता और उनकी वीरता, बलिदान और देशप्रेम नई पीढ़ियों को सदा प्रेरित करता रहेगा।

## न्यायपालिका की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पर खतरा उत्पन्न करता है मुख्य न्यायाधीश पर हुआ हमला : संतोख सिंह

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान अधिवक्ता चौधरी संतोख सिंह ने सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई पर हुए हमले के प्रयास की निंदा करते हुए इस घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया है।

# 2 दिवसीय आईसीपी की वार्षिक परिषद 2025 का हुआ आयोजन

**वैश्विक शैक्षणिक नेतृत्व की चुनौतियों पर किया मंथन**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सलवान एजुकेशन ट्रस्ट परिसर में 2 दिवसीय इंटरनेशनल कन्फेडरेशन ऑफ प्रिंसिपल्स (आईसीपी) की वार्षिक परिषद 2025 का आयोजन किया गया, जिसमें 20 से अधिक देशों के शिक्षा-प्रतिनिधियों व छात्रों ने भाग लिया। स्कूल की प्रधानाचार्या



रश्मि मलिक का कहना है कि आयोजन में कार्यात्मक नेतृत्व और लीडरशिप इन एक्शन पर विस्तृत चर्चा के साथ-साथ वैश्विक शैक्षणिक नेतृत्व की चुनौतियों और अवसरों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन के प्रथम दिवस पर नेतृत्व कौशल डेटा- विश्लेषण एवं सहयोग का समागम देखने योग्य था। सत्र का प्रारम्भ सांस्कृतिक गतिविधियों और योग अभ्यास से हुआ। स्कूल की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ओईसीडी के प्रतिनिधि यूरी बेल्फाली ने वैश्विक पीआईएसए डेटा प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि तकनीकी प्रगति के बावजूद विश्वभर में गणितीय दक्षता में गिरावट आई है। द्वितीय सत्र में संचालक डेमियन व्हाइट ने आयरिश प्राइमरी प्रिंसिपल्स नेटवर्क के शोध के आधार पर जानकारी दी कि सतत नेतृत्व के मार्ग में प्रशासनिक बोझ और थकान एक वैश्विक समस्या मानी जाती है। डॉ. प्रसाद मेडुरी, लिंडर्ट-जान वेल्डहुइजेन, हिमांशु गुप्ता, डॉ. वेदिता रेड्डी आदि ने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या ढांचे 2023 के अंतर्गत सुधारों पर चर्चा की। छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल लोगों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/8/2025 8:22 PM Page 1



# तावडू में वार्ड नंबर 4 में स्रोत पृथक्करण विषय पर एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू ( मैहंदीरत्ता )।** नगर पालिका द्वारा हरियाणा शहर स्वच्छता केंद्र अभियान के अंतर्गत बुधवार को वार्ड नंबर 4 में स्रोत पृथक्करण विषय पर एक व्यापक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को घर-घर गीले और सूखे कचरे को अलग करने के लिए प्रेरित करना तथा अपने वार्ड को जीरो वेस्ट वार्ड घोषित करने की दिशा में प्रयास करना रहा।

इस अवसर पर जिला आईसी एक्सपर्ट आदिल हुसैन ने सभी वार्डवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान को चलाने का उद्देश्य यह है कि हरियाणा शहर स्वच्छता केंद्र के अंतर्गत नगर पालिका तावडू के वार्ड नंबर 4 को जीरो वेस्ट वार्ड घोषित किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने घरों और गलियों में पूर्ण रूप से साफ-सफाई बनाए रखें तथा कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण करें। ताकि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। आदिल हुसैन ने यह भी बताया कि यदि हर नागरिक अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभाएगा, तो तावडू जल्द ही एक स्वच्छ और कचरा-मुक्त शहर के रूप में पहचाना जाएगा। उन्होंने लोगों से नगर पालिका के प्रयासों में सहयोग करने और इस अभियान को सफल बनाने की अपील की। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 4 की पार्षद राखी शर्मा, दीपक शर्मा, समाजसेवी किरौड़ी शर्मा, कृष्णा सतीजा, रमेश गर्ग, दया, सुनीता शर्मा, राज कृष्णा, ज्ञान गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। पार्षद राखी शर्मा ने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है और नगर पालिका इस दिशा में लगातार प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने वार्ड को स्वच्छए सुंदर और पूर्ण रूप से कचरा मुक्त बनाएंगे। ताकि तावडू नगर पालिका हरियाणा राज्य में जीरो वेस्ट वार्ड का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर सके।

# तावडू नई अनाजमंडी में बाजरे की सरकारी खरीद सरकारी ऐजंसी नहीं खरीद पाई है



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर की नई अनाजमंडी में बाजरे की सरकारी खरीद सरकारी ऐजंसी नहीं खरीद पाई है। जिसका मुख्य कारण प्राईवेट ऐजंसी सरकारी रेट से अधिक रेट पर खरीद रही है। जिससे किसान प्राईवेट ऐजंसी को बाजरे की फसल बेच रहा है। हालांकि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बाजरे की फसल अनाजमंडी में 30 हजार क्विंटल के लगभग अधिक आवक हुई है।

अनाजमंडी के आकडों अनुसार 8 अक्टूबर तक 1 लाख 2 हजार क्विंटल बाजरे की खरीद की जा चुकी है। जबकि गत वर्ष 62 हजार 4 सौ 30 क्विंटल बाजरे की खरीद की गई थी। वहीं इस वर्ष बाजरा सरकारी ऐजंसी 22 सौ रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद रही है। क्योंकि 2775 रूपए एमएसपी में से 575 रूपए भावांतर की कटौती कर किसानों को सरकारी खरीद 22 सौ रूपए प्रति क्विंटल दिया जाना था। लेकिन प्राईवेट ऐजंसी यही बाजरा 24 सौ रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से खरीद रही है, इसलिए किसान अपने बाजरे को प्राईवेट ऐजंसी को बेच रहे हैं। मार्किट कमेटी सचिव मनीष कुमार ने बताया कि सरकारी ऐजंसी अभी तक बाजरे की सरकारी खरीद नहीं कर पाई है। क्योंकि प्राईवेट ऐजंसी सरकारी खरीद से अधिक दामों पर बाजरे की खरीद कर रहे हैं। वर्षा से मौसम हुआ सुहाना लोगों की परेशानियां बढीः शहर व क्षेत्र में पिछले 2 दिनों से चल रही वर्षा से जहां मौसम सुहाना हो गया। वहीं लोगों की परेशानियां भी बढ गई। इसी के चलते बुधवार प्रातः हुई बूंदाबांदी से व्यापारियों ने खुले आसमान के नीचे रखे बाजरे को आनन फानन में लोडिंग करा दिया। वहीं दूसरी ओर शहर में कई स्थानों पर सफाई सुचारू रूप से न होने के कारण बुधवार को गलियों में कीचड भरा रहा और कई गलियों के सीवर ओवर फलो होकर गलियों में पानी बहता रहा।

# स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 16,60,000 रुपए की गई थी धोखाधडी, खाताधारक गिरफ्तार, हिम्मतनगर गुजरात में चलता है फाइनेंस कंपनी



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर 16,60,000 रुपए की धोखाधडी के मामले में आरोपी खाताधारक को गिरफ्तार किया है।

सेक्टर 35 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साईबर थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 20 मई को उसके व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया, जिसमें निवेश पर अत्यधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। व्हाट्सएप पर ग्रुप एडमिन ने अपना परिचय बजाज फाईनेंसियल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेक्रेटरी बताया तथा शिकायतकर्ता से स्टॉक मार्केट में निवेश के लिए एक एप डाउनलोड करवाई। जिसके बाद विभिन्न ट्रांजेक्सन के माध्यम से शिकायतकर्ता ने शेयर मार्केट में 16,60,000 रुपये निवेश किए और जब पैसे निकालने चाहे तो नही निकाल पाया। जिस संबंध में साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल ने कार्रवाई करते हुए खाताधारक हितेन्द्र सिंह परमार निवासी गांव धाणधा अहमदाबाद को गिरफ्तार किया है।

पूछताछ में सामने आया कि हितेन्द्र सिंह खाताधारक है और जिसने अपना खाता ठगों को दे रखा था, जिसके खाता में ठगी के 1,60,000 रूपए आये थे। आरोपी ग्रेजुएट है और हिम्मतनगर गुजरात में एक फाईनेंस कम्पनी चलाता है। जिसको माननीय न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। मामले में चार आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# लडाई-झगडे के मामले में थाना सूरजकुण्ड की टीम ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** लड़ाई-झगड़े के मामले में थाना सूरजकुण्ड की टीम ने एक आरोपी को काबू किया है। सतीश निवासी गांव अनंगपुर ने थाना सूरजकुण्ड में दी शिकायत में आरोप लगाया कि 27 अगस्त को उसका बेटा जय अपने भाई को गांव के चौक पर छोडने गया था। तभी रास्ते में कुछ लोगों ने उनका रास्ता रोक कर गाली गलौच की जब वो दोनों वहां से निकले तो उन्होंने उसके बेटों का पीछा किया और कुछ दूर बाद उन्होंने उसके बेटों की गाडी के आगे गाडी लगा दी जिसके बाद उनके साथ मारपीट की। जिसकी सूचना पाकर वह मौका पर पहुंचा तो उन लोगों ने उस पर भी हमला कर दिया जिसमें वो सभी गंभीर रूप से घायल हो गये। जिस शिकायत पर थाना सूरजकुण्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सूरजकुण्ड की टीम ने कार्रवाई करते हुए सुन्दर उर्फ टीटू निवासी गांव अनगंपुर फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि जब शिकायतकर्ता के लडके गाडी से जा रहे थे तो उनकी गाडी आरोपी सुन्दर उर्फ टीटू के भाई नगेन्द्र की गाडी से लग गई थी। जिसके बाद नगेन्द्र ने आरोपी सुन्दर को फोन करके बुलायाए सुन्दर गाडी में अपने अन्य साथियों के साथ वहां आया और शिकायकर्ता के बेटो के साथ मारपीट की और जब शिकायतकर्ता सूचना पाकर मौका पर पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर जेल भेजा गया है।

# घर से आभुषण चोरी के मामले में अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

● मौसी के ही मकान में करवाई थी चोरी, पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जारी



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** मौसी मकान में चोरी करने के आरोपी को अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ जा रही है।

थाना खेडीपुल में एक महिला ने दी अपनी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से घर से बाहर गई हुई थी, 4 अक्टूबर को पडोसियों ने फोन पर बताया कि उसके घर में चोरी हो गई है। जिस पर घर आकर देखा तो आभूषण चोरी थे, कोई नामालूम घर से चोरी करके ले गया। जिस शिकायत पर थाना खेडीपुल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने कार्रवाई करते हुए विकास निवासी सैनी मोहल्ला तिगांव व अमन खान निवासी तिगांव को गिरफ्तार किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि जिस घर में चोरी हुई है वह घर आरोपी अमन खान की मौसी का है, अमन खान को पता था कि मौसी घर के बाहर गई हुई है, उसने अपने दो साथी विकास व असलम को चोरी करने के लिए बुलाया। असलम ने घर का ताला तोडकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया, इस दौरान दोनों आरोपी घर के बाहर खडे होकर निगरानी कर रहे थे। चोरी के बाद सामान आपस में बांट लिया। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, वहीं असलम की तलाश जारी है।

# एनआईटी क्षेत्र का समुचित विकास करवाना मेरा लक्ष्य : सतीश फागना

● एक साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर पार्षदों ने किया भाजपा विधायक का स्वागत



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा से विधायक सतीश फागना के विधायक कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने पर आज सभी वार्ड पार्षदों ने मिलकर उन्हें शुभकामनाए दीं और साथ ही जनता का भी धन्यवाद किया। पार्षदों ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने सतीश फागना पर विश्वास करके उन्हें भारी मतों से विजयी बनाया और जो विश्वास एनआईटी की जनता ने उन पर जताया था उस विश्वास को करोड़ों रुपए के विकास कार्य पूर्ण करवा कर उन्होंने उतारने का काम किया और आगे भी करेंगे।

इस मौके पर विधायक सतीश फागना ने कहा कि क्षेत्र की जनता की प्यार की बदौलत ही वह चंडीगढ़ विधानसभा में पहुंचे है और उनका यह दायित्व रहा है कि एनआईटी क्षेत्र विकास के मामले में अव्वल बने, इसी लक्ष्य को लेकर वह कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि एक साल में बेमिसाल काम क्षेत्र में हुए है और आगे भी मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर के आशीर्वाद से विकास का यह पहिया क्षेत्र में तेजी से घूमता रहेगा। उन्होंने कहा कि आज एनआईटी विधान सभा में सभी गलियों में इंटर लॉकिंग टाइल लगाने का कार्य चल रहा है, सभी गली मोहल्लों में मीठे पानी के ट्यूबवेल लगाने का कार्य भी निरंतर चल रहा है। 60 फुट मेन रोड जहां पर पानी की अच्छी निकासी के लिए आरएमसी नालों का निर्माण किया जा रहा है, इसके अलावा अन्य कार्य भी तेज गति से चल रहे है।

इस मौके पर मुख्य रूप से फरीदाबाद नगर निगम पार्षद राकेश महेश लोहिया, संगीता नीरज भाटिया, भगवान सिंह, जयवीर खटाना, सविता सुरेंद्र भड़ाना, राजेश डागर, बबीता संदीप भड़ाना एवं जवाहर कॉलोनी मंडल के अध्यक्ष सुशील कुमार, गोंची मंडल अध्यक्ष प्रदीप दायमा, पाली मंडल अध्यक्ष संदीप भड़ाना, नंगला मंडल से गीता शर्मा, सोनी अरोड़ा आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद के पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद के प्रतिनिधिमंडल ने सडक परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र पंचाल, सचिव प्रवीण राठौड़ तथा सदस्यगण यशवंत पंचाल, गणेश निखरे, तेजस पंचाल और रोहित पंचाल उपस्थित रहे।

इस दौरान मंडल द्वारा दो महत्वपूर्ण मांग पत्र मंत्री श्री गडकरी को सौंपे गए जिनमें फरीदाबाद में बसे मराठी समाज हेतु एक सामाजिक.सांस्कृतिक भवन के लिए भूमि आवंटन से संबंधित था। मंडल का आग्रह रहा कि हरियाणा में बसे मराठी समाज को एक स्थायी स्थल प्राप्त हो सके, जहां सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन सुगमता से किया जा सके। दूसरी प्रमुख मांग थी कि दिल्ली से मुंबई को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज राष्ट्रीय राजमार्ग रखा जाए एवं दिल्ली में छत्रपति शिवाजी महाराज जी की भव्य प्रतिमा स्थापना से संबंधित था।

महाराष्ट्र मित्र मंडल का कहना था कि इससे देश की सांस्कृतिक एकता सुदृढ़ होगी और आने वाली पीढिड़ों को शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा मिलेगी।

मंत्री श्री नितिन गडकरी ने महाराष्ट्र मित्र मंडल की भावनाओं का सम्मान करते हुए दोनों प्रस्तावों पर सहमति व्यक्त की और आश्वासन दिया कि इन विषयों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने महाराष्ट्र मित्र मंडल के इस प्रयास को समाज और राष्ट्र की एकता एवं सांस्कृतिक गौरव के लिए सराहनीय बताया। महाराष्ट्र मित्र मंडल फरीदाबाद की यह पहल समाज की एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव को समर्पित एक प्रेरणादायी कदम मानी जा रही है।

# महर्षि वाल्मीकि के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत : सुमित गौड़

● सुमित गौड़ ने की महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह में शिरकत



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** महर्षि वाल्मीकि जयंती सप्ताह के शुभ अवसर पर फरीदाबाद में आयोजित समारोह में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ ने शिरकत करते हुए महर्षि वाल्मीकि जी के चरणों में श्रद्धा और सम्मान अर्पित कर उन्हें नमन किया। समारोह में उनके साथ अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं बाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि मौजूद रहे। अपने संबोधन में सुमित गौड़ ने महर्षि वाल्मीकि की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी भारतीय संस्कृति के आदिकवि रहे, जिन्होंने रामायण जैसी महान कृति की रचना कर समाज को सत्य, मयार्दा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी का जीवन यह संदेश देता है कि परिवर्तन और आत्मज्ञान के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकता है। सुमित गौड़ ने बताया कि वाल्मीकि जी की शिक्षा आज भी समाज को समानताए शिक्षा और सद्भाव की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है और कांग्रेस पार्टी सदैव ऐसे महान संतों और महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान सुमित गौड़ ने रामायण के प्रसंगों और महर्षि वाल्मीकि जी के चरित्र की व्याख्या करते हुए बताया कि कैसे उनके आदर्श आज भी समाज के हर वर्ग को मार्गदर्शन देते हैं इसलिए हम सभी को उनके आदर्शो को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती समारोह को सफल बनाया और सभी ने एकता व सद्भाव का संदेश दिया।

# ऑनलाइन फर्जी पेमेंट दिखाकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

● ठगी में प्रयोग किए गए खाते को करते थे ऑपरेट

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** सामान खरीदने के संबंध में ऑनलाइन फर्जी पेमेंट दिखाकर ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना बल्लबगढ़ की टीम ने खाता ऑपरेट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर-7 बी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी बल्लभगढ में मिठाई की दुकान है, 4 मई को उसके पास एक कॉल आया जिसने मिठाई का ऑर्डर दिया, जिसका पांच हजार रुपए का बिल बना था। जिस पर ठग ने शिकायतकर्ता के पास एक ऑनलाइन फर्जी पैमेंट का फोटो भेजकर कहा कि पैमेंट ज्यादा हो गई है बाकि के पैस वापिस भेज दे। जिस पर शिकायतकर्ता ने अपना बैलेंस चेक किये बगैर ठग के पास 63700 रूपए वापिस भेज दिये। बैलेंस चैक करने पर धोखाधडी बारे पता चला। जिस शिकायत पर साइबर थाना बल्लभगढ में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि साइबर थाना बल्लभगढ की टीम ने कार्रवाई करते हुए गौरव व विवेक निवासी गांव खंगारपुर जिला एटा उप्र को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी खाताधारक दीपक का खाता ऑपरेट करते थे और खाता में आये पैसों को आगे किसी दूसरे खाता में ट्रांसफर करते थे। गौरव व विवेक ग्रेजुएट और एक्सपोर्ट का काम करते है। खाताधारक दीपक को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों को माननीय अदालत में पेश कर 4 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

# रब जो चाहे वही तो होना है, आदमी खिलौना है

### मां तो मां होती है, मां सबकी एक जैसी होती है-मुंजाल

**उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली।** रब जो चाहे वही तो होना है, आदमी खिलौना है, बहन का दुनिया से चले जाने का दर्द, दिल में लिए हुए, अपनी लड़खडाती जुबां से शायद यही ब्यां करने की कोशिश कर रही हैं श्रीमति इंदिरा मुंजाल। गौरतलब है कि बीते वर्ष 04 अक्तूबर 2024 को श्रीमती चंद्रकांता मुंजाल अपनी संसारिक यात्रा पूरी कर भगवान के चरणों में विलीन हो गई थी। इसी कड़ी में शानिवार दिनांक 04 अक्तूबर 2025, दिन शनिवार को केयरिंग हैंडस सोशल वेलफेयर सोसायटी के बैनर तले रंगपुरी पहाड़ी, लाल मंदिर के पीछे, महिलपालपुर, नई दिल्ली स्थित अशोक साहनी फाउंडेशन में सोसायटी के सभी पदाधिकारियों सहित समस्त मुंजाल परिवार ने अपनी पुज्यनीय माता स्वर्गीय श्रीमति चंद्रकाता मुंजाल धर्मपत्नी राजकुमार मुंजाल के चरणों में सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद और स्नेह सदैव बना रहने की भगवान से प्रार्थना की, इस दौरान मुंजाल परिवार सहित मौके पर मौजूद सभी लोगों ने उनके चित्र पर फुलमाता व पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मिक शांति की कामना की। इस मौके पर अपनी मां को याद करते हुए विवेक मुंजाल ने कहा कि मां तो मां होती है, मां चाहे किसी की भी हो, मां सब की एक जैसी होती, मां के प्यार के आगे कोई प्यार नहीं है।



## समाचार

# तावडू में बिलासपुर मार्ग पर एमाजोन वेयर हाऊस के पास खड़े ट्रक हादसों को दे रहे न्यौता, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के बिलासपुर रोड पर स्थित एमाजोन वेयर हाऊस के बाहर सड़क किनारे दोनों ओर बडे-बडे ट्रक खडे होने से यातायात बाधित हो रहा है। वहीं दुर्घटना होने की पूरी आशंका बनी हुई है। लेकिन प्रशासन जानकर अंजान बना है। जिससे क्षेत्रवासियों में रोष पनप रहा है। क्षेत्रवासी नई अनाजमंडी में बाजरे की सरकारी खरीद सरकारी ऐजंसी नहीं खरीद पाई है। देवेन्द्र सिंह, राहुल, जमाल खान, नई अनाजमंडी में बाजरे की सरकारी खरीद सरकारी ऐजंसी नहीं खरीद पाई है। रोहताश, महेन्द्र कुमार, रोबिन, दिनेश कुमार, भगवान सिंह, सुनील कुमार, पोप सिंह, बिलाल, मनमोहन सिंह, बिजेन्द्र आदि ने बताया कि वह इस मार्ग से प्रतिदिन आते व जाते हैं। कुछ दिनों से एमाजोन वेयर हाऊस के सामने सड़क के दोनों तरफ बडे-बडे ट्रक खडे रहते हैं। जिससे दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। वेयर हाऊस से निकलने वाली गाड़ी दिखाई नहीं देती और सडक हादसा होने की नोबत बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है।

# तावडू में एम3एम फांउडेशन के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्त जांच शिविर में 180 लोगों ने कराई जांच

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के पटौदी रोड पर स्थित नट कलोनी में बुधवार को एम3एम फांउडेशन के तत्वाधान में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का लाभ लगभग 180 लोगों ने उठाया। शिविर को लेकर लोगों में भारी उत्साह दिखाई दिया। वहीं लोगों का कहना था कि एम3एम फाउंडेशन क्षेत्र की उन्नति के लिए विशेष कदम उठा रही है। एम3एम शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि कार्यकम कर क्षेत्र के युवाओं का उत्थान करने पर कार्य कर रहा है। शहर के पटौदी रोड पर स्थित रविदास मंदिर नट कॉलोनी में बुधवार को एम3एम फांउडेशन के स्टाफ ने बताया कि फाउंडेशन के तत्वाधान में पारस और आर्टिमिस हॉस्पिटल के डॉक्टरों के द्वारा नि:शुल्क खून की जांच 180 लोगों ने कराई। वहीं गुरूवार को अक्टूबर को नि:शुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि फांडेशन पिछले एक वर्ष से हर बुधवार को क्षेत्र में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कर रहा है। उसी कडी में आज भी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।



# देसी कट्टा सहित आरोपी को क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने किया गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी दौलत को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि क्राईम ब्रांच ऊंचा गांव की टीम ने दौलत निवासी गांव हसनपुर पलवल हाल सुभाष कॉलोनी फरीदाबाद को सेक्टर-62 आशियाना फ्लैट के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। जिसके खिलाफ थाना आदर्श नगर फरीदाबाद में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने देशी कट्टा किसी अंजान व्यक्ति से 3000 रूपए में खरीदा था। आरोपी नशा करने का आदी है और पूर्व में आपराधिक रिकॉर्ड है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर जेल भेजा गया है।



# गांव धौज में सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत 400 से अधिक लोगों को किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त फरीदाबाद सतेन्द्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग टीम द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गांव धौज में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सामुदायिक पुलिसिंग सेल की टीम ने उपस्थित ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। थाना प्रबंधक धौज निरीक्षक नरेश ने सभी उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा एक गंभीर बीमारी है, जिससे व्यक्ति, परिवार और समाज सभी प्रभावित होते हैं। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को मादक पदार्थ बेचने के संबंध में सूचना देने के लिये हेल्प लाइन नम्बर 1933 के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विडियो वैन के माध्यम से 400 से अधिक लोगों को नशा मुक्ति से संबंधित शैक्षणिक वीडियो दिखाए गए। कार्यक्रम के उपरांत टीम द्वारा गांव धौज में डोर-टू-डोर सर्वे कर नशा मुक्ति के प्रति लोगों को और अधिक जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम फरीदाबाद पुलिस के सेवा, सुरक्षा और सहयोग के सिद्धांत को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



# मिशन शक्ति के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में बच्चियों को उपहार और मिठाई वितरित



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मिशन शक्ति के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय सोनकपुर बिलारी में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ केक काटकर किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चियों को उपहार और मिठाई वितरित की गई। इस दौरान महिला कल्याण सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), वन स्टॉप सेंटर तथा चाइल्डलाइन की कार्य प्रणाली और उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और आपातकालीन सेवा 112 के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। बच्चियों को विस्तारपूर्वक बतायाया गया कि कैसे इस नंबरों के द्वारा सहायता ले सकती हैं। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर, केस वर्कर युक्ति पांडे, अंशु चतुर्वेदी होमगार्ड, अध्यापक, अध्यापिका, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

# अवैध खनन नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम स्थापित, निर्धारित नंबरों पर करें शिकायत

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** उपजिलाधिकारी बिलारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि वर्षा ऋतु की समाप्ति के उपरान्त माह अक्टूबर से मिट्टी खनन एवं परिवहन की गतिविधियां प्रारम्भ हो जाती है जिसके सम्बन्ध में कई बार अवैध खनन की शिकायतें प्राप्त होती रहती हैं। अवैध खनन पर पूर्ण एवं प्रभावी तरीके से रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनायी गयी है। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार की खनन अनुमतियों के धारक अनुमति के क्रम में खनन प्रारम्भ करने से पूर्व अनुमति की एक प्रति संबंधित पुलिस चौकी, एक प्रति संबंधित थाना एवं एक प्रति तहसील स्थित खनन कन्ट्रोल रुम में जमा करेंगे। संबंधित पुलिस चौकी इंचार्ज/हल्का प्रभारी अनुमति से संबंधित ग्राम लेखपाल व राजस्व निरीक्षक के साथ स्थलीय निरीक्षण कर अनुमति प्राप्त स्थान का जी.ओ. रिफरेन्स अपने पास सुरक्षित रखेंगे, संबंधित राजस्व निरीक्षक जी.ओ. रिफरेन्स्ड फोटो की एक प्रति खनन नियंत्रण कक्ष में रक्षित खनन अनुमति के साथ चस्पा करेंगे। अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम के लिए थानावार राजस्व कर्मियों सहित टास्क फोर्स गठित की गई है।

उपजिलाधिकारी बिलारी के साथ टीम सदस्य प्रभारी निरीक्षक थाना बिलारी, राजस्व निरीक्षक बिलारी व लेखपाल क्षेत्र बिलारी हैं। टीम प्रभारी अंकित गिरी तहसीलदार बिलारी के साथ टीम सदस्य प्रभारी निरीक्षक थाना कुन्दरकी/सोनकपुर, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक और क्षेत्रीय लेखपाल हैं एवं टीम प्रभारी विजय कुमार श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार श्योंडारा के साथ टीम सदस्य प्रभारी निरीक्षक थाना मैनाठेर/पाकबड़ा, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल हैं।

अवैध खनन में लिप्त भू-स्वामी एवं खननकर्ता के विरुद्ध नियमानुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के अन्तर्गत कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि कृषकों के व्यक्तिगत उपयोग के लिए 100 घन मीटर तक के आवेदन ही डीम्ड अनुमतियां हैं। इस तरह की अनुमतियों में भारी वाहन यथा जेसीबी, डम्पर आदि का प्रयोग वर्जित रहता है ऐसी अनुमतियों के धारक अपने ट्रैक्टर एवं ट्रालियों पर आवेदन की प्रतियों को चस्पा करेंगे। पुलिसध्प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा है कि ऐसे अनुमति धारकों को कदापि परेशान न किया जाये। ये अनुमति धारक भी प्रातः 06 बजे से शाम 06 बजे तक ही खननध्परिवहन की गतिविधियां कर सकते है। अवैध खनन से संबंधित शिकायत के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी बिलारी मो0 नं0 9454416874, तहसीलदार बिलारी मो0 नं0 9454416876, क्षेत्राधिकारी पुलिस बिलारी मो0 नं0 9454401544, प्रभारी निरीक्षक थाना बिलारी मो0 नं0 9454404034, प्रभारी निरीक्षक थाना कुन्दरकी मो0 नं0 9454404045, प्रभारी निरीक्षक थाना मैनाठेर मो0 नं0 9454404049, प्रभारी निरीक्षक थाना सोनकपुर मो0 नं0 9454404041 एवं प्रभारी निरीक्षक थाना पाकबड़ा मो0 नं0 9454404054 पर अवगत कराया जा सकता है। इसके अतिरिक्त अवैध खनन नियंत्रण कन्ट्रोल रुम के नम्बर .पर रोस्टर के अनुसार कार्मिकों की तैनाती की गई है जिससे भी अवैध खनन की शिकायत की जा सकती है।

# उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन की बैठक सम्पन्न

● रेलवे कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा



उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद। उत्तर रेलवे कर्मचारी यूनियन (यूआरकेयू) की बैठक रोडवेज स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। जिसमें रेलवे कर्मचारियों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं और मांगों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में भारतीय मजदूर रेलवे संघ के राष्ट्रीय मंत्री अशोक शुक्ला ने कहा की अब हमारा कर्मचारी उत्पीड़न सहन नहीं करेगा लेकिन उसके लिए हम सबको मैदान पर आकर कार्य करना पड़ेगा संघर्ष करना पड़ेगा। डी आर यू सी सी सदस्य डॉक्टर पवन कुमार जैन ने कहा कि हमको कंफर्टेबल जॉन से बाहर निकलना पड़ेगा, किसी भी यूनियन को चलाने के लिए संघर्ष तो करना ही पड़ेगा। बैठक में मुख्य रूप से यह मुद्दे सामने आये कि अन्य यूनियनों से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है तथा यूनियन बैठक कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु कर्मचारियों को छुट्टियाँ स्वीकृत नहीं की जा रहीं। इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की आवश्यकता जताई गई। साथ ही सरकार से समय पर मांगों को लागू करने की पुरजोर अपील की गई। जिनमें प्रमुख माँगें शामिल थी। ए.एल.के. का शीघ्र भुगतान, लंबे समय से लंबित पुरानी पेंशन योजना की बहाली, रनिंग स्टाफ को ओवरटाइम का भुगतान, मंडल के सभी बड़े स्टेशनों पर महिला कर्मचारियों हेतु अलग शौचालय और रेस्ट रूम की व्यवस्था। बैठक में उपस्थित सहायक मंडल मंत्री एवं भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादव ने कहा कि यदि कर्मचारियों की इन जायज मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो आंदोलनात्मक कदम उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर अशोक कुमार शुक्ला अखिल भारतीय मंत्री भारतीय मजदूर संघ एवं प्रभारी भारतीय रेलवे मजदूर संघ, उपाध्क्ष काली राजसिंह रेलवे प्रभारी उत्तर रेलवे यू आर के यू, मंडल अध्यक्ष जयकुमार, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष अजय कुमार, मंडल मंत्री शशिलेंद्र कुमार यादव, सहायक मंडल मंत्री सरमेंद्र कटारिया, बरेली शाखा मंत्री धर्मेन्द्र कुशवाह, हरिद्वार शाखा मंत्री मयंक त्यागी, मुरादाबाद के लोको शाखा मंत्री अजय कुमार, भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख अरुण गौड़, जिला कार्यकारी अध्यक्ष तरुण पाराशर, एम आर यूनियन के मनीष कुमार साहित्य सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समूहो की महिलाओं के साथ बैठक संपन्न



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** शहरी क्षेत्र में सक्रिय स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के आर्थिक रूप से सशक्तिकरण के दृष्टिगत जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान स्थानीय स्तर पर तैयार कराए गए उत्पादों की बिक्री को प्रोत्साहित करके हस्तशिल्पियों और कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के संबंध में शासन स्तर से निर्देश हैं। शहरी क्षेत्र में दिए, झालर, मोमबत्ती, अगरबत्ती आदि तैयार करने वाले स्वयं सहायता समूहों को विभिन्न कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्टॉल स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा ताकि यह समूह अपने उत्पादों की बिक्री कर सके तथा आर्थिक दृष्टिकोण से सशक्त बन सके। बैठक में एसडीएम सदर, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ ही चिन्हित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं भी मौजूद रहीं।

# समाचार

## बिना हेलमेट के मिल रहा पेट्रोल, नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रहीं धज्जियां



**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो पेट्रोल के बैनर पोस्टर तो लगे हुए हैं मगर नो हेलमेट नो पेट्रोल के इस स्लोगन का पेट्रोल पंपों पर कितना पालन किया जा रहा है इसका उदाहरण जनपद के कांठ थाना क्षेत्र में स्थित पेट्रोल पंप पर देखा जा सकता है। थाना कांठ क्षेत्र में स्थित एक पेट्रोल पंप पर सड़क सुरक्षा नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, थाना कांठ के पास स्थित इस पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट लगाए बाइक सवारों को बेखौफ तरीके से पेट्रोल दिया जा रहा है। जबकि शासन के सख्त निर्देश हैं कि बिना हेलमेट किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। वहीं जिला प्रशासन भी नो हेलमेट नो पेट्रोल के इस स्लोगन को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल पंप संचालक पेट्रोल ना दें, मगर इसके बावजूद कई पेट्रोल पंप संचालक प्रशासन के इस आदेश का खुलेआम उल्लंघन करते दिख रहे हैं।वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस थाने के निकट होने के बावजूद पंप संचालक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। इससे न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे पेट्रोल पंपों पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि हेलमेट न पहनने वालों पर अंकुश लग सके और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिले।

## बारिश से फसल नुकसान होने पर कृषक 72 घंटे के अन्दर दर्ज करें शिकायत

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत जनपद मुरादाबाद में कुल 18324 केसीसी कृषक बीमित है और 64 गैर ऋणी कृषक बीमित हैं। जनपद में गत दिनों से बारिश हो रही है इसमें धान, उर्द एवं बाजरा के नुकसान होने की संभावना है, जिन कृषकों के द्वारा फसल बीमा कराया गया है उनका फसल का नुकसान हुआ तो वे टोल फ्री नम्बर 14447 पर अपनी शिकायत दर्ज करें। इसके साथ ही कृषक अपना प्रार्थना पत्र 7065514447 पर भेज सकते हैं। इसके अतिरिक्त कृषक बंधु कृषि पोर्टल और हेल्पलाइन पर जाकर भी अपनी शिकायत स्वयं पोर्टल के माध्यम से कर सकते हैं। कृषक बंधुओं से विशेष अपील है कि फसल नुकसान होने के 72 घंटे के अन्दर अपना प्रार्थना पत्र बीमा कंपनीध्कृषि विभागध्बैंक शाखा को प्रेषित कर दें अन्यथा की स्थिति में बीमा दिया जाना संभव नहीं हो पाता है। जिन कृषकों का फसल नुकसान कटाई उपरान्त हुआ है और बेमौसमी बारिश के कारण क्षति हुई है साथ ही अगर वह कृषक बीमित हैं तो अपनी शिकायत दर्ज करायें।

## गर्भवती महिला के पेट मे घोंप दिया चाकू,गंभीर हालत मे हायर सेंटर रैफर

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर लेदा से एक बड़ा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है,जहां एक सिरफिरे पति ने अपनी गर्भवती पत्नी के पेट मे चाकू घोंप दिया,महिला की हालत बिगड़ने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है जहां उसका उपचार चल रहा है,बताया जा रहा है कि उस दौरान महिला के गर्भ मे पल रहे बच्चे की मौत हो गई,जबकि महिला जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। गर्भवती महिला का मायका जिला बिजनौर के रेहड़ का है,महिला के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए आरोपी पति सहित तीन लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने महिला के पिता की तहरीर के आधार पर मामले मे जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य विभाग मुरादाबाद में भ्रष्टाचार चरम पर , वर्षों से जमे अधिकारियों पर उठे सवाल

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** मुरादाबाद स्वास्थ्य विभाग एक बार फिर सवालों के घेरे में है। विभाग के कुछ अधिकारी वर्षों से एक ही जगह तैनात हैं और लंबे समय से स्थानांतरण न होने के कारण भ्रष्टाचार का जाल गहराता जा रहा है। जहां एक ओर स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर उनके क्लीनिक सील करता है, वहीं दूसरी ओर कुछ ही दिनों में वही क्लीनिक फिर से खुल जाते हैं। सूत्रों के अनुसार, सील हटवाने के लिए 2 लाख से ढाई लाख रुपये तक की मोटी रकम वसूली जाती है। खुला खेल द्द भ्रष्टाचार का रेट लिस्ट तैयार स्थानीय लोगों का आरोप है कि विभाग के अंदर हर काम का अलग रेट फिक्स है। लाइसेंस जारी करने से लेकर निरीक्षण रिपोर्ट तक और कार्रवाई रोकने से लेकर सील खोलने तक द्द सबके दाम तय कर रखे हैं। यही कारण है कि झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम कारोबार कर रहे हैं औरकार्यवाही केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। सरकार की छवि पर सवाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार जहां भ्रष्टाचार पर सख्त रवैया अपनाए हुए है, वहीं मुरादाबाद के स्वास्थ्य विभाग में इस तरह के खेल खुलेआम चलना न केवल सरकारी नीति पर प्रश्नचिन्ह है बल्कि जनता के स्वास्थ्य के साथ भी सीधा खिलवाड़ है। जनता की मांग द्द कड़ी कार्यवाही हो जनप्रतिनिधियों व आम लोगों की मांग है कि स्वास्थ्य विभाग में वर्षों से जमे अधिकारियों का तत्काल स्थानांतरण हो तथा इन पर उच्च स्तरीय जांच बैठाई जाए। साथ ही, सील हटाने के नाम पर होने वाली वसूली की स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जाए, ताकि विभाग में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम लग सके। अब देखने वाली बात होगी कि क्या योगी सरकार इस भ्रष्टाचार पर भी उसी तरह शिकंजा कसती है, जैसे अन्य विभागों में सख्त कार्यवाही कर रही है।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना क्षेत्र में दहेज की खातिर विवाहिता के साथ मारपीट ससुर पर छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ने तथा पति पर तलाक देने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र में एक गांव निवासी एक युवती की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व अब्दुल वहाब पुत्र अब्दुल गफ्फार निवासी मोहल्ला किड्डा वाला के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। लड़की के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार काफी दहेज भी दिया था परंतु उसके ससुराल वाले दिए हुए दहेज से खुश नहीं थे। शादी के कुछ समय तक तो मामला सब ठीक रहा। इसके बाद उसके ससुराल वालों ने दहेज की मांग को लेकर परेशान करना शुरू कर दिया। विवाहिता का पति अब्दुल वहाब, ससुर गफ्फार, सास रोशन, नंद व नंदोई उवेस निवासी अकबरपुर चौदरी ने उसे प्रताड़ित किया और ताने मारने लगे। कुछ लोगों ने समझौता करा दिया। 2 जुलाई को विवाहिता के ससुर गफ्फार ने उसे बुरी नीयत से दबोच कर छेड़छाड़ की। इसके बाद समझौता हो गया। विवाहिता का आरोप है कि 9 अगस्त को उसके ससुर ने कमरे में अकेली देखकर उसके साथ जबरदस्ती की और छेड़छाड़ कर कपड़े फाड़ दिए। शिकायत करने पर पति ने तीन बार तलाक कहकर रिश्ता खत्म कर दिया। विवाहिता ने अपने मायके वालों को साथ लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना कांठ पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधी धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# 09 से 18 अक्टूबर तक मुरादाबाद शहर स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित होगा स्वदेशी मेला

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी विभागों को विभागीय योजनाओं से आमजन को जोड़ने तथा व्यापक प्रचार प्रचार प्रचार के दृष्टिकोण से स्टॉल लगाने के लिए निर्देश जारी कर दिए हैं। 09 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक पंचायत भवन मुरादाबाद परिसर में उत्तर प्रदेश ट्रेड शो 2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेला आयोजित कराने के संबंध में शासन स्तर से निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा जारी निदेशों के अनुसार उद्योग विभाग, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, माटी कला बोर्ड, हथकरघा एवं वस्त्र उद्योग, रेशम विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, कृषि विभाग, स्वतः रोजगार, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, श्रम विभाग, पॉलिटेक्निक, कौशल विकास मिशन, चिकित्सा विभाग, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, उद्यान विभाग, आईटीआई, मत्स्य विभाग, खाद्य सुरक्षा, पशुपालन एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार ने बताया कि इस स्वदेशी मेले का उद्देश्य हस्त शिल्पियों, कारीगरों और उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर तैयार किए जा रहे उत्पादों एवं अन्य कारोबारी वस्तुओं का विपणन एवं दीपावली पर्व के अवसर पर आमजन मानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीदारी का अवसर प्रदान करना है।

# महिला ने लगाया अपने पति की हत्या का आरोप

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** लगभग 13 दिन पूर्व एक महिला के पति का शव सड़क किनारे पड़ा मिला था। महिला ने अपने प्रतिद्वंदियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देखकर कार्यवाही की मांग की है। थाना क्षेत्र के ग्राम फत्तेहपुर बिश्नोई निवासी शमीमा पत्नी भोलू का विवाद रास्ते को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति से चला आ रहा है। इस संबंध में न्यायालय में मुकदमा भी बिचाराधीन दिन है। विवाद को लेकर प्रतिद्वंदी पक्ष ने उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दी थी। शमीमा का पति भोलू एक स्कूल के पास ठेला लगाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता था। 26 9.2025 को रात्रि करीब 8.30 बजे वह अपना ठेला बंद कर घर आ गए थे। इसके उपरांत इसी दिन वह गांव में खेत पर पानी देने के लिए रुक गए। शमीमा के जेठ अचानक खेत पर गए तब रात्रि 9.20 बजे उन्होंने देखा कि सड़क के किनारे भोलू का मृत शरीर सड़क के किनारे पड़ा हुआ है। शमीमा ने अपने विपक्षियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर उनके विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

# करवा चौथ के त्योहार को लेकर बाजारों मे महिलाओं ने जमकर करी खरीदारी

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** बुधवार को नगर पंचायत पाकबड़ा क्षेत्र में करवा चौथ पर्व को लेकर बाजार में दिखाई दी काफी भीड़। महिलाओं ने जमकर की खरीदारी जैसे सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी, कपड़ों और सिंगार का सामान दुकानों पर सुबह से ही सभी बाजार भीड़ भाड़ का माहौल रहा,तो वहीं सभी दुकानदारों में सामान की बिक्री को लेकर उत्साह का माहोल देखने को मिला आने बाली 10 अक्टूबर को करवा चौथ का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस त्योहार पर सुहागिन महिलाएं अपने पति के लिए निर्जल उपवास रखती है इसके साथ ही महिलाएं शाम को सोलह श्रृंगार करती हैं।

पूरे दिन निर्जला व्रत रखकर शाम को चांद के दर्शन करने के बाद पूजा अर्चना कर है ओर अपने पति की लंबी आयु ओर सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हैं। । महिलाओं अपने सौंदर्य प्रसाधन,जैसे ज्वेलरी, कपड़ा, चूड़ी, बिछुए, बिंदी, कंगन आदि सामान की जमकर खरीदारी करती है। इसके साथ ही करवा चौथ पूजन से संबंधित मिट्टी का करवा, कैलेंडर आदि भी खरीद ती है सबसे ज्यादा भीड़ कस्बे के मीना बाजार में दिखाई दी। जहां महिलाओं ने अपने जरूरतमंद समान की खरीदारी की। नगर के बाजार में ई-रिक्शाओं और मोटर साइकिल के आवागमन से जाम की स्थिति बनी रही। जिससे बाजार खरीदारी करने आई महिलाएं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सभी बाजारों में यह खरीदारी का सिलसिला आगे दो दिन भी ऐसे ही चलता रहेगा,कस्बे का मुख्य बाजार जुम्मे रात का बाजार, केलसा रोड मार्किट, व नई बस्ती के कपड़ा मार्केट में भी जमकर खरीदारी हुई।

# महिला सुरक्षा पुलिस टीम ने पूर्व माध्यमिक स्कूल मे शिक्षिकाओं छात्र छात्राओं के साथ की गोष्ठी



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** महिला सुरक्षा टीम 13 द्वारा ग्राम असलेमपुर स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल मे शिक्षिकाओं छात्र छात्राओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान छात्र शिक्षिकाओं व छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, पीएम आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम, कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल रवि सैनी शामिल रहे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** बुधवार को विकासखंड छजलैट के ग्राम रायपुर खुर्द ऊर्फ स्योहारा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन विकास शर्मा जिला संयोजक गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा गौ पूजन एवं फीता काटकर किया गया उन्होंने किसानों को अवगत कराया कि राज्य सरकार द्वारा पशुपालन के संबंध में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है।

उनका किसान भरपूर फायदा उठाएं। चिकित्सा अधिकारी छजलैट के द्वारा पशुओं में होने वाली बांझपन चिकित्सा के निवारण, कृमि नाशक दवा पान, टीकाकरण एवं पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों के रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया गया। पशुधन प्रसाद अधिकारी संजीव कुमार शर्मा के द्वारा सरकार के द्वारा गौवंश संरक्षण व बछिया वाले वगीर्कृत वीर्य के उपयोग से नस्ल सुधार के संबंध में विस्तार से बताया गया। इसके अतिरिक्त पशुधन प्रसार अधिकारी खूट खेड़ा, पशुधन प्रसार अधिकारी सिरसा ठाट, त्रिवेद कुमार, धर्मपालसिंह पशु मित्र भुवनेश कुमार, केशव कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे। मेले में 240 पशुओं का पंजीकरण कर पशु चिकित्सा, ग्राम गर्भ परीक्षण, बधिया करण, टीकाकरण, कृमि नाशक दवा पान कराया गया।

# महिलाओं व बालिकाओं को किया उनके अधिकारों के प्रति जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत थाना .छजलैट क्षेत्र के ग्राम कुचावली में महिला सुरक्षा टीम थाना कांठ द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। बुधवार को मिशन शक्ति अभियान फेज द्द 5.0 के अंतर्गत ग्राम कुचावली में महिलाओं व बालिकाओं के साथ गोष्ठी की गई मिशन शक्ति केंद्र मिशन शक्ति साइबर हेल्प डेस्क को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कृषि कर भुगतान



योजना, कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए एवं महिलाओं को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- वूमेन पावर लाइन-1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन-181, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, स्वास्थ्य सेवा- 102, 108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर - 1076, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930 आदि के बारे में जागरूक किया। इस दौरान साइबर अपराध के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरण किए गए।

# 183 मरीजों को वितरित की निःशुल्क दवा

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** दिन में गर्मी और रात को ठंड का मौसम होने से वायरल बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।क्षेत्र के कई गांव में वायरल बुखार, खांसी, जुकाम के रोगियों की संख्या बढ़ने पर एसडीएम के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक ने ग्राम पचोकरा खानपुर में कैंप लगवा कर 183 मरीज का निशुल्क डेंगू, टाइफाइड, खांसी, जुकाम आदि लोगों का परीक्षण कराकर मरीज को निःशुल्क दवाइयां वितरित की। दिन में गर्मी और रात को ठंड होने से क्षेत्र में वायरल टाइफाइड बुखार तेजी से फैलने लगा है। उधर 5 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। ग्राम असगरीपुर पचोकरा खानपुर के लोगों ने एसडीएम संत दास पवार से गांव में बुखार और खांसी, जुकाम के मरीजों की संख्या बढ़ाने की बात कही थी जिसको गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह को ग्राम पचोकरा खानपुर में स्वास्थ्य कैंप लगाकर मरीजों को दवाइयां वितरण करने के निर्देश दिए थे। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह के निर्देश पर डॉ प्रशांत वर्मा, डॉक्टर राहुल यादव ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को साथ लेकर ग्राम पचोकरा खानपुर में कैंप लगाकर मरीज का निशुल्क जांच परीक्षण किया जिसमें बुखार के 53 मरीज, खांसी जुकाम के 23, खुजली के 22, टाइफाइड के 36, डेंगू के 42 एवं सात अन्य रोगों के आशंकित मरीज का परीक्षण कराया गया। कल 198 मरीज का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां स्वास्थ्य विभाग की टीम ने वितरण की। चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में गांव में भ्रमण पर हैं, जहां बुखार फैलने की शिकायत मिलती है। वहां तत्काल कैंप लगाकर मरीज को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

## गाली गलौंज व मारपीट को लेकर की शिकायत

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** मामला तहसील क्षेत्र के ग्राम किरतपुरी का है जहां जमीनी विवाद को लेकर आपस में गाली गलौंज व मारपीट हो गई। पीड़िता ने थाना छजलैट पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर उक्त सभी दबँगो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम किरतपुरी निवासी सरवती ने थाना छजलैट में प्रार्थना पत्र द्वारा अवगत कराया कि गांव के आधा दर्जन लोगों से मेरा जमीन का विवाद चल रहा है। उक्त सभी लोग आए दिन मेरे व मेरे बच्चों के साथ गाली-गलौंज व मारपीट करते रहते हैं। रात को किसी समय उक्त सभी हमें गंदी-गंदी गालियां देने लगे, मैंने मना किया तो मुझे व मेरे बच्चों को उक्त सभी ने लात-घूंसो व लाठी डंडों से मारना पीटना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर गांव वालों ने जैसे तैसे बचाया। मारपीट के दौरान मेरे व मेरे पुत्रों के शरीर पर गंभीर चोटे आई हैं। पीड़िता ने थाना छजलैट पहुंचकर उक्त सभी दबँगो के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# बिहार विधानसभा चुनाव : जीतनराम मांझी ने कविता के जरिए मांगी 15 सीटें

● माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इस कविता के जरिए अपनी पार्टी के लिए 15 सीटों की मांग की है



पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर पेंच फंसा दिख रहा है। सीटों को लेकर दोनों गठबंधनों में सबकुछ ठीक होने के दावे भले किए जा रहे हों, लेकिन सीटों की घोषणा अब तक नहीं हो पाई है। इस बीच, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर एक कविता शेयर की है। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इस कविता के जरिए अपनी पार्टी के लिए 15 सीटों की मांग की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हो न्याय अगर तो आधा दो, यदि उसमें भी कोई बाधा हो, तो दे दो केवल 15 ग्राम, रखो अपनी धरती तमाम, हम वही खुशी से खाएंगे, परिजन पे असी ना उठाएंगे। दरअसल, जीतनराम मांझी इससे पहले भी सम्मानजनक सीटों की मांग करते रहे हैं। इस बीच, उन्होंने कविता के जरिए सीटों की संख्या की ओर इशारा किया है। इससे पहले के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से मुलाकात की थी और कहा जाता है कि उस समय सीट बंटवारे को लेकर ही सभी नेताओं में चर्चा हुई थी। इससे पूर्व एनडीए में शामिल लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने भी इशारों ही इशारों में अपने पिता रामविलास पासवान के कथनों को उद्धृत करते हुए एक्स पर पोस्ट पर लिखा, पापा हमेशा कहा करते थे जुर्म करो मत, जुर्म सहो मत। जीना है तो मरना सीखो, कदम-कदम पर लड़ना सीखो। बता दें कि चुनाव आयोग ने छठ पूजा के बाद चुनाव की तारीखें तय की हैं। पहले चरण में बिहार में छह नवंबर को वोट डाले जाएंगे, जबकि दूसरे चरण का मतदान 11 नवंबर को होगा और मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। इससे पहले चुनाव आयोग की टीम के साथ बैठक में जदयू और राजद समेत कई राजनीतिक दलों ने चुनाव की तारीखें छठ पूजा के बाद रखने का आग्रह किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने जनता का विश्वास तोड़ा है : पायलट

अजमेर। राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा है कि सत्ता पर पिछले 11 वर्ष से काबिज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार ने जनता का विश्वास खो दिया है, वह लगातार जनता के साथ धोखा करती आ रही है। पायलट ने राजस्थान में अजमेर के सर्किट हाउस में पत्रकारों से कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अपराधों के साथ साथ राजनीतिक षडयंत्र भी रचे गए। उन्होंने खांसी की दवा से हो रही मौतों के मामले में भी राजस्थान में भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वह दवा लेने से ठीक होने के बजाए मौत की घटनाएं सरकार को विफल साबित कर रही हैं। पायलट ने बिहार चुनाव को लेकर कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर अभियान से बिहार की जनता का मन अब कांग्रेस को जिताने का बन गया है। बिहार में चुनाव की घोषणा पर उन्होंने चुनाव आयोग का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि देश में अब निष्पक्ष, निर्भीक और नैतिक मूल्यों के आधार पर मतदान करना होगा। फिलहाल देश में अराजकता का माहौल बन गया है। श्री पायलट ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के मुद्दे पर कहा कि पहले टैक्स बढ़ा दिया, बाद में उसमें से नाम मात्र का कम करके देश की जनता को गुमराह किया गया है।

### कई उग्रवादी और मादक पदार्थों के तस्कर गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों पुलिस ने राज्य भर में उग्रवादी तत्वों और मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ अपने अभियान तेज कर दिए हैं, जिसके चलते मंगलवार को कई गिरफ्तारियाँ हुई हैं। सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्वी जिले के पोरोम्पट पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कोंगपाल खैदेम लेइकाई से एक प्रतिबंधित समूह के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मोबाइल फोन जब्त किया गया। एक अलग अभियान में मणिपुर पुलिस ने जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल एक प्रतिबंधित संगठन के एक अन्य सक्रिय सदस्य को इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत क्वाकेथेल कोंगजेंग लेइकाई स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन और एक आधार कार्ड बरामद किया गया। उसी दिन पुलिस टीमों ने इंफाल पश्चिम जिले के सेकमाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत अवांग सेकमाई इलाके से 26.470 किलोग्राम प्रतिबंधित गांजा के साथ दो व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों की पहचान असम के कछार जिले के दक्षिण कचुदरम गाँव के रमजान अहमद लस्कर और उखरुल जिले के तेनेम गाँव के मिरिनशिंग लुंगहार के रूप में हुई है। सभी गिरफ्तार व्यक्तियों और जब्त की गई वस्तुओं को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित पुलिस थानों को सौंप दिया गया है।

### डोडा में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

डोडा। जम्मू-कश्मीर के डोडा में भूस्खलन के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि 2 लोग घायल हुए हैं। भूस्खलन की यह घटना डोडा जिले के बसवाल इलाके में हुई। फिलहाल, घायलों को इलाज के लिए गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) डोडा ले जाया गया है। जानकारी सामने आई कि यह घटना ढीली मिट्टी और हाल ही में खराब मौसम के कारण अचानक हुई। अचानक से पहाड़ दरकने लगा और तेजी से मलबा नीचे गिरा। इसी बीच, एक गाड़ी मलबे की चपेट में आ गई, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। भारतीय मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, अगले कुछ घंटों में डोडा और आसपास के इलाकों में बारिश जारी रह सकती है। पिछले दो दिनों से डोडा जिले में लगातार बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त हुआ। भारी बारिश के कारण जिले में तापमान में काफी गिरावट आई है, जबकि कई इलाकों में जलभराव और सड़कों पर फिसलन की स्थिति बनी हुई है। हालांकि, आपदा प्रबंधन टीमों को भी किसी अप्रिय घटना से निपटने के लिए अलर्ट पर रखा गया है। डोडा में मध्यम से भारी बारिश के बीच भद्रवाह, भलेसा और सिंथन टॉप जैसे ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई है।

## गुरु रामदास जी की जयंति पर सजा हरमंदिर साहिब, दर्शन के लिए पहुंचे लाखों श्रद्धालु

अमृतसर। बुधवार को सिखों के चौथे गुरु रामदास जी की 490वीं जयंती का पावन प्रकाश पर्व पूरे पंजाब में धूमधाम और पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालु सचखंड हरमंदिर साहिब में माथा टेकने के लिए पहुंच रहे हैं। लाखों की संख्या में श्रद्धालु सिर्फ देश से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी गुरु रामदास जी के पर्व पर गुरुद्वारों में आशीर्वाद लेने के लिए जा रहे हैं। पर्व को देखते हुए शिरोमणि कमेटी ने भी पर्याप्त इंतजाम किए हैं और सचखंड श्री दरबार साहिब को कई प्रकार के फूलों से सजाया गया है। भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधाओं का ध्यान भी रखा गया है। मान्यता है कि आज के दिन श्रद्धालु गुरुघर के पवित्र सरोवर में स्नान करके श्री गुरु रामदास जी के सामने माथा टेक कर आशीर्वाद लेते हैं। पवित्र सरोवर में स्नान करने से आत्मा शुद्ध हो जाती है। गुरुघर के सरोवर में स्नान के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी है। स्नान करने के लिए श्रद्धालुओं को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। इसके अलावा शाम को श्रद्धालु रहरस के पाठ और दीप माला करेंगे और एसजीपीसी की ओर से आतिशबाजी की जाएगी। गुरुघर में पर्व के मौके पर अखंड पाठ साहिब का पाठ भी रखा गया है। पर्व के मौके पर सचखंड दरबार साहिब, हरमंदिर साहिब, अकाल तख्त साहिब और गुरुद्वारा बाबा अटल राय साहिब को फूलों के साथ-साथ कीमती सोने और चांदी की चीजों से सजाया गया है। गुरुघर को लाइटों से सजा दिया गया है। श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बनती है। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक सभी पवित्र स्थानों में भक्त दर्शन करेंगे। श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है क्योंकि ऐसे पावन अवसर पर उन्हें गुरुघर आने का मौका मिला और हरमंदिर साहिब के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। श्रद्धालु जंगबहादुर सिंह ने कहा कि वे बहुत भाग्यशाली है कि उन्हें गुरुघर आने का मौका मिला और वे अपनी बाकी की जिंदगी गुरु रामदास जी की सेवा में बिताना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यहां जैसा सुकून किसी और दर पर नहीं है, यहां आए सभी लोगों पर गुरु अपनी कृपा करें और सभी लोग अपने बच्चों और घर के बड़े बुजुर्गों के साथ जरूर आएं।

## एनडीए में कोई नाराजगी नहीं, नेतृत्व और नीति तय : गिरिराज

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद दोनों गठबंधनों के बीच बयानबाजियों का दौर जारी है। इस बीच, केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता गिरिराज सिंह ने महागठबंधन के नेतृत्व तय नहीं होने को लेकर सवाल उठाया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि एनडीए में सीट बंटवारे को लेकर भी कोई नाराजगी नहीं है और इसकी जल्द घोषणा कर दी जाएगी।



केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि एनडीए के नेतृत्व का चेहरा नीतीश कुमार हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए चुनाव लड़ेगा। एनडीए में सब कुछ ठीक है; जल्द सीट बंटवारे को लेकर भी घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनमें कुछ भी तय नहीं हुआ है। कल ही कांग्रेस ने कहा कि तेजस्वी यादव राजद में मुख्यमंत्री के चेहरे होंगे, महागठबंधन के नहीं हैं। इसे लेकर राजद अध्यक्ष लालू यादव फ्रस्ट्रेशन में हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में नेतृत्व भी तय नहीं हुआ है जबकि एनडीए के नेतृत्व, नीति और नियत तय हैं। जल्द ही सारी चीजों की घोषणा होगी। एनडीए में सहयोगियों की नाराजगी को लेकर उन्होंने कहा कि कोई भी मनमुटाव नहीं है। जब उनसे लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान की नाराजगी की चर्चा को लेकर पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कोई गड़बड़ी नहीं है। दरअसल, दोनों गठबंधनों में सीट बंटवारे को लेकर बैठकों का दौर जारी है, लेकिन अब तक तस्वीर साफ नहीं है। इसको लेकर तरह-तरह की चचार्एं चल रही हैं। बता दें कि चुनाव आयोग ने सूयोर्पासना के महापर्व छठ पूजा के बाद चुनाव की तारीखें तय की हैं। पहले चरण में बिहार में छह नवंबर को 18 जिलों के 121 विधानसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे, जबकि दूसरे चरण में 20 जिलों की 122 विधानसभा सीटों पर 11 नवंबर को मतदान होगा। मतों की गिनती 14 नवंबर को होगी। इससे पहले चुनाव आयोग की टीम के साथ बैठक में जदयू और राजद समेत कई राजनीतिक दलों ने चुनाव की तारीखें छठ पूजा के बाद रखने का आग्रह किया था।

# बिहार से संबंधित नीतिगत निर्णयों के लिए केंद्र सरकार पर भी आचार संहिता लागू : निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को कहा कि बिहार से संबंधित घोषणाओं और नीतिगत निर्णयों के संबंध में आदर्श आचार संहिता के प्रावधान केंद्र सरकार पर भी लागू होते हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) द्वारा सोमवार को बिहार विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। राज्य में मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा और मतगणना 14 नवंबर को होगी। यहां जारी एक बयान में आयोग ने कहा, बिहार के लिए घोषणाओं/नीतिगत निर्णयों के संबंध में आदर्श आचार संहिता केंद्र सरकार पर भी लागू होगी। आयोग ने यह भी कहा कि नागरिकों की निजता का सम्मान किया जाना चाहिए और निजी आवासों के बाहर




कोई प्रदर्शन या भीड़ जमा नहीं होनी चाहिए। इसमें कहा गया है, भूमि, भवन या दीवारों का उपयोग मालिक की सहमति के बिना झंडे, बैनर या पोस्टर लगाने के लिए नहीं किया जाएगा। आयोग ने बिहार के मुख्य सचिव को सरकारी, सार्वजनिक और निजी संपत्तियों को विरूपित करने वाली सामग्री हटाने के संबंध में भी निर्देश जारी किए हैं। किसी भी राजनीतिक दल, उम्मीदवार या चुनाव से जुड़े किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सरकारी वाहन या सरकारी आवास का दुरुपयोग और सरकारी खजाने से विज्ञापन जारी करने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

## 10 जिलों में भारी बारिश का अनुमान, मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह

चेन्नई। भारतीय मौसम विभाग ने तमिलनाडु के 10 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही, कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप के तटीय इलाकों में तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है। आईएमडी के ताजा बुलेटिन के अनुसार, बुधवार को नीलगिरी, कोयंबटूर, थेनी, डिंडीगुल, इरोड, कृष्णागिरी, धर्मपुरी, सलेम, नमक्कल और तिरुपत्तूर जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है। इन इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने और पानी भरे इलाकों से दूर रहने की अपील की गई है, क्योंकि तेज बारिश के साथ आंधी और तेज हवाएं चलने की भी संभावना है।
चेन्नई में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं और शहर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा की योजना सोच-समझकर बनाएं, क्योंकि अचानक बारिश से ट्रैफिक जाम और जलभराव जैसी परेशानियां हो सकती हैं।
आईएमडी ने बताया है कि अगले 24 घंटों में तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में दिन का तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक कम हो सकता है। बादल छाए रहने और नमी भरी हवाओं के कारण तापमान सामान्य से थोड़ा नीचे रहने की उम्मीद है। पश्चिमी तट पर



● चेन्नई में आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते हैं और शहर के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है

हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है, जो कभी-कभी 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने मछुआरों को खास तौर पर चेतावनी दी है कि वे कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप के तटीय इलाकों में समुद्र में न जाएं, क्योंकि ऊंची लहरें और तेज समुद्री धाराएं स्थिति को खतरनाक बना सकती हैं।
अधिकारियों को सतर्क रहने और उन जिलों में तैयारी रखने के लिए कहा गया है जहां जलभराव, पेड़ों के गिरने और बिजली बाधित होने की संभावना है। नीलगिरी और पश्चिमी घाट के इलाकों में आपदा प्रबंधन टीमों को भूस्खलन की आशंका को देखते हुए पहाड़ी क्षेत्रों पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खुले में रखे सामान को सुरक्षित रखें, भारी बारिश के दौरान जरूरी न हो तो बाहर न निकलें और जरूरी चीजें पहले से तैयार रखें। जो लोग नदियों या नालों के पास रहते हैं, उन्हें पानी के स्तर में अचानक बढ़ोतरी पर ध्यान देना चाहिए।
पश्चिमी और अंदरूनी तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में बारिश का दौर कम से कम अगले 24 घंटे तक जारी रहने की संभावना है। अधिकारियों ने कहा है कि अगर स्थिति बिगड़ती है, तो बारिश से जुड़ी और जानकारी दी जाएगी। यात्रियों और मछुआरों से कहा गया है कि वे आईएमडी और स्थानीय आपदा प्रबंधन टीमों की ताजा खबरों पर ध्यान रखें।

## दौड़ते हुए घोड़े व उगते हुए सूर्य का चित्र लगाने से कभी भी भाग्य नहीं चमकता : पं. धीरेंद्र शास्त्री

● पं. धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा : चौथे दिन प्रेत राज सरकार का लगा दिव्य दरबार

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के दही हांडी उत्सव स्थल गुढ़ियारी में जारी बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा के चौथे दिन यानी सात अक्टूबर मंगलवार को प्रेत राज सरकार का दिव्य दरबार लगाया गया। जहां कई लोगों को भूत-प्रेतों से मुक्ति के उपाए किए गए। वहीं पं. धीरेंद्र शास्त्री ने पर्चा के माध्यम से लोगों की समस्याएं व निदान बताया। इसके पूर्व पं. धीरेंद्र शास्त्री ने मंगलवार की सुबह 250 से अधिक लोगों को दीक्षा देते हुए गुरु मंत्र दिया। बीती देर शाम कथा में पहुंचे रामनामी समाज के लोगों ने पंडित शास्त्री जी को मोर व राम नाम से लिखे मुकुट पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समाजसेवी चंदन -बसंत अग्रवाल के साथ स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन के सदस्यगण उपस्थित थे। पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने श्रोताओं से कहा कि, दौड़ते हुए घोड़े, उगते हुए सूर्य का चित्र लगाने से कभी भी भाग्य नहीं चमकता है, सूर्य उदय के पहले जागना पड़ता है और घोड़ों की तरह दौड़ना पड़ता है। हम केवल तुम्हें रास्ता दे सकते हैं चलना तो तुमको ही पड़ेगा। पं. शास्त्री ने आगे कहा कि, सफलता पाने के लिए बातों से नहीं रातों से लड़ना पड़ता है, इसके लिए आलस को त्यागना, अभिमान, सुख को त्यागना पड़ता है। बेटा-बेटी वो महान नहीं है जो माता-पिता के नाम से जाने जाए, बेटा और बेटी तो वो महान है जिनके नाम से माता-पिता को जाना जाए। उन्होंने आगे कहा कि, हमें हनुमान जी ने शक्ति अमीरों के पर्चा बनाने के लिए नहीं, जिनका कोई नहीं है उनकी अर्जी लगाने के लिए दी है। हम अमीरों के विरोधी नहीं है, उनसे मिलते हैं। अब तो धाम पर नियम कर दिया है कि अब वीआईपी, वीवीआईपी प्रोटोकॉल लगा के आओगे तो दर्शन भी नहीं मिलेंगे, मिलना तो दूर की बात है, आप भक्त बनकर आओगे तो ही मिलोगे। ज्यादा कथा इसलिए हम कर रहे है कि बागेश्वरधाम पर अस्पताल बन सकें। लोग कहते थे कि मंदिरों से किसको फायदा है, मैं कहता हूं कि बागेश्वरधाम की दान पेटी पहली दान पेटी है जहां पर गरीब बेटियों का तो घर बसता ही है और कथा में मिलने वाली दक्षिणा से अस्पताल का निर्माण भी हो रहा है। भजन गायक राधेश्याम ने स्वागत भजन की प्रस्तुति की। इसके बाद धरसींवा विधायक और छालीवुड अभिनेता अनुज ने भी भजन की प्रस्तुति दी। कथा समाप्ति के बाद 10 साल के यस कटारिया ने भी अपनी भजन की प्रस्तुति देते हुए सजा दो घर की गुलशन इतना सा बागेश्वर बाबा बधारे है.. भजन गाए तो पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूमने और नाचने लगे। चौथे दिन की कथा में समाजसेवी चंदन -बसंत अग्रवाल, अखिल भारतीय अधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजेन्द्र जी, सह प्रान्त प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त नारायण नामदेव, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा, महापौर मीनल चौबे रायपुर, महेश साकेत प्रान्त संगठन मंत्री विद्यार्थी परिषद, अनुज शर्मा विधायक धरसींवा, ईश्वर साहू विधायक साजा, हनुमान मंदिर के ट्रस्टीगण विजय अग्रवाल और शैलेश दुग्गड़, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव सहति अन्य पदाधिकारी व आमजन मौजूद रहे।




## सीकर के श्रीमाधोपुर के नजदीक मालगाड़ी पटरी से उतरी

जयपुर। सीकर जिले में श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंगलवार देर रात एक मालगाड़ी के 38 डिब्बे पटरी से उतर गए। फुलेरा से रवाना होकर रेवाड़ी की ओर जा रही इस मालगाड़ी में चावल लदा था। हादसे के बाद रेल मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। रेलवे कर्मचारी यातायात सुचारु करने के लिए जुटे हुए हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल रेल प्रबंधक रवि जैन ने बताया कि यह घटना श्रीमाधोपुर रेलवे स्टेशन के नजदीक बी केबिन क्षेत्र में हुई। मंगलवार देर रात यहां फुलेरा से रेवाड़ी जा रही मालगाड़ी को मेन लाइन से लूप लाइन पर लेते समय अचानक एक डिब्बा पटरी से उतर गया, जिससे पीछे के लगभग अड़तीस डिब्बे एक के बाद एक पटरी से उतर गए। हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे के उच्च अधिकारी और तकनीकी टीम मौके पर पहुंच गई। रेलवे कर्मचारियों ने क्रेन और भारी मशीनों की मदद से पटरी से उतरे डिब्बों को हटाने का प्रयास किया। फिलहाल किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। रेलवे ने जांच के आदेश दे दिए हैं। इस हादसे के चलते रींगस-श्रीमाधोपुर कॉरिडोर पर रेल यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है। कई ट्रेनों का संचालन रोक दिया गया है और कुछ को वैकल्पिक मार्ग से डायवर्ट किया गया है। ये हादसा मालगाड़ी ट्रैक पर हुआ। यह ट्रैक पैसेंजर ट्रेनों के ट्रैक से अलग होता है। इस वजह से कोई भी पैसेंजर ट्रेन प्रभावित नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजस्थान में मालगाड़ी के पटरी से उतरने की ये दूसरी घटना सामने आई है। सुबह बीकानेर मंडल के गजनेर-कोलायत स्टेशनों के बीच बीकानेर से जैसलमेर की ओर जा रही एक मालगाड़ी करीब 7 बजे पटरी से उतर गई। मालगाड़ी के सैंतीस डिब्बे पटरी से उतरे थे। घटना के बाद दो ट्रेनों को रद्द किया गया था।

## उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक-2025 ‘असवैधानिक’ : कांग्रेस

देहरादून। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम की जगह लेने वाले अल्पसंख्यक शिक्षा विधेयक–2025 को ‘असंवैधानिक’ बताते हुए कांग्रेस ने बुधवार को राज्य की भाजपा सरकार पर इसे केवल अपने ‘धार्मिक ध्रुवीकरण के एजेंडे के तहत’ लाने का आरोप लगाया और कहा कि इसका अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा में सुधार से कोई लेना–देना नहीं है।
इस वर्ष अगस्त में इस विधेयक को पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल की मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में हुए राज्य विधानसभा सत्र के दौरान इसे पारित किया गया था। इस विधेयक को सोमवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त) ने अपनी स्वीकृति दे दी है जिसकी अधिसूचना जारी होने के बाद यह कानून के रूप में प्रदेश में लागू हो जाएगा। कांग्रेस की उत्तराखंड इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (संगठन) सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि यह कानून असंवैधानिक है और भारतीय संविधान की धारा 25 और 26 का खुला उल्लंघन है। उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर अदालत में इसे चुनौती दी गई तो सरकार को इस मुद्दे पर मुंह की खानी पड़ेगी।
उन्होंने आरोप लगाया, धामी सरकार यह कानून केवल अपने धार्मिक ध्रुवीकरण के एजेंडे के तहत लाई है और इसका राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा में सुधार या शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दृष्टि से कोई लेना–देना नहीं है। नए कानून के तहत अल्पसंख्यक समुदायों के सभी शिक्षण संस्थानों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड से संबद्धता लेने की बाध्यता पर भी सवाल उठाते हुए धस्माना ने कहा कि इन संस्थानों का संचालन राज्य सरकार के शिक्षा विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने तथा सोसायटी ऑफ रजिस्ट्रेशन कानून का पालन करने के बाद ही किया जाता है लेकिन उन्हें यह तय करने की आजादी होती है कि वे अपने संस्थान की किस बोर्ड से संबद्धता लें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सिख संस्थाओं तथा ईसाई मिशनरियों के अनेक स्कूल सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड या अंतराष्ट्रीय बोर्डों से संबद्धता रखते हैं तो ऐसे में राज्य सरकार किसी अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान को उत्तराखंड बोर्ड की संबद्धता लेने के लिए कैसे बाध्य कर सकती है। धस्माना ने आरोप लगाया, सरकार की मंशा किसी अल्पसंख्यक वर्ग के शैक्षणिक उत्थान की नहीं बल्कि केवल मुस्लिम अल्पसंख्यक समुदाय के मदरसों को निशाना बना कर धार्मिक ध्रुवीकरण की राजनीति करने की है। उन्होंने कहा कि राज्य में संचालित होने वाले मदरसों के पंजीकरण व संचालन के लिए सरकार के पहले से ही नियम व कानून हैं किन्तु अगर कोई उनका पालन नहीं कर रहा तो उसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार के अधीन कार्यरत मदरसा बोर्ड की है और इसके लिए नियमानुसार चल रहे मदरसों को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

**मौसम विभाग** माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया

# जम्मू में वैष्णो देवी यात्रा तीन दिन के बाद बहाल

● उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई



जम्मू। जम्मू-कश्मीर में खराब मौसम के कारण तीन दिनों तक स्थगित रहने के बाद श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा आज फिर से बहाल हो गयी।
अधिकारियों ने बताया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बाद रोकी गयी यात्रा बुधवार सुबह फिर से शुरू हो गयी। माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने भी एक्स पर पोस्ट किया, जैसा कि पहले ही सूचित किया जा चुका है, सभी यात्रा पंजीकरण काउंटर 08 अक्टूबर, 2025 को सुबह 6:00 बजे से चालू रहेंगे। पोस्ट में आगे लिखा गया, श्रद्धालुओं को सलाह दी जाती है कि वे आगे की जानकारी के लिए आधिकारिक संचार माध्यमों के माध्यम से अपडेट रहें। मौसम विभाग द्वारा पांच से सात अक्टूबर तक जारी खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा तीन दिनों के लिए स्थगित रही। इस बीच मौसम में सुधार होने पर हेलीकॉप्टर सेवा भी सुचारू रूप से जारी है।
श्री माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिश के कारण 26 अगस्त को स्थगित कर दी गयी थी। उल्लेखनीय है कि 26 अगस्त को अर्धकुंवारी स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर तीर्थयात्री थे और कई घायल हो गए। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल एवं श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने भूस्खलन के कारणों की जाँच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

